आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 17°C |

इनसाइड न्यूज

अनुसूचित जनजातियों के चौमुखी विकास के लिए आगे बढ़ी योगी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 14 नवंबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 33

www.janexpresslive.com/epaper



सीआईएसएफ की महिला बटालियन... 12

## एक्सप्रेस खबरें...

### भूमि की पैमाइश में लापरवाही पर एक आईएएस और तीन पीसीएस निलंबित, सरकार ने लिया सख्त फैसला

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने लखीमपुर खीरी में खेत की पैमाइश लटकाए रखने पर एक आईएएस और तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वर्तमान में वे अलग-अलग जिलों में तैनात थे। इन तीनों अधिकारियों को राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया गया है। शासन ने आईएएस अधिकारी व अपर आयुक्त लखनऊ मंडल धनश्याम सिंह को निलंबित कर दिया है। पीसीएस अधिकारियों में बाराबंकी के एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह, झांसी के नगर मजिस्ट्रेट विधेश सिंह, बुलंदशहर की एसडीएम रेनु को निलंबित किया गया है। इन चारों अधिकारियों ने लखीमपुर खीरी में अपनी तैनाती के दौरान पैमाइश के मामलों में टालमटोल की।

### उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर: केशव

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार कानपुर देहात के अखण्ड परमधाम नंदिनी गौशाला सेवा समिति, मुक्तानगर, मूसानगर कानपुर देहात में 32वें भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन श्रीमद्भागवत कथा और शतचंडी महायज्ञ एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में सरकार की उपलब्धियों व सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश एवं प्रदेश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं व लोगों के जीवनस्तर में गुणात्मक सुधार हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत के संकल्प को लेकर लगातार आगे बढ़ रही है।

### कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 6.71 करोड़ मंजूर

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर हेतु प्राविधानित धनराशि 780 लाख में से अवशेष धनराशि 650 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्त 216.66 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ की स्थापना हेतु प्राविधानित धनराशि 700 के सापेक्ष अवशेष धनराशि 583.34 लाख में से द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि 194.44 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से संचालित योजना के मद में धनराशि 700 के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में 194.44 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

### अवैध खनन रोकने पहुंची जिला खनन अधिकारी संग छेड़छाड़, धक्का दिया, मोबाइल भी तोड़ा, केस दर्ज का आदेश

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** रामकोट थाना क्षेत्र के धनईखेड़ा गांव में जिला खान अधिकारी के साथ बीती 6 नवंबर को अवैध खननकर्ताओं ने जमकर अभद्रता की। डीएम अभिषेक आनंद के आदेश पर रामकोट पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों व एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध मंगलवार रात केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जिला खान अधिकारी की तहरीर के मुताबिक बीती 6 नवंबर को रात एक बजे उन्हें धनईखेड़ा में अवैध खनन की सूचना मिली। वह मौके पर हमराही होमगार्ड राधेलाल और महेंद्र सिंह के साथ आईं।

# सीएम योगी का तंज: ड्राइविंग सीट पर बैठने के लिए महाअघाड़ी में छीना झपटी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनाने वाली भाजपा के लिए महाराष्ट्रवासियों से मांगा समर्थन

- कांग्रेस की चार पीढ़ियां भी नहीं समाप्त कर सकती धारा-370: सीएम योगी
- मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पर चलकर देश की क्षति करना चाहते हैं महाअनाड़ी गठबंधन के लोग: योगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। थाणे**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को भी महाराष्ट्र दौरे पर रहे। उन्होंने एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने वाली भाजपा के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगते हुए महायुति व महाअघाड़ी गठबंधन के फर्क को समझाया। बोले कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना-शिंदे गुट, एनसीपी- अजीत पवार गुट) मिलकर महाराष्ट्र के विकास के लिए कार्य कर रहा है, जबकि महाअघाड़ी के पास ऐसी गाड़ी है, जिसमें स्टेयरिंग नहीं है। उस गाड़ी के टायर भी गायब हो गए हैं। ड्राइविंग सीट पर बैठने के लिए आपस में छीनाझपटी हो रही है। कांग्रेस के नेतृत्व में समाज व राष्ट्रदोही तत्वों को गले का हार बनाने वाले महाअनाड़ी गठबंधन के पास न नीति है और न ही देश को आगे बढ़ाने की नीयत। इनके पास नैतिक बल भी नहीं है। अनैतिक अनाड़ी गठबंधन के रूप में महाअघाड़ी चुनावी समर में है। यह लोग मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पर चलकर देश की क्षति करना चाहते हैं। सीएम योगी ने बुधवार को कारंजा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती सईप्रकाश डहाके, वाशिम विधानसभा से प्रत्याशी श्याम रामचरण खोड़े, उल्हासनगर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी ने कुमार उत्तम चंद आयलानी, मीरा भाईंदर से उम्मीदवार नरेंद्र लालचंद जी मेहता, ओवला माजीवाड़ा से शिवसेना शिंदे गुट के प्रताप सरनाइक के लिए जनसभा की। पीएम मोदी के नेतृत्व में गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज, हर घर नल, पीएम आवास, आयुष्मान भारत, नौजवानों के रोजगार की योजना चलाई जा रही है। लाडली बहना योजना के माध्यम से हर महिला के खाते में हर महीने 2100 रुपये देने की व्यवस्था की गई है तो वहीं महाअघाड़ी ने कोरोना जैसी बीमारी के दौरान भी कुछ नहीं किया।

### देश विरोधी तत्वों द्वारा बंजारा समुदाय को गुमराह करने का प्रयास नहीं होगा सफल

सीएम योगी ने कहा कि बंजारा समुदाय कभी अस्तित्व के लिए जूझ रहा था, लेकिन आज उसे शासन की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। भाजपा सरकार ने यहां के बाबू सिंह महाराज को एमएलसी बनाया है। जो देश विरोधी तत्व बंजारा समुदाय का धर्मांतरण करके उन्हें गुमराह करने का प्रयास कर रहे थे, वे अब सफल नहीं हो पाएंगे।

### कांग्रेस की चार पीढ़ियां भी कश्मीर में धारा-370 लागू नहीं कर सकती

सीएम योगी ने कहा कि 2014 के पहले पाकिस्तान भारत में घुसपैठ करता था। हम लोग कार्रवाई की मांग करते थे तो कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार कहती थी कि बोलिए मत, संबंध खराब हो जाएगा। हमने 10 वर्ष में बदलते भारत को देखा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में बदलता भारत अपने सीमा की सुरक्षा करना जानता है। भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि आतंकवाद की जड़ धारा-370 अब समाप्त हो गई। कांग्रेस फड़क रही कि इसे फिर से लागू किया जाए, लेकिन पीएम मोदी जी ने कह दिया है कि कांग्रेस की चार पीढ़ियां भी कश्मीर में धारा-370 लागू नहीं कर सकती।

### एक क्लिक पर मिलेगी प्रदेश की धार्मिक, आध्यात्मिक विरासत की जानकारी, शुरू हुआ टूरिज्म एप

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

पर्यटन विभाग ने देश-विदेश से भ्रमण के लिए आने वाले व स्थानीय पर्यटकों के लिए प्रदेश की सभी जानकारी एक जगह उपलब्ध कराने के लिए यूपी टूरिज्म मोबाइल एप शुरू किया है। इसके माध्यम से एक क्लिक पर प्रदेश के धार्मिक-अध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी पर्यटक ले सकेंगे। उन्हें छोटी-छोटी सूचनाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। एप पर लखनऊ, अयोध्या, काशी, मथुरा, झांसी, गोरखपुर आदि शहरों के छोटे-बड़े पर्यटन स्थलों की सूचनाएं हैं। साथ ही प्रदेश में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्व-त्योहार, उत्सवों जैसे-देव दीपावली, दीपोत्सव, रंगोत्सव, कुंभ-महाकुंभ, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आदि की जानकारी भी है। यहां यूपीएसटीडीसी द्वारा भ्रमण के लिए तैयार विशेष भ्रमण पैकेज की जानकारी के साथ ही बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। एप से ही होटल, होम-स्टे, पेइंग गेस्ट, एएसआई साइट, ट्रेन, बस और फ्लाइट की बुकिंग की जा सकती है। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश में विश्वस्तरीय धार्मिक, ऐतिहासिक आदि पर्यटन स्थल हैं।

## बुलडोजर एक्शन: अफसर जज नहीं बन सकते: सुप्रीम कोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

घर सबका सपना होता है, ये बरसों का संघर्ष है और सम्मान की निशानी। अगर घर गिराया जाता है तो अधिकारी को साबित करना होगा कि यही आखिरी रास्ता था। अफसर खुद जज नहीं बन सकते। बुलडोजर एक्शन पर फैसला सुनाते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह कमेंट किया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने बुलडोजर एक्शन पर पूरे देश के लिए 15 गाइडलाइन जारी कीं। अदालत ने कहा कि अगर घर गिराने का फैसला ले लिया गया है तो 15 दिन का समय दिया जाए। घर गिराने की कार्रवाई की वीडियोग्राफी जरूरी है। अगर कोई अफसर गाइडलाइन का उल्लंघन करता है तो वो अपने खर्च पर दोबारा प्रॉपर्टी का निर्माण कराएगा और मुआवजा भी देगा। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में लगातार बुलडोजर एक्शन के बाद जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी।

## नरेश मीणा के गिरफ्तार होते ही भड़की हिंसा, कई जगह पत्थरबाजी और आगजनी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टोंक।** समरावता में पुलिस द्वारा नरेश मीणा को हिरासत में लेने के बाद हालात बेकाबू हो गए हैं। उनके समर्थकों ने आगजनी कर पुलिस पर पथराव किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पुलिस ने स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठीचार्ज किया और हवाई फायरिंग भी की। जानकारी के मुताबिक, नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौके पर इकट्ठा हो गए। भीड़ ने 12 से ज्यादा गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया और पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। इस हिंसा में कई लोगों के घायल होने और उनके सिर से खून बहने की भी सूचना है। भीड़ के बेकाबू होने के बाद पुलिस द्वारा स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और अधिकारी भी पहुंच गए हैं। अभी तक हिंसा जारी है, और प्रशासन स्थिति को शांत करने के प्रयासों में जुटा हुआ है। बुधवार को दोपहर मतदान के दौरान देवलीउरियाना सीट से निर्दलयी चुनाव लड़ रहे नरेश मीणा और एसडीएम में बहस हो गई। इस दौरान नरेश मीणा अपना आपा खो बैठे। उन्होंने मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ जड़ दिया। घटना के बाद से ही समरावता गांव छावनी बना हुआ है।

# अब तो जागो सरकार! मरीजों की जान से कब तक होता रहेगा खिलवाड़

- लाइसेंस न डिग्री, फिर भी हजारों की तादात में प्रदेश में चल रहे अस्पताल, झोलाछापों की भरमार

**जन एक्सप्रेस। संतोष कुमार दीक्षित**




**राज्य मुख्यालय।** प्रदेश में भले ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है और सरकार स्वास्थ्य महकमे की पीठ भी थपथपा रही है, लेकिन निजी क्षेत्र के फर्जी अस्पतालों और झोलाछापों की मनमानी पर लगाम लगाने में फेल है। यही कारण है कि राजधानी समेत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में फर्जी अस्पताल और नकली दवाओं का कारोबार फल-फूल रहा है। अकेले राजधानी लखनऊ में ही 100 से अधिक ऐसे अस्पताल हैं, जो बिना लाइसेंस संचालित रहे हैं, यहां मानकों को ताक पर रखकर मरीजों का इलाज किया जाता है और मनमाने ढ़ग से तीमारदारों से रुपए भी ऐंठे जाते हैं। इतना ही नहीं इन अस्पतालों में ऐसी दवाएं भी खपाई जाती हैं जो मानक के पैमाने पर खरी नहीं उतरती है। सरकार की नाक के नीचे अगर ऐसी स्थिति है तो फिर प्रदेश के अन्य जिलों के क्या हाल होंगे..। आंकड़ों की मानों तो प्रदेश में करीब पांच हजार ऐसे अस्पताल हैं जो मानक विहीन संचालित होने के साथ ही यहां कार्यरत अधिकतर मेडिकल स्टाफ अनट्रेंड है। क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत नर्सिंग होम,क्लीनिक, पैथोलॉजी, एक्सरे सेंटर, अल्ट्रासाउंड केंद्र का पंजीयन मानकों के अनुसार कराना अनिवार्य है, मगर ये अस्पताल मानक पर खरे नहीं उतरते हैं।

### जौनपुर में करीब 200 अस्पताल और नर्सिंग होम मानक विहीन संचालित

जौनपुर जिले में करीब 200 अस्पताल और नर्सिंग होम्स ऐसे हैं, जहां मानकों को ताक पर रखकर मरीजों का इलाज किया जाता है। वहीं लाइसेंस लैप्स होने के बाद भी अस्पतालों में इलाज जारी है। प्रदेश के लगभग एक तिहाई अस्पतालों के पास तो फायर एनओसी तक नहीं है।

### आजमगढ़ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था सेवाएं स्ट्रेचर पर

आजमगढ़ के हालात और भी खराब हैं, यहां कई ऐसे अस्पताल हैं, जिन्हें मानक विहीन संचालित पाए जाने पर सील कर दिया गया, लेकिन चंद दिनों में सांठगांठ करके फिर से संचालित हो जाते हैं। ताजा उदाहरण लालगंज तहसील आर्या हॉस्पिटल का है। जिसके एक माह पहले सील कर दिया गया था, लेकिन वह फिर से संचालित होता मिला। जनपद के हालात ये हैं कि यहां बीते दो महीने में करीब 24 अवैध नर्सिंग होम सीज किए जा चुके हैं, लेकिन फिर से जुगाड़ लगाकर संचालित हो जाते हैं।

### वाराणसी जिले में झोलाछाप के साथ 311 हास्पिटल मौत को दे रहे दावत

सूत्रों की मानें तो वाराणसी जैसे धार्मिक शहर में भी लोगों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। झोलाछाप और फर्जी क्लिनिक संचालक शहर से लेकर गांव तक अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए जगह-जगह अस्पताल खोलकर लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है। बीते साल यहां 311 ऐसे अस्पताल मिले थे, जिनके कागजात कंप्लीट नहीं है और यहां मरीजों का इलाज जारी था। यही स्थिति सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी और अम्बेडकर नगर की है यहां भी सैकड़ों अस्पताल मानक विहीन संचालित हैं।

डिग्री लेकर धड़ेल्ले से मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर लाखों रुपये ऐंठ रहे हैं। यही हाल प्रदेश के वाले मरीजों का इलाज कर रहे हैं। सरकार को अभियान चलाकर इन पर कार्रवाई करनी चाहिए।

### फेक एमडी, एमएस की डिग्री वाले डॉक्टर कर रहे इलाज़

प्रदेश की राजधानी में स्वास्थ्य क्षेत्र में फर्जी डिग्री, नकली दवाएं, मानक के विपरीत आईसीयू, ओ.टी, अनट्रेंड्स स्टाफ और कुछ को छोड़कर तमाम बीमारियों के जांच केंद्र पैथालॉजी भी संदेह के दायरे में हैं। निजी अस्पतालों में कई ऐसे डॉक्टर भी मरीजों का इलाज करते पकड़े गए , जिनकी डिग्री संदिग्ध मिली। हैरानी की बात ये है कि इनमें कई एमडी, एमएस तक की फर्जी

### सरकारी अस्पतालों में फर्जी डिग्री धारक कर रहे इलाज

सुनने में भले ही अंचभित लेगे , लेकिन ये सच है कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में भी कई ऐसे डॉक्टर्स हैं जो फेक डिग्री के बल पर नौकरी कर रहे हैं। इसी साल अगस्त में अयोध्या के जिला अस्पताल में कॉर्डियोलॉजिस्ट के पद पर तैनात एक डॉक्टर पकड़ा गया था, जिसकी एमडी मेडिसिन की डिग्री फर्जी निकली थी। इसी तरह प्रदेश के कई अस्पतालों में फर्जी डिग्री के बल पर नौकरी हथियाने

### अस्पतालों में न डॉक्टर है न लाइसेंस

प्रदेश के कई जिले ऐसे हैं, जहां चार से पांच कमरों की इमारत या बेसमेंट में अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों का न तो लाइसेंस है और न ही यहां मेडिकल स्टाफ। इन्हें संचालित करने वाले झोलाछाप कम पैसे में बेहतर इलाज का झांसा देकर मरीज को भर्ती कर लेते हैं और केस बिगड़ने पर फरार हो जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर ऐसे अस्पतालों की भरमार है।

## आखिर कब पूरी होगी जांच

17 सितंबर


काम न करो बिल्कुल
एसजीपीजीआई में सैलरी लो फुल

28 सितंबर



30 सितंबर



01 अक्टूबर


सीएम योगी, दुहाई है दुहाई.. अब आप ही करो सुनवाई

## कार्डियोलॉजी विभाग में आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ का कथित तौर पर शोषण करने वाली तत्कालीन ओपीडी नर्सिंग इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी का मामला

# एसजीपीजीआई में चल रहा जांच को दबाने का खेल

- कहने को तो जांच बैठ गई है, पर सूत्रों के अनुसार उन्हें अभी तक निदेशक स्तर से अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए एक पत्र भी जारी नहीं हुआ
- सूत्रों के अनुसार कर्मचारी संघ की एक महिला पदाधिकारी जो कौशल्या देवी रस्तोगी की बहुत करीबी है, उसने संस्थान के शीर्ष अधिकारियों को गुमराह कर जांच शुरू ही नहीं होने दी
- वो खुद जाकर कौशल्या देवी रस्तोगी के खिलाफ सारे रिकॉर्ड और सबूत नष्ट करा रही है

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**




**लखनऊ।** एसजीपीजीआई में भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए होने वाली जांच को दबाने का खेल शुरू हो गया है। कार्डियोलॉजी विभाग में आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ का कथित तौर पर शोषण करने वाली तत्कालीन ओपीडी नर्सिंग इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी पर कहने को तो जांच बैठ गई है, पर सूत्रों के अनुसार उन्हें अभी तक निदेशक स्तर से अपना पक्ष स्पष्ट करने के लिए एक पत्र भी जारी नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार कर्मचारी संघ की एक महिला पदाधिकारी जो कौशल्या देवी रस्तोगी की बहुत करीबी है, उसने संस्थान के शीर्ष अधिकारियों को गुमराह कर जांच शुरू ही नहीं होने दी है। वो खुद जाकर कौशल्या देवी रस्तोगी के खिलाफ सारे रिकॉर्ड और सबूत नष्ट करा रही है। एसजीपीजीआई के कुछ स्टाफ कर्मियों के भ्रष्ट रवैये की वजह से संस्थान की छवि धूमिल हो रही है। मामले में शिकायतकर्ता संजय सिंह 21.05.2019 से एसजीपीजीआई लखनऊ में आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थे। उनका ट्रांसफर अगस्त में न्यू ओपीडी कार्डियोलॉजी ईसीजी में हुआ था। उस समय इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी (केडी रस्तोगी) थीं। जो संजय का काम न करने के बावजूद उनकी पूरी सैलरी अपनी पॉवर से संजय के खाते में भिजवा देती थीं और उससे कहती थीं कि वह जो सैलरी उनकी पावर से पाये हो उस सैलरी में से आधी सैलरी उन्हें दे दे नहीं तो वो संजय को नौकरी से निकलवा देंगी। नौकरी खोने के डर से संजय इंचार्ज पद पर तैनात कौशल्या देवी रस्तोगी (केडी रस्तोगी) को कई बार सैलरी देता चला गया। आजिज आकर जब संजय सिंह ने इसका विरोध किया तो इंचार्ज महोदया ने उसे झूठे मामले में नौकरी से निकलवा दिया। इस संबंध में संजय ने निदेशक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत की थी। इस पर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को जांच सौंपी गई थी। जन एक्सप्रेस को इसकी पुष्टि सीएमएस प्रो. संजय धीरज ने की थी।

### अब ख़ामोशी क्यों ओढ़े हैं सीएमएस संजय धीरज, फोन नहीं उठाते

फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को जांच सौंपे जाने की बात सीएमएस संजय धीरज ने बताई थी। उन्होंने कहा था की दस दिन में रिपोर्ट आ जाएगी। मामले को करीब डेढ़ महीना बीतने के बाद अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है। मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराने या जिम्मेदारी के साथ संस्थान का पक्ष रखने की जगह प्रो. संजय धीरज ने जन एक्सप्रेस रिपोर्टर का फोन उठाना ही बंद कर दिया है। यह अधिकारियों की निष्ठा पर सवाल उठाता है।

17 अक्टूबर


रिपोर्ट कार्डियोलॉजी की ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी द्वारा आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ संजय सिंह के शोषण की जांच का अभी तक कोई परिणाम नहीं आया
जांच ठंडे बस्ते में, एसजीपीजीआई प्रशासन 'धृतराष्ट्र' और अराजक कर्मचारी मस्ती में

## फास्ट फॉरवर्ड

### एक को तीन वर्ष व तीन को दो-दो वर्ष की सुनाई सजा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय में ट्रायल पर चल रहे किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में एक को तीन वर्ष व तीन लोगों को दो-दो वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया और साथ ही अर्थदंड भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत ने बताया कि कुठौंद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसकी नाबालिक बेटी से गांव के ही कमलेश ने छेड़खानी की और शिकायत करने पर उसके तीन साथियों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ छेड़खानी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्जकर विवेचना शुरू कर दी और चार लोगों को पकड़ कर जेल भेज दिया। पुलिस ने चारों लोगो के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। बुधवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई। जिसमें विशेष न्यायाधीश मोहम्मद कमर ने चारों लोगो को अलग अलग धाराओं में दोषी पाते हुए सजा सुनाई। जिसमें कमलेश को तीन साल कारावास की सज़ा सुनाई गई, और बाकी गोविंद, बसंत लाल और पंकज को दो-दो साल कारावास की सजा सुनाई गई। जबकि सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है।

### तमंचे व कारतूस के साथ तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना पुलिस ने देर रात गस्त के दौरान दो स्थानो से तीन लोगों को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि रात में गश्त के दौरान कोटरा तिराहा से एसआई नरेंद्र सिंह व सिपाही अमित अवस्थी ने दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। जिसमे महेन्द्र उर्फ बडे लल्ला पुत्र मुन्नालाल करीब 29 वर्ष से तलाशी के दौरान 4 जिन्दा कारतूस व एक तमंचा व जीशान पुत्र पयार खाँ 28 वर्ष निवासी ग्राम अमीटा थाना एट के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा वरामद हुआ। वही निरीक्षक महेश चन्द्र चौधरी व उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने कस्वा एट से धगुवाकला को जाने वाली कच्ची सडक के सामने नहर पुलिया पर दीपक राठौर पुत्र कृष्णगोपाल राठौर 23 वर्ष निवासी ग्राम अण्डा थाना कोतवाली कोंच को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित कारवाई कर चालान कर दिया गया है। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि महेंद्र उर्फ बड़े लला और जीशान के ऊपर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

### हाईटेंशन टूट कर ट्रैक्टर पर गिरने से झुलसा युवक

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार में जर्जर हाईटेंशन विद्युत लाइन टूटकर ट्रैक्टर पर गिर गई। जिसकी चपेट में आने से युवक झुलस गया। परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सिरसा कलार निवासी 25 वर्षी बिट्टू यादव 25 वर्ष बुधवार की दोपहर अपने ट्रैक्टर से खेत पर जुताई करने जा रहा था। खेतों पर जाने वाली हाईटेंशन विधुत लाइन इतनी जर्जर है, अचानक टूटकर ट्रैक्टर पर गिर गई। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया और ट्रैक्टर में भी करंट उतरने से उसके चारों टायर जल गए। घटना से गांव में अफरातफरी मच गई और गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मौजूद लोगों की मदद से पिता ने उसे उपचार के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पिता शिवपाल सिंह यादव ने बताया बिजली विभाग को कई बार खेतों पर जाने वाली विद्युत तार की लाइने बदलने को कहा गया। लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, गनीमत रही कि मेरे पुत्र की जान बच गई।

### 525 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। माधौगढ़ कोतवाली के सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार, अमन व गौरव के साथ देर रात हैदलपुरा मोड़ पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी हैदलपुरा की ओर से एक युवक आते दिखाई दिया, और पुलिस को देख युवक भागने लगा। युवक को भागते देख पुलिस ने दौड़कर युवक को दबोच लिया। छान-बीन करने युवक के झोले से 525 ग्राम गांजा बरामद किया। पकड़े गए युवक ने पुलिस को अपना नाम रेढ़र थाना क्षेत्र के गांव रौरा मानपुरा निवासी राजवीर सिंह बताया। पुलिस ने मादक पदार्थ के तहत मामला दर्ज कर चालान कर दिया।

# पाठा में सरकारी धन का बंदरबांट...

- दादरीमाफी के विकास को लूट रहे सचिव व प्रधान,कर दिया फर्जी भुगतान
- गिट्टी बालू सप्लायरों के नाम फोटो कॉपी और समर्सिबल मरम्मत व खरीदारी का भुगतान

**जन एक्सप्रेस । सचिन वन्दन**



**चित्रकूट।** ग्राम पंचायतों में सरकारी धन के दुरुपयोग की लगातार शिकायतों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद गंभीर है। बावजूद ग्राम प्रधान और सचिव मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। भ्रष्टाचार इतने चरम पर है कि बगैर कार्य किए ही भुगतान हो जा रहे हैं। समर्सिबल के नामपर मनमाना पेमेंट हो रहे हैं।

तो वहीं फोटोकॉपी का भुगतान भी उस ट्रेडर्स के नाम किया जा रहा है जो गिट्टी बालू सप्लाई करने के लिए एथराइज्ड हैं। यहां तक कि समर्सिबल मरम्मत का भुगतान भी गिट्टी बालू सप्लाई करने वाले ट्रेडर्स के नाम किया जा रहा है। अभी भी प्रधानों के डोंगल सचिवों के पास ही रहते हैं। जो काम ग्राम सचिवालय में होने चाहिए वह काम सचिव घर में बैठकर कर रहे हैं। जबकि उक्त कार्य ग्राम सचिवालयों में लगे सिस्टम से ही होने चाहिए। लेकिन सरकारी कार्यों में जमकर मनमानी की जा रही है।

मानिकपुर विकास खण्ड के ददरीमाफी ग्राम पंचायत से फर्जी भुगतान का ताजातरीन मामला सामने आया है। बगैर कार्य कराए फर्जी भुगतान कर लिया गया है। पाठा क्षेत्र में सरकारी धन का खूब बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत कर सरकारी धन के बंदरबांट को लेकर जांच की मांग की है। ददरी ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय पंचायत के नामपर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। पंचायत भवन निर्माण के नाम पर गलत तरीके से पैसा निकालने का मामला सामने आया है। ई ग्राम स्वराज बेवसाइट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024/25 और 2023/24 अंतर्गत पंचायत भवन निर्माण के नामपर अब तक लगभग 23 लाख के करीब का भुगतान किया जा चुका है,लेकिन मौके पर उतना कार्य नहीं हुआ। प्रधान और सचिव को योगी सरकार का जरा भी डर नहीं है, वह बेखौफ होकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सरकारी धन के बंदरबांट को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### गिट्टी बालू सप्लायरों के नाम फोटो कॉपी का भुगतान

ददरी माफी ग्राम पंचायत में फोटोकॉपी का भुगतान भी गिट्टी बालू सप्लाई करने वाले ट्रेडर्स के नाम कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024/25 में एक बार 19 हजार 560 और 12 हजार 540 रुपए का भुगतान अजय ट्रेडर्स के नाम कर दिया गया है। नियमों को ताक में रखते हुए भुगतान सवालों के घेरे में आ गए है। इसकी सही जांच होने पर भारी गड़बड़ी सामने आ सकती है।

### रंगाई-पुताई के नाम कर दिया फर्जी भुगतान

ददरीमाफी की बहुउद्देशीय पंचायत भवन के नाम वित्तीय वर्ष 2023/24 और 2024/25 अन्तर्गत तकरीबन 23 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें दरवाजा, खिड़की और पुट्टी पुताई के नामपर पेमेंट किया गया है। जबकि पंचायत भवन में अभी फर्श और प्लास्टर तक नहीं हुआ, लेकिन दरवाजा और खिड़की में रंगाई पुताई के नामपर एक बार 48 हज़ार 524 और दोबारा 2 लाख रुपए का अजय ट्रेडर्स के नामपर पिछले 14 अक्टूबर 2024 को भुगतान किया गया है।

### समर्सिबल स्थापना व मरम्मत के नामपर भुगतान में खूब मनमानी

ददरीमाफी ग्राम पंचायत में राज्यवित्त/15वां अंतर्गत समर्सिबल स्थापना के नामपर मनमानी तरीके से भुगतान किया गया है। एक समर्सिबल के नाम 60 से 62 हजार से अधिक का भुगतान करने का मामला सामने आया है। समर्सिबल रिपेयर के नाम पर खूब पैसा निकाला गया है। लेकिन आज भी ज्यादातर समर्सिबल खराब ही पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान नहीं हम लोगों के चंदे से मरम्मत का कार्य कराया गया है। ददरी माफी ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024/25 में राज्यवित्त पंद्रहवां वित्त अंतर्गत अन्नपूर्णा देवी मंदिर के पास समर्सिबल स्थापना के नामपर 62 हजार 894 रुपए और रामभवन पटेल के घर के पास एक नग समर्सिबल लगाने के लिए 59 हजार 767 रुपए का भुगतान अजय ट्रेडर्स के नाम कर दिया गया है। जबकि एक समर्सिबल की अनुमानित लागत तकरीबन 25 से 30 हजार रुपए ही है। बावजूद भुगतान में खूब मनमानी की गई है।

## चकबन्दी सम्बन्धी शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निस्तारण: एडीएम



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चकबन्दी कार्यों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से बुधवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी राजेश प्रसाद ने राजापुर तहसील के मोहरवां एवं बछरन में ग्राम चौपाल लगाई। जिसमें गांव के किसानों की समस्याएं सुनी गईं। चैपाल में अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप संचालक चकबन्दी राजेश प्रसाद ने बताया कि चकबन्दी आयुक्त भानुचन्द्र गोस्वामी एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर निरंतर ग्राम चैपालों का आयोजन किया जा रहा है। चैपाल का उद्देश्य चकबन्दी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराना है। जिससे शासन के प्रति किसानों की विश्वसनीयता बरकरार रहे। चौपाल में कुछ किसानों द्वारा शिकायत की गई कि चकबन्दी अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम पर कुछ लोग पैसे की मांग करते है। साथ ही अच्छी जमीन दिलाने का लालच भी दिया जाता है। जिससे गरीब तबके के किसान परेशान होते है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसी शिकायते दोबारा उनके सामने नहीं आनी चाहिए। छोटे किसानों को भी जमीन की मालियत के अनुरूप उनका हक मिलेगा। यदि कोई कर्मचारी या बिचौलिया पैसे की मांग करता है, तो उसकी शिकायत चैपाल में आकर करें। चैपाल के बाद भी क्षेत्रीय किसान उनके मोबाइल पर सूचना दे सकते है।

# जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाएं निर्माणाधीन सड़कों की सूची: सांसद

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सांसद ने विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सांसद ने मनरेगा, कौशल विकास योजना, ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की और कहा कि जिन बिंदुओं पर समीक्षा की गई है, उसके सारे कार्य सभी संबंधित अधिकारी अगली बैठक से पूर्व करके कार्यवाही प्रस्तुत करेंगे। अपनी बैठक में सांसद ने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र के सतत विकास के लिए कटिबद्ध होकर कार्य करें। डीसी मनरेगा को निर्देश दिए की मनरेगा योजना के कार्यों में प्रगति कराई जाए। डीसी एनआरएलएम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के गठन में प्रगति कराने को कहा। अधिशासी अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को निर्माणाधीन सड़कों की सूची सभी सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों को देने के निर्देश दिए। साथ ही सीडीओ को अरछा बरेठी व बूढ़ा सेमरवार की खराब सड़क की कमेटी बनाकर जांच कराने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर से कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्ताव बनाया जाए। उपनिदेशक कृषि से कहा कि परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत जिन किसानों का चयन किया गया है उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए। सासंद ने परियोजना निदेशक से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने वाले अपात्रों की जांच



कराने तथा अपूर्ण आवासों का कार्य पूरा कराने को कहा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जुलाई से लंबित गौशाला संचालन भुगतान को कराने के निर्देश दिए। साथ ही गोवंश रखने के लिए दिए गए काऊशेड की जांच कराने को कहा। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य की सूची जनप्रतिनिधियों को दें। जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा से कहा कि मार्च 2020 के बाद के अनाथ बच्चों को चिन्हित करके लाभ दिलाए। सांसद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शासकीय अस्पतालों साफ-सफाई कराने तथा डाक्टरों को इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बाहर की दवा न लिखने के निर्देश देने को कहा। कहा कि अगर इसमें शिकायत मिली तो संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में जो प्रसव की समस्या का निस्तारण कराए। प्राइवेट अस्पतालों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराएं तथा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विकास कार्यों तेजी से कराएं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि नगर पालिका द्वारा निर्मित दुकानों का आवंटन सही से कराएं। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिलौटा पाइप पेयजल योजना में जिन गांव में पानी दिया जा रहा है, उनकी सूची दी जाए एवं पाइपलाइन डालने में खराब की गई सड़कों की मरम्मत कराएं। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जल जीवन मिशन द्वारा कराएं गए कार्यों की जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा ग्राम प्रधान जल जीवन मिशन के कार्य को हैंडओवर कतई न करें। सांसद ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने को कहा। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत लाभ पाने वाले लोगों की सूची उपलब्ध कराएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया को निर्देश दिए कि पेंशन योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को शिविर लगाकर लाभान्वित कराएं। सांसद ने किसानों को हो रही खाद समस्या के निस्तारण को कहा। कहा कि किसी भी दशा में खाद की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि सांसद द्वारा जिन विभागों से सूचनाएं मांगी गई है, उसकी सूचना उपलब्ध कराए।

विधायक सदर अनिल प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रों की जगह अपात्रों को लाभ दिया जा रहा है, इसकी जांच कराकर पात्रों को लाभ दिलाया जाए तथा लंबित सूची का सर्वे कराया जाए। साथ ही डूडा विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 व 2022-23 कराए गए कार्यों की जानकारी भी मांगी। मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि खोह अस्पताल का संचालन सही तरीके से कराए तथा जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की खराब मशीनों को तत्काल ठीक कराए। विधायक मऊ-मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि रबी की फसल की बुवाई के लिए बांधों का पानी किसानों को दिया जाए तथा प्रत्येक दशा में टेल तक पानी पहुंचाया जाए। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि नहरों में पानी के संचालन कराएं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि बैठक में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों व समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन संबंधित विभागों से कराया जाएगा।

## सड़क दुर्घटनाओं से बचने का एकमात्र उपाय 'यातायात नियमों का अनुपालन' है: शैलेन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

यातायात माह नवंबर के तहत यातायात पुलिस चित्रकूट एवं विकास पथ सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में यातायात पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त बच्चों, शिक्षक व अभिभावकों ने भाग लिया।

जागरूकता कार्यक्रम में विकास पथ सेवा संस्थान के निदेशक डॉ प्रभाकर सिंह गांधी ने बच्चों के साथ ''हम बच्चे हिंदुस्तान के, चलते सीना तानके'' गीत गाया। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, इससे घटनाएं दुर्घटनाएं नहीं होगी और सुरक्षित रहा जा सकता है। कहा कि आज कल दुर्घटनाएं बहुत ज्यादा हो रही हैं, जिसका बचाव यातायात के




सही नियमों के अनुपालन से ही किया जा सकता है। सरकार भी यही प्रयास कर रही है। यातायात प्रभारी टीएसआई शैलेंद्र सिंह ने कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदैव दाएं-बाएं देखकर जेबरा क्रॉसिंग से रोड क्रॉस करनी चाहिए। साथ ही सभी को सड़क पर बाईं ओर चलना चाहिए। दो पहिया वाहल चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर सुरक्षित यात्रा करनी चाहिए। शहरों में लाल, हरी और पीली लाइटिंग को देखकर के ही आगे जाना चाहिए तथा जहां रुकना हो वहां रुकना चाहिए। इससे हमारी जिंदगी व हमारा समाज सुरक्षित रहता है। इस मौके पर निदेशक डॉ प्रभाकर सिंह गांधी ने विकास पथ संस्थान व डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सभी बच्चों को निःशुल्क मैंगो जूस, नारियल पानी एवं शैंपू वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यासागर सिंह ने किया।

इस मौके पर कौंस्टबल अजय यादव, जागेश्वर, लवकुश सिंह, डॉ विकास सिंह, रचना यादव, सुशील पांडेय, सरला देवी, सोनू गौतम, दीपा देवी, ममता देवी, रंजना चंदेल, गरिमा सिंह, गीतांजलि देवी, सियाराम सिंह, प्रियंका द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## बूथ समिति में अवश्य होना चाहिए महिला नेतृत्व: कौशलेन्द्र पटेल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय जनता पार्टी चित्रकूट के संगठन पर्व अभियान की मण्डल कार्यशालाएं सरधुवा, पहाड़ी व कर्वी मण्डल में आयोजित की गई। जिसमें संगठन के प्रति निष्ठावान कार्यकर्ताओं को महत्व देने पर जोर दिया गया।

भाजपा की कार्यशाला में काशी के पूर्व महापौर व जिला चुनाव अधिकारी कौशलेन्द्र पटेल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष युवा वर्ग से बनाए। संगठन चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराएं जिसमें सभी जाति वर्ग का समायोजन हो। व्यक्तिवादी पदाधिकारी संगठन हित में ठीक नही होते है। साथ ही बूथ समिति में महिला नेतृत्व अवश्य हो। जिला प्रभारी डॉ अनिल यादव ने कहा कि सशक्त भाजपा ही विकसित भारत की गारण्टी है। सभी कार्यकर्ता उत्साह से संगठन पर्व में सक्रिय सहभाग करें। भाजपा सांगठनिक नेतृत्व में निरन्तर



विजय पथ पर अग्रसर हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मण्डल के प्रत्येक बूथ पर सक्रिय सदस्य को बूथ अध्यक्ष बनाना है। मण्डल चुनाव अधिकारी व जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि बूथ के चुनाव 20 नवम्बर से 25 नवम्बर के बीच सम्पन्न कराना है। शक्तिकेंद्र के चुनाव अधिकारी बूथ पर चुनाव से पूर्व एक बैठक अवश्य करें। सभी बूथों के प्राथमिक सदस्यों की सत्यापित प्रति चुनाव अधिकारी अपने साथ लेकर जाएं। कार्यशालाओं में पंकज अग्रवाल, अश्विनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, राजेश जायसवाल, ब्रजेश पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, प्रेमलाल बाल्मीकि, भागवत त्रिपाठी, बाबूलाल पटेल, दिनेश पटेल, शिवशंकर सिंह, रामशिरोमणि विश्वकर्मा, अखिलेश रैकवार, विकास पाण्डेय, विनय उपाध्याय, भारतेन्दु मिश्र, श्रवण पटेल, सच्चिदानंद गर्ग, विनोद पाण्डेय, तीरथ तिवारी, सुशील, पाण्डेय, जानकी तिवारी, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, गोलू गर्ग, रवि गुप्ता, रमाकांत पाण्डेय, ब्रजराज सविता आदि मौजूद रहे।

## फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस । राजापुर, चित्रकूट**

थाना क्षेत्र के चिल्लीराकस पम्प कैनाल के पास सिंचाई विभाग के आवासीय भवन में लगे पेड़ में युवक की लाश फंदे से लटकती हुई मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पप्पू निषाद चिल्लीराकस पम्प कैनाल में संविदाकर्मी के रूप में पम्प ऑपरेटर है। बताया कि मैं खाना खाने के बाद यमुना नदी पर लगी नहर की मशीन की रखवाली करने गया था और मेरा साला संगम उर्फ बेटा पुत्र भोला निषाद मंगलवार की रात करीब 10 बजे अपने घर केवटरहा से पम्प कैनाल के लिए निकला था। मेरी सास मकुंदी देवी व मेरी पत्नी कृष्णा आवासीय भवन में सोई हुई थीं। देवउठनी एकादशी त्योहार में जब मेरी सास मकुंदी देवी 3बजे रात को जगी और सूपा बजा रही थी, इतने में देखा कि सेमर के पेड़ में साड़ी के फंदे से एक शव लटक रहा है। नजदीक पहुंची तो देखा कि उसका सबसे छोटा पुत्र संगम है और रोती बिलखती आकर मुझे सूचना दी। और मैं अपने आवासीय भवन पहुँचा और मैंने अपने मझले साले अन्नू निषाद को घटना की जानकारी दी मृतक के भाई अन्नु ने बताया कि हम चार भाइयों में संगम सबसे छोटा था। मेरी बहन कृष्णा के साथ मां मुकुंदी व मृतक भाई संगम नहर के आवासीय भवन में साथ रहते थे मेरी मां व मेरा छोटा भाई यहां रहकर अधिया बटाई पर खेती लेकर साग सब्जी तैयार करके बाजार में भेजती थी और इसी से अपना और अपने परिवार जीवन यापन करते थे उधर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की सही जानकारी हो पाएगी। और प्रथम दृष्टि यह प्रतीत होता है की मृतक संगम ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली है और पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# किसान महीनों से सीमांकन के लिए तहसील के लगा रहे चक्कर, आरआई ने लगा दी फर्जी रिपोर्ट

- पैमाइस करने के बजाय पेशी पर पेशी दे रहा आरआई गुरुचरण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जमीन के सीमांकन, नामांतरण और बंटवारा जैसे काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं जिससे किसान तहसील के चक्कर लगाकर थक चुके हैं। जबकि सरकार ने इसकी समय-सीमा भी तय कर रखी है, लेकिन वर्षों बीत जाते हैं लेकिन जमीन का सीमांकन नहीं होता, आरआई, लेखपाल व अधिकारियों के मनमानी से किसान परेशान हैं। अन्य विभागों की तरह राजस्व विभाग में भी सिटीजन चार्टर बना है यानि किस काम के लिए कितना समय लगेगा यह निर्धारित है लेकिन तय वक्त पर आरआई, लेखपाल काम नहीं कर रहे हैं। सीमांकन, नामांतरण आदि कामों के लिए तमाम पापड़ बेलने पड़ रहे हैं।



किसानों की समस्या सुननेरके लिए कोई तैयार नहीं है।

मानिकपुर तहसील में तैनात कानूनगो और लेखपालो की मनमानी से जमीन सीमांकन कराने के लिए कई महीनों से तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं,लेकिन किसानों की भूमि के सीमांकन नहीं होने से किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। निही निवासी कृषक जितेंद्र मोहन ने बताया हमें महीनों से घुमाया जा रहा है। विगत 3 माह पहले मौजा निही के गाटा संख्या 465,465,466 सीमांकन के लिए आवेदन किया गया था जहां बिना स्थलीय निरीक्षण किए कानूनगो ने घर में बैठकर खेत में फसल बोई होने का हवाला देते हुए फर्जी रिपोर्ट लगा दी है।

इसी तरह से पप्पू उर्फ देवी प्रसाद पुत्र आनंदी प्रसाद निवासी किहुनियां द्वारा गाटा संख्या 491 के सीमांकन के लिए आवेदन किया गया था। जिनको 16 सितंबर 2024 की डेट दी गई थी, लेकिन आज भी सीमांकन नहीं किया गया है। देवी प्रसाद ने बताया कि इस डेट के पूर्व भी कई बार सीमांकन की डेट दी जा चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर है। यह तो महज उदाहरण है ऐसे दर्जनों मामले हैं जहां काम करने के बजाय किसानों को दौड़ाया जा रहा है।

### पेशी पर पेशी दे रहा आरआई

जितेंद्र मोहन अपनी भूमि के सीमांकन के लिए पिछले तीन महीने से तहसील के चक्कर लगा रहा है। सीमांकन करने के बजाय आरआई ने खेत में फसल तैयार होने का हवाला देकर गलत तरीके से रिपोर्ट लगा दिया है। सीमांकन नहीं होने से किसान को उसकी भूमि पर पूरा कब्जा नहीं मिल पा रहा है। जबकि अधिकारी कई बार सीमांकन के लिए आरआई को पत्र लिख चुके हैं और कई बार मौखिक बोलने के बाद भी आरआई गुरुचरण किसान को पेशी पर पेशी दे रहा है। एडीएम के संपूर्ण समाधान दिवस में किसान लिखित में शिकायत दर्ज कराने के बाद आरआई द्वारा किसानों को धमकाया जा रहा है और यहां तक कह दिया कि अब तुम्हारा सीमांकन नहीं होगा, जो करना हो कर लो।

### घर बैठे लगा दी फर्जी रिपोर्ट

आरआई ने अपनी रिपोर्ट में निही मौजा के गाटा संख्या 465,466,467 में फसल तैयार होने का दावा किया था लेकन हकीक़त में उक्त गाटा संख्या के खेत में फसल नहीं बोई थी। किसान के पास सबूत के तौर पर जीपीएस फोटोग्राफ्स मौजूद हैं, जिनमें खेत खाली पड़े दिख रहे है। कानूनगो और लेखपाल जनता की समस्याओ को कितनी गंभीरता से लेकर कितनी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कर रहे हैं, इसका जीताजागता उदाहरण है। अभी भी किसान अपने सीमांकन के लिए दर-दर भटक रहा है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत का कोई असर नहीं

निही निवासी जितेंद्र मोहन ने बताया कि दो हफ़्ते पूर्व तहसील परिसर में एडीएम की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पैमाईश न करने व आरआई द्वारा गलत रिपोर्ट लगाने के संबंध में शिकायत की गई थी, जहां एडीएम ने सख्त हिदायत देते हुए एक हफ़्ते के अंदर पैमाईश के निर्देश दिए थे। लेकिन आज तक पैमाईश नहीं की गई। अधिकारियों के निर्देश का उन्हें कोई असर नहीं पड़ रहा। कार्यवाही का जरा भी डर नहीं है।



**भारत-सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की...**

विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को दिल्ली में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भविष्य में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की गई...

पढ़ें पेज 12 पर...

# अनुसूचित जनजातियों के चहुंमुखी विकास के लिए आगे बढ़ी सरकार

- 50 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या वाले गांवों को मिलेगा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ
- जनजाति विकास विभाग के साथ 17 अन्य विभाग इन गांवों के लिए करेंगे मिलकर काम
- जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का योगी सरकार का अहम कदम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध हैं। यही वजह है कि योगी सरकार द्वारा जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित किया जा रहा है। योगी सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे- आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ लगातार कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। योजनाओं के माध्यम से योगी सरकार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे के सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा व आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति का खाका खींचा है। प्रदेश के समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने बताया कि अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए संचालित ÷धरती आबा जनजातीय गाम उत्कर्ष अभियान÷ के तहत योगी सरकार सभी जनजातीय परिवारों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। इसके लिए प्रदेश के में 500 या उससे अधिक जनसंख्या के गांव जिसमें अनुसूचित जनजाति की कम से कम 50 प्रतिशत जनसंख्या हो, इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 26 जनपदों अम्बेडकर नगर, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बस्ती, भदोही, बिजनौर, चन्दौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, लखीमपुर-खीरी, कुशीनगर, ललितपुर, महराजगंज, महोबा, मिर्जापुर, पीलीभीत, प्रयागराज, संतकबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर और सोनभद्र के 47 ब्लाक व 517 गांवों को इस अभियान के तहत विभिन्न योजना के लाभ के लिए चिन्हित किया गया है।

### बुनियादी सुविधाओं से लैस होंगे सभी चिन्हित गांव

योगी सरकार चिन्हित गांवों में सड़क, पानी, बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं का विस्तार किया करेंगी। सभी जनजातीय परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया जाएगा। उनके गांवों में अधिक से अधिक मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की स्थापना की जाएगी, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसी प्रकार जनजातीय क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्र शुरू करने के प्रयास किये जायेंगे, जिससे जनजातीय परिवारों को उनकी अपनी कला, संस्कृति, चित्रकारी, वनोपज संग्रहण, शहद, कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा, महुआ से तैयार उत्पादों, जड़ी-बूटी से प्राकृतिक उपचार ज्ञान कौशल की बेहतर मार्केटिंग हो सकें और जनजातियों की उन्हीं के गांव में ही आमदनी बढ़ाई जा सके। इससे जनजातियां पलायन भी नहीं करेंगी।

### समग्र राष्ट्रीय विकास में अहम योगदान देगा 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'

'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' केंद्र सरकार के समग्र विकास के प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें प्राथमिकता के आधार पर जनजातीय समुदायों को सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इसके माध्यम से अगले पांच वर्षों में जनजातीय आबादी के समग्र विकास के लिए ठोस कार्य की योजना तैयार की गई है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश की जनजातीय आबादी को बुनियादी सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा। इससे इन क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जो समग्र राष्ट्रीय विकास में अहम योगदान देगा।

### जनजाति विकास विभाग के साथ 17 अन्य विभाग करेंगे मिलकर काम

समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान卐 के क्रियान्वयन के लिए जनजाति विकास विभाग के साथ 17 अन्य विभागों जिसमें ग्राम्य विकास, जलापूर्ति, विद्युत, ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, आयुष, दूरसंचार, व्यवसायिक एवं कौशल शिक्षा विभाग, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और किसान कल्याण, मत्स्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पंचायती राज विभाग तथा पर्यटन विभाग मिलकर कार्य कर रहें है।

# भ्रष्टाचार के मैदान में जीवीके की दस्तक!

- यूपी में आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं का संचालन करती है जीवीके
- मुख्यमंत्री योगी की साख को चुनौती देती जीवीके की एम्बुलेंस सेवा प्रणाली

**जन एक्सप्रेस। विश्वामित्र पांडेय**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर भले ही काम कर रही हो लेकिन सरकार की साख पर लोकहित में काम करने वाली कंपनी जीवीके मानो सरकार को खुला चैलेंज कर रही हो।

राजधानी के सोशल मीडिया ग्रुप पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला और एक व्यक्ति लगातार कुछ बिल बुक कर स्टांप लगा रहा है, वहीं वायरल वीडियो में एक अन्य व्यक्ति द्वारा इस तरह स्टांपिंग करने की बात पूछे जाने पर महिला ने जवाब देते हुए कहा कि मेरा जो मन होगा करेंगे।

वायरल वीडियो को पोस्ट करने के साथ ही लिखा गया कि- भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश जीरो टैलेंट पर काम करने वाली योगी सरकार को एक दक्षिण भारत के कंपनी जीवीके



खुला चैलेंज चुनौती के साथ फर्जीवाड़ा कर रही है लूट रही है अरवो जिस मंत्री विधायक सांसद में ताकत हो जीबीके कंपनी पर कार्रवाई करके दिखाओ सबूत हमसे ले जाओ बुलडोजर में तेल का भी पैसा दे देंगे चलवा कर दिखाओ कंपनी ने 75 जनपद में सारे अधिकारियों की ऊपर से लेकर नीचे तक सामुदायिक प्राथमिक जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के वेरिफिकेशन करने वाले अधिकारियों डॉक्टरों की मोहर बनवा कर रखी है वीडियो सबके सामने है चश्मा लगाकर देख लो पूरा दिन फर्जी बड़ा होता है और एक जगह बैठकर मोहर और साइन होता है मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लेकर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नोडल सबकी मोहर बनवा ली वीडियो में स्पष्ट देख लो यह कौन सा इमरजेंसी वार्ड है या ओपीडी वार्ड है जहां वेरिफिकेशन और मोहर हो रही है अगर योगी सरकार को दिखाई ना दे तो मोतियाबिंद है इसका मतलब नहीं तो पूरी सरकार चोर है। इंकलाब जिंदाबाद, फिलहाल वायरल वीडियो अभी जांच का विषय बना हुआ है। अब तक इस विषय पर स्वास्थ्य विभाग के किसी भी अधिकारी का कोई बयान नहीं आया। सोशल मीडिया पर प्रसारित संबंधित वीडियो की जन एक्सप्रेस पुष्टि नहीं करता लेकिन विभागीय जिम्मेदारों को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच करनी चाहिए।

### लगातार विवादों में बनी रही जीवीके

बताते चलें कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जीवीके के एम्बुलेंस संचालन का काम जबसे संभाला है तबसे किसी न किसी विवाद के कारण चर्चा में बनी रहती है। जिसमें टेली कॉलरों का निष्काषन, फर्जी एम्बुलेंस बुकिंग, एम्बुलेंस का खाली संचालन और सरकारी एम्बुलेंस का देर से पहुंचना आदि प्रमुख मुद्दे विवाद के कारण बने रहे।

# यूपी में होगा कई प्रदेशों की जनजाति संस्कृतियों का संगम : असीम अरुण

- 15 से 20 नवंबर तक चलेगा अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव
- बिरसा मुंडा की जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवम जनजाति कल्याण विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 20 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव मनाया जाएगा। बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में मेजबान राज्य समेत देश-विदेश की लोक संस्कृति उतरेगी। आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसमें स्लोवाकिया व वियतनाम के लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत होगा। ''अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव'' से पूर्व लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें मेजबान उत्तर प्रदेश समेत अनेक राज्यों के कलाकार शामिल होंगे। प्रतिदिन शाम पांच से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें सहरिया, बुक्सा आदि जनजाति के लोकनृत्य का भी अवलोकन किया जा सकेगा तो वहीं दूसरी तरफ जनजाति लोकवाद्यों को भी मंचीय प्रदर्शन होगा। पोथी घर में जनजाति साहित्य के पुस्तकों का भी अवलोकन कर सकेंगे।समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि 15 से 20 नवंबर तक 22 राज्यों के 38 लोकनृत्य का संगम होगा। इसमें मेजबान उत्तर प्रदेश के डोमकच, झीझी, जवारा, नगमतिया, चंगेली नृत्य से दर्शक अवगत होंगे। वहीं बिहार के उरांव, उत्तराखंड के झैंता, मध्य प्रदेश के भगौरिया, बैगा, रमढोला, पश्चिम बंगाल के नटुआ, मिजोरम के चेरांव, अरुणचाल प्रदेश के अका, पंजाब के शम्मी, केरल के इरुला, छत्तीसगढ़ के गंडी, भुंजिया, माटी मांदरी नृत्य से भी यूपी के दर्शक रूबरू होंगे। हिमाचल प्रदेश के सिरमौरी नाटी, राजस्थान के कालबेलिया, लंगा, मागजिहार व तेराताली, असम के बरदोई व शिखला लोकनृत्य की प्रस्तुति भी उत्तर प्रदेश में होगी। त्रिपुरा के हौजागिरी, झारखंड के खड़िया, गोवा के कुनबी, गुजरात के सिद्धि धमाल, जम्मू-कश्मीर के मोंगो बकरवाल, सिक्किम के सिंघी छम, महाराष्ट्र के सांघी मुखौटा, ओड़िसा के घुड़का व कर्नाटक के फुगडी लोकनृत्य का संगम भी इस कार्यक्रम में होगा।असीम अरुण ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पोथी घर में भारत के जनजाति साहित्य से जुड़ी पुस्तकों के स्टॉल भी लगेंगे। इसमें देश की जनजातीय पर उनके गीत, नृत्य, चित्रकला, संस्कार, खेलकूद व रहन-सहन आदि की पुस्तकों का विक्रय व प्रदर्शन किया जाएगा। वहां के रहन-सहन, खान-पान, संस्कृति के बारे में भी जान सकेंगे। 16 से 20 नवंबर तक अनेक प्रांतों के लोकनृत्य,लोकगीतों से जुड़े कार्यक्रम अनवरत चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से विमर्श भी होगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कृषि मंत्री ने किया खाद विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा बुधवार को खाद के भंडारण की स्थिति तथा किसानों को की जा रही आपूर्ति की स्थिति देखने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों पर आए हुए किसानों से बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने साधन सहकारी समिति मलौली गोसाईगंज लखनऊ तथा साधन सहकारी समिति शिवलर, गोसाईगंज में भंडारण की स्थिति तथा आपूर्ति की व्यवस्था को देखा। उन्होंने विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों पर आए हुए किसानों से बातचीत की तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है इसलिए उन्हें आवश्यकता से अधिक भंडारण की जरूरत नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं निगरानी कर सुनिश्चित करें कि प्रत्येक किसान को आसानी से खाद मिल सके।इस दौरान उनके साथ संयुक्त निदेशक अनिल पाठक तथा उपनिदेशक अनिल यादव उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ से बिहार जा रही 10 लाख की अवैध शराब बरामद

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** आबकारी टीम लखनऊ द्वारा आज बीकेटी के इंदौराबाग में भारी मात्रा में चंडीगढ से बिहार जा रही अवैध शराब पकड़ी गई है। ट्रक से लगभग 10 लाख रुपए कीमत की 913 लीटर अवैध शराब बरामद हुई और चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आबकारी टीम को सूचना मिली कि एक ट्रक जीरकपुर पंजाब से अवैध शराब लेकर लखनऊ के रास्ते पटना, बिहार जा रहा है। ट्रक को पकड़ने के लिए आबकारी निरीक्षकों की एक टीम गठित की गई। ट्रक सीतापुर के रास्ते होते हुए आज सुबह लगभग 5.15 बजे लखनऊ के इंदौराबाग चौराहे के पास पहुंचा। आबकारी टीम द्वारा वाहन को रोक कर चालक से पूछताछ की गई। चालक द्वारा ट्रक में दवाई तथा मुर्गी दाने की बोरियां बताई गईं, किंतु ट्रक की सघनता से तलाशी ली गई तो मुर्गी दाने की बोरियां तथा दवाई के गत्तों के बीच छुपाकर अवैध मदिरा रखी पायी गई।जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ट्रक से चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य रॉयल चौलेंज व्हिस्की के 344 बोतल प्रत्येक 2 लीटर तथा रॉयल बैरल सलेक्ट व्हिस्की के 300 बोतल प्रत्येक 750 एमएल सहित कुल 913 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत उत्तर प्रदेश में लगभग 10 लाख रुपए है। ट्रक चालक हरी राम के विरुद्ध थाना बीकेटी में आबकारी अधिनियम की धारा 60, 63,72 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 318(4) में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सहकारी सप्ताह आज से

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** 71वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह-2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन लि. एवं इण्डियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लि. के संयुक्त तत्वावधान में ''सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों के माध्यम से सहकारी आन्दोलन को सशक्त बनाना'' विषय पर कल दिनांक 14 नवम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 10 :30 बजे लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह पीसीयू सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। गोष्ठी के मुख्य अतिथि सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोआपरेटिव यूनियन लि. के अध्यक्ष सुरेश गंगवार द्वारा की जायेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव सहकारिता एमपी अग्रवाल तथा आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता विभाग वीएन सिंह होंगे।

# मिशन शक्ति : योगी सरकार बनाएगी 1.25 लाख परिषदीय बालिकाओं को वित्तीय साक्षर

- 30 नवंबर तक 3000 नोडल शिक्षकों के प्रशिक्षण की योजना
- 31 दिसंबर तक पूरी होंगी बालिकाओं की प्रशिक्षण प्रक्रिया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने परिषदीय विद्यालयों की 1.25 लाख बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता से सशक्त करने का संकल्प लिया है, जिसे 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को वित्तीय ज्ञान और प्रबंधन कौशल से सशक्त बनाना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और आर्थिक रूप से जागरूक हो सकें। मिशन शक्ति के अंतर्गत योगी सरकार का लक्ष्य 80 हजार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी), 35 हजार पीएम श्री योजना के विद्यालयों और 10 हजार अन्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं को वित्तीय शिक्षा देना है। यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से चलने वाले इस अभियान में बालिकाओं को बचत, बैंकिंग, डिजिटल पेमेंट, बीमा और अन्य वित्तीय विषयों की जानकारी देकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### शिक्षकों के उन्मुखीकरण का कार्य पूर्ण

अभियान की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु 28 अक्टूबर को यूनिसेफ के सहयोग से 2200 शिक्षकों के उन्मुखीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 30 नवंबर तक 3000 नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण भी पूरा करने की योजना है, जो बाद में बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण देंगे।



### सीखेंगी बेटियां

- परिवार की कुल आय के अनुसार खर्च प्रबंधन के माध्यम से भविष्य की आवश्यकताओं को संयमित करने के तरीके सिखाए जाएंगे। व्यावहारिक गतिविधियों द्वारा उन्हें वास्तविक जीवन के टास्क दिए जाएंगे।
- अनावश्यक खर्चों में कटौती और बचत बढ़ाने के तरीके सिखाए जाएंगे।
- आय से बचत योजना बनाने के गुण सिखाए जाएंगे ताकि बड़े खर्चों के लिए पर्याप्त धनराशि जुटाई जा सके।
- बैंक खाता खोलना, बैंकिंग सेवाओं की जानकारी, और आपात स्थितियों के लिए बचत का महत्व समझाया जाएगा। चेक बुक, एटीएम कार्ड, ब्याज, सावधि और आवर्ती जमा के विषय में जानकारी दी जाएगी।
- कहानियाँ, गतिविधियाँ और बैंक भ्रमण के माध्यम से बालिकाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा।

### यह होगा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और सामग्री

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालिकाओं को विभिन्न वित्तीय अवधारणाएं, धन का प्रबंधन, डिजिटल भुगतान, बीमा और जोखिम प्रबंधन, मुद्रा की पहचान, और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, स्करियर जागरूकता के तहत भविष्य के रोजगार अवसरों से भी परिचित कराया जाएगा।

### बेटियों को मिलेगा प्रमाण-पत्र

प्रशिक्षण समाप्ति के बाद बालिकाओं को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे, जो उनके कौशल को प्रमाणित करेंगे और आत्मविश्वास बढ़ाएंगे।

### बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह अभियान बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 31 दिसंबर तक प्रशिक्षण पूरा करने की कोशिशें तेजी से जारी हैं। योगी सरकार की यह पहल बालिकाओं को वित्तीय साक्षरता में दक्ष बनाकर उनकी आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## बुलडोजर न्याय पर रोक सम्बंधी सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागतयोग्य : एआईपीएफ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बुलडोजर न्याय पर रोक सम्बंधी सुप्रीम कोर्ट का निर्णय स्वागतयोग्य÷- यह बात आज आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने प्रेस को जारी बयान में कही है।एआईपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा है कि आवास परिवार का मौलिक अधिकार है जिससे उसे कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना वंचित नहीं किया जा सकता। इसी संबंध में उसने आगे कहा है की किसी व्यक्ति के आरोपित अथवा दंडित हो जाने पर आप उसके परिवार को सामूहिक तौर पर दंडित नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा है कि कार्यपालिका न्यायपालिका की भूमिका नहीं निभा सकती। सर्वोच्च न्यायालय ने कानून के राज के महत्व पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि कानून का राज मनमानी कार्रवाही करने की अनुमति नहीं देता। इसी संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई भी संपत्ति नोटिस के बिना नहीं गिराई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यपालिका की मनमानी तथा गैर कानूनी कार्रवाही रोकने के लिए अवैध रूप से विध्वंस करने वाले अधिकारियों को विभागीय, आपराधिक तथा आर्थिक रूप से दंडित करने का आदेश भी दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भविष्य में किसी भी प्रकार के विध्वंस करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं जिनका अनुपालन करना अनिवार्य है। इसका अनुश्रवण करने के लिए संबंधित जिलाधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया गया है।आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट है कि योगी राज में बुलडोज करने की कार्रवाई गैरसंवैधानिक थी। इसलिए इस तरह की सभी कार्रवाई की जांच कराकर जबावदेही तय करेगी और इसे करने वाले दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। साथ ही गैर कानूनी कार्रवाही के मामलों में मकान मालिकों को उचित मुआवजा दिया जाए।

# सरकारी विभागों को राज्य सूचना आयुक्त की कड़ी चेतावनी, तय समय सीमा में दें सूचना

- वीरेंद्र प्रताप सिंह ने दिसंबर तक सभी लंबित सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए
- आरटीआई के प्रकरणों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश वीरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को गौतमबुद्ध नगर के कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में सूचना के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों में तैनात जन सूचना अधिकारी मांगी गई सूचना देने में अनावश्यक विलंब न करें। निर्धारित तय अवधि 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान करना अनिवार्य है।

राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि निर्धन एवं पीड़ितों को सूचना देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जन सूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों की परेशानी समझते हुए उनको यथाशीघ्र सूचना देकर उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोगी बनना चाहिए। आरटीआई कानून की मूल भावना के अनुरूप सद्भावनापूर्वक सूचना दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की मूलभूत जानकारी




रखनी चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं के संदर्भ में लोकहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा सूचनाओं को प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के संदर्भ में पूरी जानकारी मसलन सूचना कब प्राप्त हुई, सूचना का विषय, सूचना की स्थिति आदि के संदर्भ में पूरी जानकारी एक पंजिका में रखी जानी चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि यदि सूचना किसी अन्य विभाग से संबंधित है, तो स्पष्ट रूप से उसका अंतरण 05 दिन के अंदर संबंधित अन्य विभाग को करें और लिखे की यह मेरे विभाग से संबंधित नहीं है। अपने पास आरटीआई कभी भी लंबित न रखें। माननीय राज्य सूचना आयुक्त ने पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, राज्य कर विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, लघु सिंचाई विभाग, नमामि गंगे, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, नगर विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, मत्स्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायतों तथा अन्य संबंधित विभागों में सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित चल रहे प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी गण प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए आगामी दिसंबर माह तक सभी प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारी गण किसी भी आरटीआई आवेदन को तय समय सीमा से अधिक लंबित में रखें। अन्यथा आरटीआई आवेदनों के निस्तारण करने में लापरवाही बरतने वाले जन सूचना अधिकारियों के विरुद्ध राज्य सूचना आयोग द्वारा वैधानिक दंड की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### आरटीई पोर्टल की समीक्षा करते रहें

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सभी विभागों के जन सूचना अधिकारी समय-समय पर आरटीआई पोर्टल की समीक्षा करते रहें एवं प्राप्त आवेदनों का सूचना का अधिकार अधिनियम की धाराओं को ध्यान में रखते हुए संतोषजनक जवाब आवेदक को दिया जाए। आरटीआई विशेषज्ञ शैलेंद्र चौहान द्वारा बैठक में उपस्थित सभी जन सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया और बताया कि किस प्रकार आरटीआई के तहत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करना चाहिए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश का जनपद गौतम बुद्ध नगर में पधारने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया और उनको आश्वस्त किया कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु जो मार्गदर्शन आपके द्वारा आज बैठक में दिये गये है, उनका संबंधित विभागों के जन सूचना अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराते हुए लंबित प्रकरणों को आगामी दिसंबर माह तक निस्तारण करने की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप सिंह प्रमेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी सदर चारुल यादव, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, उप जिलाधिकारी न्यायिक जेवर विवेक भदोरिया, नगर मजिस्ट्रेट विवेकानंद मिश्र, संबंधित विभागों तथा प्राधिकरण के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एएनएम सेंटर भवन जर्जर, ग्रामीण महिलाओं को हो रहीं दिक्कतें

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की दशा बहुत खराब है।ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से एएनएम सेंटर स्थापित किए गए हैं। इनमें से कई सेंटर अब जर्जर हो चुके हैं। इन सेंटरों की बिगड़ती हालत के कारण एएनएम स्टाफ यहाँ निवास करने से कतरा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप गांव की महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के केंद्रों का रुख करना पड़ता है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व और प्रसव पश्चात सेवाओं के लिए एएनएम सेंटर स्थापित किए गए।बताते चलें कि जगदीशपुर क्षेत्र अंतर्गत मंगौली ग्राम सभा में तीन दशक पहले स्थापित एएनएम सेंटर शुरू हुआ था। जहां डोमड़ीह, परवेजपुर और मंगौली ग्राम सभाओं के एएनएम स्टाफ सेवा देते थे। लेकिन अब यह सेंटर पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। जिससे महिलाओं को टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चार से पाँच किलोमीटर दूर स्थित जगदीशपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।शिकायतों के बावजूद प्रशासन की उदासीनता बरकरार है।

क्षेत्रीय पत्रकार गंगेश पाठक, पूर्व प्रधान चंद गोपाल एवं अन्य ग्रामीणों ने कई बार मंगौली ग्राम सभा के एएनएम सेंटर की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन को लिखित शिकायत दी। लेकिन अब तक कोई ठोसकदम नहीं उठाया गया है।वर्ष 2014-15 में तत्कालीन अधीक्षक जीए खान के समय में भी इस सेंटर की स्थिति पर शिकायत की गई थी। इसके बाद डॉ. महेंद्र तिवारी ने अधीक्षक का पद संभाला। और अब वर्तमान में डॉ. प्रदीप तिवारी हैं। लेकिन इस सेंटर की मरम्मत का कार्य आज तक शुरू नहीं किया गया। 2015 में सेंटर के मरम्मतीकरण के लिए ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी को आवेदन दिया था। विधायक ने इसे संबंधित अधिकारियों तक भेजा था। लेकिन अब तक न तो किसी अधिकारी ने सेंटर का निरीक्षण किया। और न ही कोई ठोस कदम उठाया गया। इन मंगौली, डोमाडीह और परवेजपुर तीन ग्राम सभाओं की महिलाएं आज भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के केंद्रों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि अमेठी की महिला जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंगौली ग्राम सभा स्थित एएनएम सेंटर का निरीक्षण कर इसके मरम्मतीकरण के कार्य को शीघ्र शुरू करें। इस कदम से गांव की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उन्हें नजदीक ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जर्जर सेंटर की स्थिति का सुधार ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य और सार्वजनिक हित में बहुत जरूरी है।यह कार्यवाही सरकारी योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।जो ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित ढंग से मुहैया कराने को सुनिश्चित करेगी। सरकार द्वारा किए गए स्वास्थ्य सुधारों की दिशा में यह एक अहम कदम साबित होगा।यह न केवल क्षेत्रीय महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाएगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि ग्रामीण महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं समय पर और उनके नजदीक मिल सकें।

# किसान दिवस में सुनी गईं किसानों की समस्याएं एवं सुझाव

## किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए: जिलाधिकारी




जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। किसान दिवस के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई गई। तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए।तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की। और अच्छा मुनाफा कमाया। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया की किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों को दिया जाए। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं।जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में छात्रों को यातायात के नियमों की दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



पुलिस अधीक्षक, रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में बुधवार को यातायात माह के तेरहवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी इण्टर कालेज रायबरेली में यातायात पुलिस द्वारा छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। उनको पम्पलेट व हैंडबिल वितरित किए गए, साथ ही जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, कार्तिक मेला डलमऊ में मालवाहक वाहनों व ट्रैक्टर ट्राली से यात्रा न करने हेतु वाहन चालकों को जागरूक किया गया एवं चेतावनी दी गई, साथ ही रायबरेली शहर में चलने वाले ई रिक्शों को उनके रूट निर्धारण हेतु उनके चालकों एवं मालिकों को रूट निर्धारण फॉर्म निशुल्क वितरित किए गए तथा यातायात नियमों अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 304 चालान करते हुए 457000 रुपए का जुर्माना योजित किया गया।

# मिल्कीपुर में बिजली बिल के सबसे ज्यादा बकायेदार, फिर भी अधिकारी नहीं ले रहे एक्शन!

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव भले अधर में हो, पर इसके असर से इस क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता मौज काट रहे हैं। अयोध्या मंडल में बिजली बिल की सर्वाधिक रकम जिले में ही बकाया है और इसमें अकेले मिल्कीपुर क्षेत्र के ही उपभोक्ता सबसे अधिक बकाएदार हैं, फिर भी पावर कारपोरेशन के अधिकारी उस क्षेत्र में जांच अभियान चलाने से बच रहे हैं। बताया जा रहा कि उप चुनाव होने तक मिल्कीपुर में जांच अभियान चलाने या सख्ती से वसूली पर अघोषित रूप से मुख्यालय से रोक लगी है।

मिल्कीपुर से गत विधानसभा चुनाव में विधायक चुने गए अवधेश प्रसाद के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने के बाद उनके इस्तीफा दे देने से यहां उप चुनाव होना है। यह उप चुनाव प्रदेश की अन्य सीटों के साथ ही हो जाता, पर हाई कोर्ट में याचिका लंबित होने के कारण निर्वाचन आयोग ने यहां चुनाव घोषित नहीं किया। याचिका वापस लिए जाने को लेकर बीते दिनों हाई कोर्ट में सुनवाई होनी थी, परंतु यह नहीं हो सकी। इस कारण उप चुनाव को लेकर अभी भी संशय है। बावजूद इसके मिल्कीपुर क्षेत्र में कोई जांच अभियान चलाने से सरकारी विभागों के अधिकारी कतरा रहे हैं। इससे क्षेत्र के मतदाताओं की चांदी है। इसे ऊर्जा निगम के उदाहरण से सहज तरीके से समझा जा सकता है।

निगम का जिले में लगभग 30 अरब रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इसमें घरेलू, वाणिज्यिक, औद्योगिक व सरकारी उपभोक्ता समाहित हैं। जिले में 25 अरब 63 करोड़ 90 लाख रुपये तो अकेले उन उपभोक्ताओं पर बकाया है, जिन्होंने कनेक्शन लेकर कभी बिल ही नहीं जमा किया। इसमें इकलौते मिल्कीपुर क्षेत्र यानी विद्युत वितरण खंड-तीन का सर्वाधिक बकाया है। यहां नेवर पेड 32 हजार 77 उपभोक्ताओं पर अकेले 23 अरब 40 करोड़ 31 लाख रुपये बकाया है।

बीते दिनों मुख्य अभियंता वितरण के आदेश पर अफसरों ने थोड़ी सख्ती की तो 2,369 उपभोक्ताओं ने केवल 66 लाख रुपये ही जमा किए हैं। इसमें 64 उपभोक्ताओं ने 51 लाख रुपये जमा करके स्थायी रूप से कनेक्शन कटवा लिया है। अभी भी मिल्कीपुर के 29 हजार 644 उपभोक्ता बकाएदार हैं।

इसके अलावा उन उपभोक्ताओं पर भी बड़ी धनराशि बकाया है, जो नियमित रूप से बिल जमा करते रहे हैं। इसके बावजूद न तो ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने इस क्षेत्र में कभी जांच की, न ही स्थानीय अधिकारियों ने। शिविरों में स्वैच्छिक रूप से जितना उपभोक्ता जमा कर दे रहे हैं, वही राजस्व विभाग को मिल रहा है।

> **मिल्कीपुर क्षेत्र में विधानसभा का उप चुनाव प्रस्तावित होने के कारण मुख्यालय स्तर से ही जांच अभियान चलाने से मना किया है। इस संबंध में कोई लिखित आदेश तो नहीं दिया गया है, पर उप चुनाव संपन्न होने तक मौखिक रूप से मनाही की गई है। अब जबकि चुनाव की तारीख नहीं घोषित हो रही है तो उच्चाधिकारियों से बात करके राजस्व वसूली का प्रयास किया जाएगा।**
>
> **- रामकुमार, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण क्षेत्र अयोध्या**

# रायबरेली प्रीमियर लीग के छठवें दिन निर्मल हॉस्पिटल व एनएससी ए ने जीत के साथ बनाई सेमीफाइनल में जगह

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



यूथ क्रिकेट अकादमी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण के छठवें दिन आज पहले मैच में मुख्य अतिथि महराजगंज ब्लॉक प्रमुख सतेंद्र सिंह रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जबकि दिन के दूसरे मैच में मुख्य अतिथि हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी रहे।

जिन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की और प्रतिस्पर्धा में बने रहने की सीख दी। सिक्का स्पोर्ट्स व निर्मल हॉस्पिटल के बीच खेला गया इसमें टॉस जीतकर निर्मल हॉस्पिटल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों अक्षांश सिंह के 47 रनों की बदौलत 7 विकेट खो कर 182 रनों का लक्ष्य दिया, जबकि गेंदबाजी में सिक्का स्पोर्ट्स राघव साहू ने 2 विकेट हासिल किया जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्का स्पोर्ट्स ने बल्लेबाजी में शिवा सोनकर के आतिशी 54 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 173 रन बना कर ऑल आउट हो गई।

निर्मल हॉस्पिटल की ओर गेंदबाजी मे श्रवण जायसवाल ने 4 विकेट हासिल किया। इस मैच में शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करने वाले श्रवण जायसवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, इसी जीत के साथ निर्मल हॉस्पिटल ने सेमी फाइनल में अपनी जगह बनाई, जबकि दिन का दूसरा मैच एन एस सी ए व भारत फाइटर के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एन एस सी ए ने अभिषेक तिवारी के 24 रनों को बदौलत 127 रन बना कर ऑल आउट हो गई जबकि भारत फाइटर की ओर से गेंदबाजी में रवि दीक्षित ने 3 विकेट हासिल किया लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत फाइटर निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और 106 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। एन एस सी ए उमर, तरुण, राठौर और दिव्यांश ने 2-2 विकेट हासिल किया। शानदार प्रदर्शन के लिए रवि दीक्षित को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इसी जीत के साथ एन एस सी ए ने भी सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

यूथ क्रिकेट अकादमी के सचिव सिविल रावत ने बताया की रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण के सातवें दिन पहला मैच एन एस सी ए व निर्मल हॉस्पिटल के बीच पंडित मोती लाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। इस अवसर पर उपमेंद्र सिंह, राजन सिंह, यूथ क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष अनुभव कक्कड़, विकाश सिंह, मोहम्मद मुशीर, मोहम्मद तफसीर, करण वीर सिंह गांधी, विनय तिवारी, सचिन सिंह, प्रभाकर गुप्ता, गौरव सिंह, अंकुर शुक्ला आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को सफल बनाये जाने हेतु बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व अमित पाण्डे, नोडल अधिकारी लोक अदालत के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंक व फाइनेन्स कम्पनियों के लम्बित प्री-लिटिगेशन स्तर के मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जज अनुपम शौर्य के द्वारा की गयी। अपर जिला जज द्वारा बैठक में उपस्थित बैंक व फाइनेन्स कम्पनी के प्रबन्धकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकेबैठक में राजीव पाण्डेय, अग्रणी शाखा प्रबन्धक, बैंक आफ बड़ौदा अमेठी, रुपेश दुबे अग्रणी शाखा प्रबन्धक, बैंक आफ बड़ौदा रायबरेली के अतिरिक्त शाखा प्रबन्धक बैंक आफ बडौदा, इण्डियन बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक, यूको बैंक, बड़ौदा यू0पी0 बैंक, श्रीराम फाइनेन्स, पंजाब नेशनल बैंक, रायबरेली उपस्थित रहे।

# स्काउट और गाइड के प्रदेश स्तरीय तृतीय सोपान में सफल विद्यार्थी हुए सम्मानित



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला के विद्यार्थियों द्वारा स्काउट और गाइड के प्रदेश स्तरीय तृतीय सोपान में सफलता प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने स्काउट के छात्र अभिमन्यु, शिखर, अर्चित, अनिकेत, अरनव, पियूष, आदर्श प्रताप, अमन, आदित्य, अर्श, सर्वज्ञ, स्नेहल, अंश, सय्यद मो. अब्बास, प्रशांत और गाइड की छात्रा खुशबू, महक, जान्हवी, वैश्नवी और अर्पिता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि स्काउट और गाइड के छात्र - छात्राओं द्वारा प्रदेश स्तरीय तीन सोपानों में सफलता प्राप्त करने के उपरान्त वह राज्यपाल द्वारा दिए जाने वाले प्रमाणपत्र की परीक्षा हेतु योग्य हो जाते हैं।

प्रदेश स्तरीय तृतीय सोपान पार कर चुके यह विद्यार्थी अब राज्यपाल स्तरीय प्रमाणपत्र की कतार में पहुँच गए हैं। यह प्रमाणपत्र इन विद्यार्थियों को समाज सेवा,देश सेवा और राष्ट्र सेवा के लिए प्रदान किया जाता है, ऐसे छात्र अपने कैरियर में भी इन प्रमाणपत्रों का उपयोग कर सकतें हैं एवं इनके लिए विशेष भर्तियां भी आयोजित की जाती हैं।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने बच्चों की इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि इन छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से विद्यालय का नाम रोशन किया है, सभी विद्यार्थियों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। छात्र जीवन में सेवा और अनुशासन का विशेष महत्व होता है, स्काउट और गाइड के प्रशिक्षण में छात्रों को यही सिखाया जाता है जिससे कि वह सफलता की ऊँचाइयों पर पहुँच सकेंइस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, विवेक सिंह, अजयराज सिंह, कामरान, पूजा सिंह गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं, एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यवसायिक वाहनों के बकाया कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/ जुर्माना से छूट प्रदान करने के लिए एक मुश्त समाधान योजना का लें लाभ: एआरटीओ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रायबरेली ने बताया है कि उ0प्र0 शासन, परिवहन अनुभाग-4 की अधिसूचना के माध्यम से व्यवसायिक वाहनों के विरूद्ध बकाया कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/जुर्माना से छूट प्रदान करने के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। उन्होंने बताया है कि इस योजना के अन्तर्गत ऐसे वाहन स्वामी जिसके व्यवसायिक वाहन के विरूद्ध कर बकाया है।

वह कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाली शास्ति (जुर्माना) में छूट चाहते हैं वह अधिसूचना जारी होने की तिथि से 03 माह के भीतर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), रायबरेली के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करके और शास्ति/जुर्माना को अदेय करते हुए बकाया कर की धनराशि एकमुश्त जमा करायी जायेगी। पंजीकरण शुल्क की धनराशि हल्के मोटरवाहन (सकल यान भार 7500 किग्रा0 तक) के लिए रू0-220/- तथा शेष प्रवर्ग के वाहनों के लिए रू0-500/- निर्धारित की गयी हैपंजीकरण शुल्क की धनराशि हल्के मोटरवाहन (सकल यान भार 7500 किग्रा0 तक) के लिए रू0-220/- तथा शेष प्रवर्ग के वाहनों के लिए रू0-500/- निर्धारित की गयी हैअधिसूचना के अन्तर्गत ऐसे वाहन स्वामी जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित हों अथवा जिनके कर/शास्ति के विरूद्ध अपील/पुनरीक्षण उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष लम्बित हों, वे भी आवेदन के पात्र होंगे। ऐसे वाहन स्वामियों को वाद समाप्त करेन के लिए सम्बन्धित न्यायालयों/उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) / उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष आवेदन करना होगा। परिवहन यानों के समस्त स्वामी अथवा उनके विधिक उत्तराधिकारी जिनके विरूद्ध अधिसूचाना की तिथि से पूर्व कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो तथा ऐसे परिवहन यान के स्वामी या वित्तपोषक जिनके वाहन का मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 51 के अधीन कब्जा कर लिया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन आवदेन कर सकते हैं।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जनपद के समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामियों से कहा है कि अपनी वाहन पर संदेय कर के विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/ जुर्माना में छूट प्राप्त करने हेतु इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

## जनपद की परिषदीय खेलकूद प्रतियोगिता में हरचंदपुर रहा ओवर ऑल चैम्पियन

# खेल से खुल रहे हैं अब सरकारी नौकरी के रास्ते: उमेश द्विवेदी

- व्यक्तिगत स्पर्धा में प्राथमिक वर्ग में राही के समीमर और जगतपुर की रीना यादव रहीं चैम्पियन
- उच्च प्राथमिक स्तर पर सरेनी के अंकित और अमावां की ऊषा रही चैम्पियन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



शहर के पुलिस लाइंस ग्राउण्ड में चल रही दो दिवसीय प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। ब्लॉक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भविष्य के बड़े खिलाड़ियों ने दो दिनों तक पुलिस लाइंस के ग्राउण्ड पर अपने को अव्वल लाने के लिए खूब पसीना बहाया। नन्हें बच्चों के बीच हुई खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियनशीप हरचंदपुर के नाम रही, उपविजेता ऊंचाहार ब्लॉक रहा। एथलीट में उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में सरेनी के अंकित, बालिका वर्ग में अमावां की ऊषा, प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में राही के समीर और बालिका वर्ग में जगतपुर की रीना यादव चैम्पियन रहीं। समापन समोरह के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी रहे। शिक्षक विधायक (एमएलसी) उमेश द्विवेदी ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज खेल के माध्यम से भी सरकारी नौकरियों के रास्ते खुल रहे हैं नेशनल प्रतियोगिता से लेकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को यूपी सरकार की तरफ से नौकरी दी जा रही है। प्रधानमंत्री जी भी खेलों के प्रति बढ़ावा दे रहे हैं। उनका नारा भी है 'खेलेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया'। जिले का जिक्र करते हुए कहा कि यहां से नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया है भविष्य में आप सब भी इन बच्चों जैसे खिलाड़ी हो सकते हैं।

बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में जिलेस्तर पर विजेता खिलाड़ी न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर को जीतने के बाद यहां तक पहुंचा है। अब यहां के विजेता खिलाड़ी आगे मंडल और प्रदेश स्तर पर नाम विद्यालय का नाम ऊंचा करेंगे। उन्होंने प्रतियोगिता में रनर रहे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप लोग अगली बार पूरे दमखम के साथ में प्रतिभाग करेंगे और विक्ट्री स्टैंड पर हम आपको मेडल पहना रहे होंगे। इस मौके नोडल अधिकारी के रूप में बीईओ सत्यप्रकाश सिंह, राजीव ओझा, जिला व्यायाम शिक्षिका रेनू शुक्ला, शिवशरण सिंह, मीनाक्षी तिवारी, मुन्नालाल साहू, अभिषेक द्विवेदी, भीम, ज्ञान, रेखा, विनोद, विजयी सिंह, दुर्गेश, विमला कुशवाहा, मालती, वंदना, संजय, पवन, संदीप, मनोज, दिलीप, मनोज, वरुणेंद्र, संजय वर्मा, दीपेश आदि लोगों ने प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराया।



### राज्यमंत्री ने 30 कृषकों को किया सम्मानित

सहकारी गन्ना समिति पीलीभीत के तत्वावधान में आज वुद्धवार को कृषण गौष्ठी एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्ना विकास....

खबर पेज 10 पर...

# शरीर के हर अंग को नुकसान पहुंचा रहा अनियंत्रित डायबिटीज




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

अनियंत्रित मधुमेह शरीर के लगभग सभी अंगों को नुकसान पहुंचा रहा है। आरामदायक जीवनशैली की वजह से बढ़ रहा यह रोग बड़ी संख्या में लोगों को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। ओपीडी में पहुंचने वाला हर छठां और भर्ती रोगियों में हरा चौथा व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है।

हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक लेकर आंख, लिवर, किडनी में समस्या व गठिया तक को जन्म देने वाली इस बीमारी से बचने के लिए शरीर को सक्रिय रखना बहुत जरूरी है। यह कहना है जनपदीय गैर संचारी रोगों के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ डॉ एसपी यादव का।

डॉ यादव का कहना है की नियमित योग-व्यायाम करने व सुबह टहलने से इस रोग से बचा जा सकता है। तेल, घी, चिकनाई, फास्ट फूड व नशे की लत मधुमेह से पीड़ित करने में सहयोगी होती है।

यदि आलस्य व आराम से यारी बढ़ाएंगे तो मधुमेह की बीमारी हो सकती है। 14 नवंबर को लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 के लिए थीम है बाधाओं को तोड़ना, अंतरालों को पाटना

उन्होंने बताया की जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर राष्ट्रीय गैर संचारी कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की मधुमेह की जांच की जाती है।

इसके अलावा गर्भावस्था में माँ एवं गर्भस्थ शिशु के लिये मधुमेह को लेकर जागरूक करने के साथ ही जांच भी की जाती है।

### जनपद की स्थिति

कानपुर जनपद में इस वर्ष अप्रैल 2024 से अभी तक सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 30 वर्ष से अधिक आयु के करीब 4,81,237 लोगों की मधुमेह की जांच की गयी है।

### विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

नोडल अधिकारी ने बताया कि 14 नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मधुमेह रोग की जानकारी देने के साथ जागरूक किया जाएगा। जिले में जिला चिकित्सालय व समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में शुगर, हृदय रोग व उच्च रक्तचाप जांच शिविरों का आयोजन कर 30 व अधिक उम्र के व्यक्तियों की शूगर, हृदय रोग व उच्च रक्तचाप की जांच की जाएगी। इस दौरान पम्पलेट, हैंडआउट्स वितरण, स्कूल व कॉलेजों में वाद- विवाद प्रतियोगिता व संगोष्ठी जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### दो तरह का होता है मधुमेह

**श्रेणी-1**

मधुमेह अक्सर हमारे बचपन या किशोरावस्था में होता है, जिसमें हमारे शरीर में इंसुलिन के उत्पादन में अचानक कमी होती है। साथ ही, शरीर में ग्लूकोज की मात्रा अधिक होने के कारण, इसे नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन का इंजेक्शन लगाना आवश्यक हो जाता है।

**श्रेणी-2**

मधुमेह के रोगी पर 30 साल के बाद लोगों में धीरे-धीरे होने लगते हैं, टाइप 2 मधुमेह वाले अधिकांश लोग अपने सामान्य वजन से अधिक हो जाते हैं। उनका पेट बाहर निकलने लगता है। कभी-कभी यह आनुवांशिक होता है, कई मामलों में यह खराब जीवन शैली से संबंधित होता है।

# शहर में 52वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल के निर्देशन में 52वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता का आयोजन ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कानपुर मंडल के कन्नौज इटावा कानपुर देहात कानपुर नगर औरैया जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कुल 105 प्रतिभागियों ने अपने-अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर क्रियाकारी, जूनियर स्थिर, सीनियर क्रियाकारी, एवं शिक्षकों के मध्य किया गया। बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता में ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर के प्रतिभागियों ने सर्वाधिक पुरस्कार अर्जित किया। जूनियर



स्थिर वर्ग में विद्यालय के छात्र विवेक पांडे को यातायात एवं संचार में, कार्तिकेय जायसवाल ने गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल सोच में अनंत कुमार ने कचरा प्रबंधन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय हाई स्कूल जहांगीराबाद कानपुर नगर की छात्रा कुमारी अनुराधा ने भोजन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय में, राजकीय हाई स्कूल राधान कानपुर नगर की छात्रा कुमारी खुशी ने प्राकृतिक खेती में, व ओम ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज जवाहर नगर के छात्र नक्षत्र त्रिपाठी ने आपदा प्रबंधन में, तेजस्व शुक्ला ने गणितीय मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशन सच में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार जूनियर क्रियाकारी मॉडल में, देवासी तिवारी, रुद्र प्रताप सिंह, गरिमा सिंह, अभिनव मिश्रा, हर्षित पटेल, प्रिंस शुक्ला ने संसाधन प्रबंधन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता की नोडल प्रभारी डॉक्टर किरण प्रजापति एवं श्रीमती संगीता सिंह के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई।

प्रतियोगिता का आयोजन ओंकारेश्वर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के प्रबंध निदेशक डॉक्टर पूनम अवस्थी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राममिलन सिंह ने प्रतियोगिता को संपन्न कराने में अहम योगदान निभाया। प्रतियोगिता में विद्यालय की शिक्षिका प्रतिभा श्रीवास्तव, निधिप श्रीवास्तव, आकांक्षा जौहरी, ने अमूल योगदान दिया।

# प्रदेश की योगी सरकार में सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए, सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विशाल जनसभा बीते दिन जीआईसी मैदान लाल इमली चौराहा के पास कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जनसभा का संचालन सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नगर आगमन पर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ जाकर पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पहुंचकर माननीय श्री अखिलेश यादव जी का स्वागत किया। 213 सीसामऊ विधानसभा इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती नसीम सोलंकी के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में आत्महत्या करने वालों का एक नया रिकॉर्ड बना है अब गरीबों के घर नहीं टूटेंगे क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बुलडोजर अब गैराज में खड़ा होगा सरकार के लोग घर तोड़ने में एक सेकंड भी नहीं लगाते हैं आप



लोग इन लोगों से क्या उम्मीद करेंगे अपना घर हो अपना आंगन हो इस घर का सपना कभी न टूटे इसका इससे ज्यादा प्रदेश की भाजपा सरकार पर टिप्पणी क्या होगी हमारे आपके बीच विधायक रिहा होकर आएंगे और उसी तरह से आप लोगों के बीच कार्य करेंगे सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार के खिलाफ हमें पूरा भरोसा है उच्च न्यायालय पर आज सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि हजारों की संख्या में प्रदेश का नौजवान प्रयागराज में धरने पर है और सरकार से यूपीपीएससी की परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं आखिर सरकार परीक्षा क्यों नहीं करवा रही है जो लोग नारा दे रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन इससे जनता का कोई भला नहीं होने वाला परीक्षा न कर कर सरकार परीक्षा में कौन सा बदलाव चाहती है जो देश में आयोग है वह अयोग्य हो गया है बनकर खड़ा है 7 साल पहले कभी पेपर लीक नहीं हुए थे जितने इस सरकार में पेपर लीक हुए है नौजवानों ने विगत लोकसभा चुनाव में सरकार के खिलाफ मतदान करके योगी सरकार को हराया है या हम कभी कल्पना नहीं कर सकते थे कि किसानों नौजवानों ने सरकार को हराया है नौकरी भाजपा सरकार के एजेण्डे में नहीं है नौकरी ना देना पेपर ना करना या नौजवानों को केवल धोखा नहीं दे रहे बल्कि नौजवानों के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि सरकार का बुलडोजर जो प्रतीक बन गया था आज सरकार के खिलाफ जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है उसका मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद देता हूं सुप्रीम कोर्ट के ऐसे कई फैसले होते हैं जहां पर सरकार को कोर्ट के आदेश पर जुर्माना देना पड़ता है सुप्रीम कोर्ट ने सरकार पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है न केवल जुर्माना लगाया बल्कि ऐसी दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा जिन अधिकारियों ने बुलडोजर चलाकर गरीबों के घर तोड़ने का कार्य किया है। अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में आगे कहा कि इस सरकार से किसान नौजवान अल्पसंख्यक छात्र महिलाएं सभी परेशान है क्योंकि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तानाशाही तरीके से सरकार चलाकर जनता की आवाज को दबा रहे हैं इस सरकार में जनता ने अपनी आवाज उठाने का अधिकार खो दिया है आज महंगाई चरम सीमा पर है प्रदेश की कानून व्यवस्था पंगु हो गई है अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है गुंडे माफियाओं के दिमाग से सरकार और पुलिस प्रशासन का भय समाप्त हो गया है इसीलिए आए दिन गुंडे माफिया किसी बड़ी वारदात को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं और सरकार जांच के नाम पर जनता को बेवकूफ बनाती रहती है। जनसभा में प्रमुख रूप से सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी प्रभारी राजेंद्र कुमार जी सह प्रभारी सुनील सिंह साजन सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा विधायक अमिताभ बाजपेई विधायक मोहम्मद हसन रुमी पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र मोहन अग्रवाल महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू प्रदेश सचिव के के शुक्ला यूथ विग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा विधायक गजाला लारी विधायक विशंभर सिंह यादव दिलीप सिंह कल्लू यादव पूर्व विधायक सतीश निगम अपर्णा जैन सीसामऊ विधानसभा अध्यक्ष आसिफ कादरी वरुण जायसवाल पप्पू मिर्जा अपर्णा जैन नीतेंद्र यादव हाजी सरताज अनवर बंटी यादव डॉक्टर कमलेश यादव अर्पित त्रिवेदी अरमान खान अर्पित यादव दीपक मौजूद रहे।

# सीपी की फटकार के बाद महाराजपुर पुलिस ने वृद्धा संग दुष्कर्म के प्रयास की धारा में दर्ज किया केस




> प्राथमिक जांच में बुजुर्ग महिला द्वारा लगाए गए सभी आरोप सही पाए गए हैं। आरोपी ने पूछताछ में नशे की हालत में हैवानियत करने की बात कबूल की है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।
>
> **श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

80 वर्षीय वृद्धा से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में तहरीर बदलवाकर किरकिरी करवाने वाली महाराजपुर पुलिस को बुधवार को पुलिस कमिश्नर ने फटकार लगाई। सीपी की फटकार के बाद मामले को दुष्कर्म के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुरवामीर चौकी क्षेत्र निवासी 80 वर्षीय वृद्धा गांव में झोपड़ी बनाकर रहती है। आरोप है कि सोमवार देर रात नशे में धुत गांव का एक युवक उसे झोपड़ी से खींचकर खेतों में ले गया। मुंह में वृद्धा का स्वेटर ठूंसकर हाथ में रस्सी बांधकर दुष्कर्म का प्रयास किया।

हालांकि वृद्धा के विरोध और ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। ग्रामीणों ने महिला को बंधन से मुक्त कर उसे कांशीराम में भर्ती कराया। महिला के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास समेत कई आरोप लगाते हुए तहरीर दी। हालांकि पुलिस ने दबाव बनाकर दोबारा जबरन मारपीट की तहरीर लिखवाकर ले ली।

अमर उजाला ने जब इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो आला अधिकारी हरकत में आए। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने थानेदार को जमकर फटकार लगाई।

इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रयास, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजकुमार निषाद के रूप में हुई है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### इकरा हसन बोलीं- सरकार विपक्ष को बना रही निशाना



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी नसीम के पक्ष वोट देने की अपील करने आई, सपा की कैराना से सांसद इकरा हसन ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। मकबरा ग्वालटोली करनैलगंज ऊंची सड़क की जनसभा में उन्होंने कहा कि सरकार विपक्ष के विधायकों का लगातार उत्पीड़न कर रही है। साथ ही गरीबों, मजदूरों और किसानों के साथ भी अन्याय किया जा रहा है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सत्ता पक्ष को उनके कार्यकर्ता मुंह तोड़ जवाब देंगे। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, विधायक अमिताभ बाजपेई, हाजी मोहम्मद हसन रूमी, संजय सिंह बंटी सेंगर, शैलेंद्र यादव मिंटू, गजाला लारी, विधायक फहीम इरफान, प्रभारी सुनील यादव साजन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार बीटेक छात्रों को मारी टक्कर, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी थानाक्षेत्र में श्यामनगर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार डंपर ने आगे जा रहे बाइक सवार बीटेक छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों के आईकार्ड के जरिए परिजनों को सूचना देने के साथ ही घायल छात्र को उपचार के कांशीराम में भर्ती कराया। किदवईनगर के साकेतनगर निवासी प्राइवेट कर्मी सोनी भारती का इकलौता बेटा रिषभ भारती (18) रूमा स्थित विजन इंस्टीट्यूट से बीटेक कर रहा था। वह कंप्यूटर साइंस सेकेंड ईयर का छात्र था। परिवार में मां मधु, दो बहनें गुनगुन और स्नेहा हैं।

चचेरे भाई दीपक ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 8 बजे रिषभ अपने साथी ट्रांसपोर्टनगर ढकनापुरवा निवासी सचिन वर्मा के साथ बाइक से कॉलेज जा रहा था। दोनों चकेरी स्थित श्यामनगर फ्लाईओवर पर पहुंचे ही थे कि लखनऊ की ओर जा



रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों दोस्त बाइक समेत काफी दूर तक घिसटते चले गए। इससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही दोनों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रिषभ को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, सचिन की पसलियां और पैर में फ्रैक्चर हो गया। चकेरी थाना प्रभारी अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आईकार्ड में दर्ज जानकारी के जरिये परिजनों से संपर्क कर सूचना दी गई। डंपर जाजमऊ निवासी नजीम अहमद के नाम पर पंजीकृत है। परिजनों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# छेड़छाड़ के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर महिला से अभद्रता और छेड़खानी के मामले में रेलबाजार थाने से निलंबित हुए फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। मंगलवार को पुलिस कमिश्नर ने निलंबित दरोगा की बर्खास्तगी के लिए प्रक्रिया शुरू करने के लिए डीसीपी मुख्यालय को निर्देश दिए हैं। रेलबाजार निवासी एक युवती एक युवक के साथ घर छोड़कर चली गई थी। परिजनों के गुमशुदगी दर्ज कराने पर पुलिस ने जांच शुरू की तो उसकी लोकेशन मुंबई में मिली। तत्कालीन फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह को एक टीम के साथ महिला को ढूंढकर लाने के लिए भेजा गया। आरोप है कि उसे साथ लेकर लौटते समय दरोगा ने युवती के भाई को नासिक में कार से उतार दिया। इसके बाद पूरे रास्ते युवती के साथ छेड़खानी व अश्लीलता की। मामला संज्ञान में आने के बाद सीपी ने उसे निलंबित कर दिया था। दरोगा की पत्नी प्रियांशी ने पुलिस ऑफिस पहुंच दरोगा पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। प्रियांशी ने बताया था कि 22 अप्रैल 2023 को उसकी शादी गजेंद्र सिंह से हुई थी। शादी के बाद पता चला।


## एक्सप्रेस खबरें...

### बैंडमिंटन छीनकर भाग रहे लुटेरे ने पीछा कर रहे छात्र पर फेंका केमिकल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कल्याणपुर क्षेत्र में बैंडमिंटन छीनकर भाग रहे लुटेरे ने पीछा करने पर छात्र पर केमिकल फेंक दिया। इससे उसका दायां हाथ झुलस गया और वह बेसुध होकर गिर गया। इसी बीच आरोपी मौके से भाग गया। परिजनों ने झुलसे छात्र को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

नानकारी निवासी वीरेंद्र आईआईटी में अकाउंटेंट पद पर कार्यरत हैं। सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला उनका बेटा आरुष बैडमिंटन का खिलाड़ी है। वह आईआईटी के बैडमिंटन कोर्ट में रोजाना प्रैक्टिस करता है। रविवार शाम आरुष प्रैक्टिस के लिए घर से साइकिल से जा रहा था। चंदेल गेट के पास पहले से खड़े एक नाबालिग लुटेरे ने लात मारकर उसे साइकिल समेत गिरा दिया। आरुष कुछ समझ पाता, इससे पहले किशोर उसका बैडमिंटन छीन कर भागने लगा। आरुष ने पीछा किया तो लुटेरे ने केमिकल फेंक दिया जिससे उसका दाया हाथ झुलस गया। जलने की वजह से आरुष बेसुध होकर सड़क पर गिर पड़ा। इलाकाई लोगों की मदद से परिजन उसे पास के अस्पताल ले गए। वहां से उसे सर्वोदयनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# साल भर में न सुधरी आउटफील्ड तो ग्रीन पार्क से मैच होंगे आउट



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में तीन साल बाद इसी वर्ष सितंबर में भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच की मेजबानी करने वाले ग्रीन पार्क स्टेडियम पर मैच न मिलने का खतरा मंडराने लगा है। इसकी वजह खराब आउटफील्ड बनी है। आईसीसी ने ग्रीन पार्क की आउटफील्ड को असंतोषजनक करार देते हुए एक डिमेरिट अंक दिया है। साल भर में यहां की कमियां सुधार कर रिपोर्ट आईसीसी को नहीं भेजी गई तो वह ग्रीन पार्क पर कड़ा कदम उठा सकती है।ग्रीन पार्क स्टेडियम को इससे पहले वर्ष 2008 में भारत और दक्षिण अफ्रीका टेस्ट मैच के दौरान भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा था। उस समय यहां तीन दिन के अंदर मैच खत्म हो गया था और यहां की पिच को असंतोषजनक करार दिया गया था। इस साल 27 सितंबर से एक अक्तूबर तक ग्रीन पार्क में भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच के पहले दिन केवल 35 ओवर का खेल हुआ।

### ग्रीनपार्क की आउटफील्ड को असंतोषजनक करार

उसके बाद बारिश और खराब आउटफील्ड के कारण दूसरे व तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका। हालांकि इसके बावजूद टीम इंडिया ने ग्रीन पार्क में टेस्ट इतिहास की सबसे तेज बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश पर जीत हासिल की। पिछले सप्ताह आईसीसी ने भारत में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई सीरीज के आधार पर मैदान तथा आउटफील्ड की रिपोर्ट जारी की। इसमें ग्रीनपार्क की आउटफील्ड को असंतोषजनक करार दिया गया।

### पांच डिमेरिट अंक पर लगता एक साल का बैन

आईसीसी के नियमानुसार किसी स्टेडियम को पांच वर्ष के अंदर पांच से अधिक डिमेरिट अंक मिलने पर उसे एक साल के लिए बैन कर दिया जाता है। स्टेडियम में अगर सुधार के कदम नहीं उठाए जाते हैं तो यह समयसीमा बढ़ाई भी जा सकती है।

### वाटर ड्रेनेज सिस्टम लगाना हो गया बेहद जरूरी

ग्रीनपार्क में आउटफील्ड के अंसतोषजनक करार दिए जाने के पीछे मुख्य कारण यहां पूरी तरह से ड्रेनेज सिस्टम का न लगा होना है। भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारी बारिश हुई। मैदान पूरी तरह से न सूख पाने के कारण तीसरे दिन भी एक ओवर तक का खेल न हो सका। यदि यहां ड्रेनेज सिस्टम लगा होता तो यह नौबत न आती। मैच के बाद यूपीसीए समेत बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने यहां प्रशासन से ड्रेनेज सिस्टम लगाने के लिए बात की है। इसके लिए एक बैठक भी हो चुकी है। इसमें यूपीसीए को यहां ड्रेनेज सिस्टम समेत जर्जर दीर्घाओं को तोड़कर नए सिरे से बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के लिए कहा गया है।

### सालभर में होगा ग्रीन पार्क का कायाकल्प

यूपीसीए की मीडिया कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि ग्रीनपार्क स्टेडियम का कायाकल्प पहली प्राथमिकता है। यहां अत्याधुनिक ड्रेनेज सिस्टम लगाने के लिए चेन्नई, लखनऊ समेत कई कंपनियों से बात हुई है। इसके अलावा इंजीनियर गैलरी की नई डिजाइन भी तैयार कर रहे हैं। चूंकि ग्रीनपार्क राज्य सरकार के अधीन है, इसलिए हम जल्द ही अपनी सभी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप देंगे। ताकि वह यहां का काम जल्द शुरू करा सके। उन्होंने कहा कि एक साल के अंदर ग्रीन पार्क स्टेडियम का कायाकल्प होना तय है।

इस स्थिति में स्टेडियम की आउटफील्ड को जल्द सुधारना बेहद जरूरी हो गया है। इसके लिए बीसीसीआई की टीम भी यहां का जनवरी तक दौरा कर सकती है। डिमेरिट अंक के बाद सुधार की रिपोर्ट आईसीसी को सौंपनी होगी।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झूलेलाल मंदिर के किए दर्शन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** ग्वालटोली में सामाजिक सम्मेलन जनसंपर्क के पश्चात उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रामबाग स्थित झूलेलाल मंदिर पहुंचकर माथा टेका उससे पूर्व रामबाग में हनुमान चाट के नाम से प्रसिद्ध ठेले पर खड़े होकर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सांसद रमेश अवस्थी जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के संग चाट खाकर आनंद लिया। झूलेलाल मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय सह कोषाध्यक्ष आनंद राजपाल अशोक अंशवानी विधि राजपाल आदि सिंधी समाज के दर्जनों नेताओं ने स्वागत किया।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## योगी आदित्यनाथ सपा प्रमुख के खिलाफ ऐसे बुन रहे हैं सियासी जाल


**योगी इसके बाद पलामू जिले की हुसैनाबाद सीट से उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह के लिए वोट मांगेंगे। उनकी तीसरी व चौथी रैली भी पलामू में ही होगी। तीसरी रैली पांकी से शशिभूषण मेहता के लिए करेंगे। वहीं चैथी व आखिरी रैली डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में होगी। यहां से भाजपा ने आलोक कुमार चौरसिया को उम्मीदवार बनाया है। योगी जहां भी चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं वहां पर अपनी तेज-तर्रार शैली की छाप भी छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि हर चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है।**

*भारतीय जनता पार्टी के नेता और खासकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजकल समाजवादी पार्टी को हिंदुत्व के नाम पर तो घेर ही रहे हैं इसके अलावा अखिलेश राज में फैली अराजकता, जंगलराज, उनके कार्यकाल में हुए दंगों की भी याद जनता को दिला रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि अखिलेश को चौतरफा घेरने की तैयारी चल रही है।हरियाणा वाला जादू यूपी में चल गया तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिये आगे की सियासी राह मुश्किल हो जायेगी। उप चुनाव में बीजेपी और योगी की यह रणनीति सफल रही तो इसका उप चुनाव में तो पार्टी को फायदा होगा ही 2027 में होने वाले यूपी विधान सभा चुनाव के लिये भी इसे आगे बढ़ाया जा सकता है। दरअसल, योगी और अन्य बीजेपी के नेता उप चुनाव को 2027 के चुनाव का रिहर्सल मानकर चल रहे हैं, उप चुनाव के नतीजे बीजेपी के पक्ष में आते हैं तो लोकसभा चुनाव से उत्साहित अखिलेश बैकफुट पर आ सकते हैं। उधर, बीजेपी का लोकसभा चुनाव के नतीजों का गम भी काफी कम हो जायेगा। इसी बात को ध्यान में रखकर योगी अपनी रैलियों में लगातार सपा सरकार के समय के गुंडाराज, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व व नेताओं की आपराधिक की परतें उधेड़ रहे हैं। वह अंबेडकरनगर की कटेहरी, मीरजापुर की मझवां और प्रयागराज की फूलपुर या अन्य विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा में समाजवादी पार्टी को जहां अपराधी, दुष्कर्मी, माफिया का प्रोडक्शन हाउस बता रहे हैं, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को इसका सीईओ और पार्टी महासचिव शिवपाल यादव को ट्रेनर करार दे रहे हैं। सपा के पीडीए के नारे की अपने हिसाब से व्याख्या करते हुए योगी पीडीए का अर्थ है 'प्रोडक्शन हाउस ऑफ दंगाई एंड अपराधी' बताते हैं। वह कहते हैं कि अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, खान मुबारक सपा के इसी प्रोडक्शन हाउस की उपज थे। इसी के साथ योगी बार-बार याद दिलाते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, इसलिए एकजुट रहिए।भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि कांग्रेस-सपा वाले महापुरुषों का सम्मान नहीं करते हैं। एक साल पहले भाजपा 31 अक्टूबर को जब राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी तो सपा और उसके मुखिया भारत विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की जयंती मना रहे थे। इन्हें जिन्ना प्यारा है, क्योंकि उसने भारत का विभाजन कराया था। योगी बताते हैं कि एससी-एसटी पर सर्वाधिक अत्याचार सपा शासन के दौरान हुए। 2015-16 में इन लोगों ने एससी-एसटी के बच्चों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, उसे भी हमने शुरू कराया। कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन देश व समाज के लिए खतरनाक है, इसलिए हरियाणा में जनता ने उन्हें नहीं आने दिया और भाजपा की हैट्रिक लगाई। प्रयागराज के फूलपुर में भाजपा प्रत्याशी दीपक व मिर्जापुर के मझवां में शुचिस्मिता के समर्थन में आयोजित सभा में सपा को सीधे निशाने पर लिया। योगी की इसी मुखरता के कारण चुनाव प्रचार में भाजपा के स्टार प्रचारक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में लगातार तीन दिनों तक नौ रैलियां करने के बाद योगी झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। योगी झारखंड में चार रैलियां कर भाजपा के चुनाव प्रचार को धार देंगे। इससे पहले पांच नवंबर को भी उन्होंने झारखंड में कई रैलियां कर भाजपा के उम्मीदवारों का प्रचार किया था।*

### एक्सप्रेस आलेख

**राजधानी दिल्ली में अनेक सड़कों के नाम जंग में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के नामों पर हैं। पर साउथ दिल्ली की ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पहली सड़क थी जो किसी रणभूमि के योद्धा के नाम पर रखी गई थी। यह बात 1963 की है। चीन के साथ हुई जंग के बाद पहले जिस सड़क को लक्ष्मी बाई नगर मार्ग कहा जाता था,वो हो गई ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग। ब्रिगेडियर होशियार सिंह ने चीन के खिलाफ 1962 में हुई भीषण जंग में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। वे भारतीय सेना की टुकड़ी की अगुवाई कर रहे थे। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े न होने और युद्ध के लिए आवश्यक शस्त्रों के अभाव को उन्होंने आड़े आने नहीं दिया था।**

## चीन से जंग में हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाए?



आर.के. सिन्हा

**होशियार सिंह मार्ग का नामकरण करने के लिए देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री यशवंत राव चव्हाण खुद आए थे। यानी देश ने अपने उस महान शूरवीर की याद में एक कृतज्ञता का भाव प्रकट किया था। अब भी ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग से गुजरते हुए उस महान शूरवीर और 1962 की जंग के यादें ताजा होने लगती हैं।**

भारत और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे या आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है ।सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग भी हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि की कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ ज़िम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई। यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे। स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू का कार्यकाल चीन के साथ संबंधों में सदैव उतार-चढ़ाव का ही बना रहा। 1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू हिंदी-चीनी भाई-भाई का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्णमेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी ग़लत निर्णय लेते रहे। दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारा बुद्धि- विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है। चीन से युद्ध के बाद उनके जन्म दिन (14 नवंबर) को संसद में चीन से युद्ध के परिणामों पर हो रही चर्चा पर उन्हें बोलना था। चर्चा 8 नवंबर, 1962 से ही जारी थी। सभी दलों के



**खैर, नेहरू ने संसद में लंबी बहस के बाद अपना वक्तव्य देना शुरू करते हुए कहा, मुझे दुख और हैरानी होती है कि अपने को विस्तारवादी शक्तियों से लड़ने का दावा करने वाला चीन खुद विस्तारवादी ताकतों के नक्श कदम पर चलने लगा।**

नेता अपनी बेबाक राय रख रहे थे। संसद के बाहर भी नेहरू को ही घेरा जा रहा था। लोहिया ने 1949 में ही देश को आगाह कर दिया था कि उत्तरवर्ती सीमाओं से देश पर साम्यवाद का खतरा मंडरा रहा है। यह बात उन्होंने खासतौर पर तिब्बत, नेपाल और सिक्किम में चीन की भूमिका को लक्ष्य करते हुए कही थी। साल 1950 में तिब्बत पर चीन के हमले की निंदा करने वालों में डॉ 0 लोहिया अग्रणी रहे। इसके बाद से उन्होंने लगातार चीन की सीमा पर नज़र जमाये रखी और नेहरू को खबरदार किया कि चीनी निजाम को उसकी कथनी के हिसाब से देखना-समझना या फिर चीन के साथ सीमाओं को लेकर किसी किस्म के लेन-देन की बातचीत में उतरना ठीक नहीं। साल 1962 में भारत को जो सदमा झेलना पड़ा उसके लिए लोहिया ने नेहरू को बड़ी खरी-खरी सुनायी थी। खैर, नेहरू ने संसद में लंबी बहस के बाद अपना वक्तव्य देना शुरू करते हुए कहा, मुझे दुख और हैरानी होती है कि अपने को विस्तारवादी शक्तियों से लड़ने का दावा करने वाला चीन खुद विस्तारवादी ताकतों के नक्शेकदम पर चलने लगा। उन्हें सारा सदन पूरी गंभीरता से सुन रहा था। नेहरू जी बता रहे थे कि चीन ने किस तरह से भारत की पीठ पर छुरा घोंपा। पर जब उनके भाषण के बीच किसी सदस्य ने हस्तक्षेप किया तो वे बुरी तरह नाराज हो गए। पहली बार करनाल से सांसद स्वामी रामेश्वरानन्द ने व्यंग्य भरे अंदाज में कहा, 'चलो अब तो आपको भी चीन का असली चेहरा दिखने लगा।' इस टिप्पणी पर नेहरू नाराज हो गए। कहने लगे, अगर माननीय सदस्य चाहें तो उन्हें सरहद पर भेजा जा सकता है। सदन को भी नेहरू की यह बात समझ नहीं आई। नेहरू प्रस्ताव पर बोलते ही जा रहे थे। तब एक और सदस्य एच.वी.कामथ ने कहा, आप बोलते रहिए। हम बीच में व्यवधान नहीं डालेंगे। अब नेहरू विस्तार से बताने लगे कि चीन ने भारत पर हमला करने से पहले कितनी तैयारी की हुई थी। इसी बीच, स्वामी रामेश्वरानंद ने फिर तेज आवाज में कहा, 'मैं तो यह जानने में उत्सुक हूं कि जब चीन तैयारी कर रहा था, तब आप क्या कर रहे थे? अब नेहरू अपना आपा खो बैठे और कहने लगे, 'मुझे लगता है कि स्वामी जी को कुछ समझ नहीं आ रहा। मुझे अफसोस है कि सदन में इतने सारे सदस्यों को रक्षा मामलों की पर्याप्त समझ नहीं है।' वे सदन में अंग्रेजी में अपनी बात रख रहे थे। निश्चित रूप से चीन से जंग के कारण वे हताश थे। उन्हें उस जंग की परिणाम ने गहरी चोट पहुंचाई थी। इसलिए वे सदस्यों पर बरसने लगते थे। बहरहाल, चीन के खिलाफ जंग के 62 साल गुजरने के बाद भी देश उस युद्ध में जो कुछ हुआ, उसे भुला नहीं पाया है। हालांकि तब से की कई पीढ़ियां पैदा हुईं और जवान हो गईं। राजधानी दिल्ली में अनेक सड़कों के नाम जंग में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के नामों पर हैं। पर साउथ दिल्ली की ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पहली सड़क थी जो किसी रणभूमि के योद्धा के नाम पर रखी गई थी। यह बात 1963 की है। चीन के साथ हुई जंग के बाद पहले जिस सड़क को लक्ष्मी बाई नगर मार्ग कहा जाता था,वो हो गई ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग। ब्रिगेडियर होशियार सिंह ने चीन के खिलाफ 1962 में हुई भीषण जंग में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। वे भारतीय सेना की टुकड़ी की अगुवाई कर रहे थे। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े न होने और युद्ध के लिए आवश्यक शस्त्रों के अभाव को उन्होंने आड़े आने नहीं दिया था। उस समय रणभूमि में ब्रिगेडियर होशियार सिंह की शौर्य गाथासुनकर सारे देश में देशभक्ति की भावना पैदा हो गई थी।

### एक्सप्रेस कविता

*झूठे वादे का बताशा हमें पसंद नहीं*
*उस पर ये तकाजा हमें पसंद नहीं।*
*यूं बेदर्दी से हर वक्त पेश आया अगर*
*साफ कह देंगे ये जमाना हमें पसंद नहीं।*
*खुदकुशी करने का हौसला नहीं बाकी*
*जिंदगी मुक्त जमाना हमें पसंद नहीं।*
*सामने आगया मुश्किलों का परवत भी*
*अब तो कमजोर इरादा हमें पसंद नहीं।*
*आगए हो तो ठहर जाओ घड़ी भर यहीं*
*एक दो पल का तमाशा हमें पसंद नहीं।*
*दिल के हमारे साफ़ कागज पर संजीव।*
*तेरा नाम लिख कर मिटाना हमें पसंद नहीं।*

*संजीव ठाकुर*

### एक्सप्रेस ज्ञान

***जो लोग मन में उतरते हैं उन्हें संभाल कर रखिए और जो मन से उतरते हैं उनसे संभल कर रहिए!***



### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | त्रयोदशी 09:43 तक |
| नक्षत्रः | अश्विनी 24:31 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | सिद्धि, 11:24 |
| सूर्योदयः | 06:47 |
| सूर्यास्तः | 17:24 |
| चंद्रमाः | मेष राशि में |
| राहुकालः | 13:25-14:45 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:27 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुद्दे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## प्रदूषण के कारण दिल्ली में बढ़ रहे हैं साइलेंट निमोनिया के मामले

**राजधानी** दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली में 12 नवंबर की सुबह वायु गुणवत्ता 355 दर्ज की गई, जिसे बहुत खराब% श्रेणी में रखा गया है। इतना ही नहीं दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यू 400 के पार जा चुका है। दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने और सर्दियों की दस्तक के बीच साइलेंट निमोनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साइलेंट निमोनिया, साधारण निमोनिया से ज्यादा घातक साबित होता है। साइलेंट निमोनिया में व्यक्ति को फेफड़ों से संबंधी परेशानी या बुखार तुरंत दिखाई नहीं देता है, बल्कि यह धीरे-धीरे बढ़ता है।



**क्या है साइलेंट निमोनिया?:** डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर के अनुसार, साइलेंट निमोनिया, साधारण निमोनिया से ज्यादा गंभीर स्थिति है। इस बीमारी में व्यक्ति के फेफड़े प्रभावित होते हैं। जिस तरह से आम निमोनिया के लक्षण तुरंत नजर आ जाते हैं, लेकिन साइलेंट निमोनिया के लक्षण धीरे-धीरे दिखाई देते हैं। इसे ÷साइलेंट निमोनिया÷ इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण सामान्य निमोनिया के जैसे स्पष्ट नहीं होते। इसलिए, इसका पता आसानी से लगा पाना मुश्किल हो जाता है।

**साइलेंट निमोनिया के कारण:** डॉ. कुलदीप कुमार ग्रोवर की मानें तो, किसी व्यक्ति को साइलेंट निमोनिया होने के कई कारण हो सकते हैं। इसका मुख्य कारण वायु प्रदूषण, हवा में मिट्टी के कण और संक्रमण बैक्टीरिया से ज्यादा संपर्क बनाना है। जब कोई व्यक्ति प्रदूषित हवा में सांस लेता है, तो फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है और सांस लेने में परेशानी देखी जाती है।

**मास्क का करें इस्तेमाल:** दिल्ली की प्रदूषित हवा में बाहर निकलने से पहले मास्क का इस्तेमाल करें। मास्क से नाक और मुंह को अच्छी तरह से कवर करें। इससे धूल और प्रदूषक कणों से बचाव होता है।

**हाथों की सफाई का रखें ध्यान:** संक्रमण से बचने के लिए अपने हाथों को नियमित रूप से साबुन और पानी से धोएं। बाजार से घर आने के बाद हाथों को अच्छी तरह से साफ करें। खाना खाने से पहले भी हाथों की सफाई पर ध्यान न दें।

**इम्यूनिटी को बढ़ाएं:** डॉक्टर के अनुसार, साइलेंट निमोनिया की समस्या उन लोगों में ज्यादा देखी जाती है, जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है। इसलिए इम्यूनिटी बढ़ाने वाले फल और सब्जियों को रोजाना की डाइट का हिस्सा बनाएं।

**निष्कर्ष:** साइलेंट निमोनिया धीरे-धीरे फेफड़ों को संक्रमित करता है। यही कारण है साइलेंट निमोनिया के लक्षण भी धीरे-धीरे ही नजर आते हैं। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद जैसे क्षेत्र जहां पर वायु प्रदूषण ज्यादा है, वहां साइलेंट निमोनिया के मामले ज्यादा देखें जाते हैं, इसलिए इस बीमारी के लक्षणों पर ध्यान दें।

### एक्सप्रेस विशेष

## अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति



-डॉ. सत्यवान सौरभ

**पुलिस अधिकारियों या सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ता की मेजबानी कर सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित करने वाले मीडिया अभियान युवाओं को प्रशंसा करने के लिए रचनात्मक व्यक्ति प्रदान कर सकते हैं।**

**आपराधिक सामग्री के प्रभाव का गंभीरता से विश्लेषण करने और समझने में मदद मिल सके। उदाहरण के लिए कार्यशालाएँ जो युवाओं को सनसनीखेज सामग्री से तथ्यात्मक रिपोर्टिंग को पहचानना सिखाती हैं, अपराधियों के लिए अनुचित प्रशंसा को कम कर सकती हैं। समुदाय के नेताओं को युवाओं के साथ आपराधिक महिमामंडन के नकारात्मक प्रभाव पर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करें।**

**मनोरंजन** और समाचार मीडिया में अपराधियों का महिमामंडन एक चिंताजनक प्रवृत्ति बन गई है, खासकर अपराध में शामिल व्यक्तियों को नायक के रूप में चित्रित करने में। यह ग्लैमराइज़्ड प्रतिनिधित्व न केवल न्याय और सत्य को बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफ़ॉर्म के नैतिक कर्तव्य को कमज़ोर करता है, बल्कि प्रभावित दर्शकों, विशेष रूप से युवाओं को अपराध को आकर्षक या वांछनीय मानने के लिए गुमराह करता है। इस तरह के चित्रण से मीडिया की सामाजिक ज़िम्मेदारियों का पुनर्मूल्यांकन करने की ज़रूरत पड़ती है। अपराधियों को सनसनीखेज बनाकर, मीडिया की कहानियाँ आपराधिक न्याय प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, कानून तोड़ने वालों को जवाबदेह ठहराने के बजाय उन्हें सहानुभूतिपूर्ण या वीरतापूर्ण प्रकाश में पेश कर सकती हैं। जब समाचार आउटलेट किसी अपराधी की पृष्ठभूमि या उद्देश्यों को अत्यधिक कवर करते हैं, तो वे अनजाने में सहानुभूति पैदा कर सकते हैं, जिससे उनके कार्यों की गंभीरता कम हो जाती है। मीडिया चित्रण अक्सर अपराधियों को ग़लत समझे जाने वाले या विद्रोही व्यक्तियों के रूप में रोमांटिक बनाता है, जिससे एक विषम सार्वजनिक धारणा बनती है जो उनके कार्यों की सच्चाई को कमज़ोर करती है। अपराधियों का महिमामंडन समाज के नैतिक संतुलन को बिगाड़ता है, वास्तविक उपलब्धियों की बजाय अवैध साधनों के माध्यम से भौतिक सफलता को बढ़ावा देता है। मिर्ज़ापुर जैसे शो एक ऐसी कहानी बनाते हैं जिसमें आपराधिक कृत्य धन और सम्मान की ओर ले जाते हैं, जो संभावित रूप से दर्शकों के मूल्य प्रणालियों को प्रभावित करते हैं। अपराधियों का महिमामंडन पीड़ितों के परिवारों के लिए बहुत ही दुखद हो सकता है, क्योंकि यह उनके द्वारा किए गए दुख को खारिज करता है और न्याय और जवाबदेही की आवश्यकता को नकारता है। पुष्पा और गब्बर जैसे चरित्र जो कानूनी सीमाओं के बाहर अपराध से लड़ते हैं, वे सतर्कतावाद को रोमांटिक बना सकते हैं, जिससे न्याय की एक दोषपूर्ण समझ पैदा होती है। युवा दर्शक अपराधियों को अपना आदर्श मानने लग सकते हैं, उन्हें साहसी व्यक्ति के रूप में देख सकते हैं जो व्यवस्था को चुनौती देते हैं, इस प्रकार सही और ग़लत की उनकी समझ को विकृत कर सकते हैं। लॉरेंस बिश्नोई जैसे व्यक्तियों को समर्पित सोशल मीडिया फैन पेज आपराधिक कृत्यों का महिमामंडन करते हैं, जिससे वे सराहनीय लगते हैं। फ़िल्मों और श्रृंखलाओं के माध्यम से आपराधिक महिमामंडन के लगातार संपर्क में आने से युवा हिंसा के प्रति असंवेदनशील हो सकते हैं, सहानुभूति कम हो सकती है और आक्रामकता सामान्य हो सकती है। मीडिया में महिमामंडन युवाओं को अपराधियों के व्यवहार या जीवनशैली की नक़ल करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे उनकी शिक्षा और करियर के विकल्प प्रभावित हो सकते हैं। सोशल मीडिया पर शो से गैंगस्टर व्यक्तित्वों की नक़ल करने का चलन दर्शाता है कि आपराधिक चित्रण युवाओं को कैसे प्रभावित करता है। अपराधियों को प्रतिष्ठान के खिलाफ विद्रोही व्यक्ति के रूप में महिमामंडित करना युवाओं में कानून प्रवर्तन के प्रति अविश्वास को बढ़ावा दे सकता है। अपराधियों को भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ लड़ने वाले नायक के रूप में चित्रित करने वाले चित्रण कानून प्रवर्तन की सार्वजनिक छवि को नुक़सान पहुँचा सकते हैं। जब अपराध को ग्लैमराइज़ किया जाता है, तो यह एक मिसाल क़ायम करता है जहाँ युवा अवैध गतिविधियों को सफलता और मान्यता के मार्ग के रूप में देखते हैं, जिससे सामाजिक नैतिकता प्रभावित होती है। ऐसी फ़िल्में जो अपराधियों को प्रसिद्धि या विलासिता प्राप्त करते हुए दिखाती हैं, युवाओं को अपराध को एक व्यवहार्य जीवन शैली के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। मीडिया में आपराधिक व्यक्तियों के महिमामंडन को सीमित करने वाले दिशा-निर्देश लागू करें, विशेष रूप से युवाओं के लिए सुलभ सामग्री में। हिंसक या आपराधिक गतिविधियों को चित्रित करने वाली सामग्री के लिए आयु-आधारित प्रतिबंध लगाने से युवा दर्शकों के बीच जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। मीडिया आउटलेट्स को सनसनीखेज के बजाय जवाबदेही और न्याय पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपराधियों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करें। सार्वजनिक प्रसारण एजेंसियाँ व्यक्तिगत अपराधियों का महिमामंडन करने के बजाय अपराध के निहितार्थों पर ध्यान केंद्रित करके एक मानक स्थापित कर सकती हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

## कोर्ट ने 1,04,000 रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया

■ रंग लाया पुलिस विभाग की ओर से संचालित ऑपरेशन कन्विक्शन, अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने सुनाया फैसला



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट ने दस वर्ष के कठोर कारावास तथा एक लाख चार हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट का यह फैसला पुलिस की ओर से चलाए जा रहे आपरेशन कनविक्शन के तहत की गई त्वरित और गुणवत्तापरक विवेचना के कारण पीड़िता को न्याय दिलाने में कारगर साबित हुआ।

वादी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर उसकी 16 वर्षीय पुत्री 23 मार्च 2017 को शाम करीब 8 बजे शौच के लिए गयी थी। तभी दिनेश मल्लाह पुत्र धनीलाल व दिलीप पुत्र रामसरन घात लगाकर अन्धेरे मे बैठे थे, जो कि चाकू की नोक पर वादी की पुत्री का अपहरण कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर ले जाकर बन्धक बनाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। जानकारी होते ही वादी, उसका भाई तथा परिवार के सदस्य आरोपी के घर पहुँचकर उनके चगुंल से अपनी पुत्री को छुड़ाये। दिनेश ने धमकी दिया कि यदि थाने जाकर कोई कार्यवाही की तो तुम्हारी लडकी के ऊपर तेजाब डाल देंगे । दिनांक 31 मार्च 2017 को पीड़िता ने बताया कि उसके साथ दिनेश मल्लाह पुत्र धनीलाल ने दुष्कर्म भी किया था, जिसके सम्बन्ध में थाना मोतीपुर में 4 अप्रैल 2017 को मु.अ.सं. 509/2017 धारा 376, 342, 506 भा.द.वि., 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(1) एस.सी./एस.टी. एक्ट बनाम 1. दिनेश मल्लाह पुत्र धनीलाल, 2. दिलीप पुत्र रामसरन निवासीगण पुरैना रघुनाथपुर नब्बेपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच पंजीकृत किया गया। विवेचनाधिकारी सुरेन्द्र कुमार यादव, तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नानपारा द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र 17 अगस्त 2017 को धारा 363, 376डी, 342, 323, 504, 506 भा.द.वि. व 5(द्)/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(1) एससी एसटी एक्ट दाखिल कर कोर्ट द्वारा 30 अगस्त 2017 को संज्ञान लेकर 7 जून 2018 को विरचित किया गया।

विशेष शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल बृजेश कुमार साहनी, प्रभारी थाना मोतीपुर, थाना पैरोकार आरक्षी दीपेश जायसवाल की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप मंगलवार को दोषी अभियुक्त दिनेश मल्लाह पुत्र धनीलाल निवासी पुरैना रघुनाथपुर नब्बेपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 1,04,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में 10 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए भूमि चिन्हित करें अधिकारी

■ सड़क सुरक्षा समिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जारी किए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस, परिवहन, नगर निकाय, लोक निर्माण व वन विभाग को निर्देश दिया कि बड़ी सड़क दुर्घटना होने पर मौके पर जाकर तत्काल परीक्षण एवं निरीक्षण कर फोटोग्राफी सहित आख्या उपलब्ध करायें जिसमें उक्त स्थान पर विगत 05 से 07 वर्ष में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भी शामिल होना चाहिए। डीएम ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि सड़क की पटरियों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। डीएम ने परिवहन व लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि वाहनों के सुरक्षित स्थान पर खड़े हों इसके लिए आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि जिले में हिट एवं रन के मामलों से प्रभावित परिवारों को प्रदान की गई सहायता का विवरण उपलब्ध कराएं।

स्कूल के बच्चों के सुरक्षित रूप से स्कूल पहुंचाने हेतु डीएम ने एडीएम व परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि प्रधानाचार्य एवं अभिभावकों के साथ बैठक करें। डीएम ने कहा कि नगर में विभिन्न स्थानों पर संचालित स्टैण्ड की वैधता की जांच की जांच कर ली जाय। शहर के अन्दर संचालित स्टैण्ड को बाहर शिफ्ट कराने हेतु आवश्यक प्रबन्ध किये जायें। डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों में जुलूस वाले मार्गो को सीसीटीवी कैमरे से आच्छादित कर इन्टीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम बनाया जाएं साथ ही इन स्थानों पर एनाउन्समेंट सिस्टम की व्यवस्था की जाये जिसमें भीड़/अतिक्रमण इत्यादि के समय इन स्थानों पर निगरानी रखी जा सके।

डीएम ने विद्युत एवं नगर निकाय को निर्देश दिया कि विकास भवन/पुलिस लाइन/जिला अस्पताल एवं डीएम आवास के सम्मुख मार्ग पर स्थित ट्रान्सफार्मर को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराया जाय तथा जिन स्थानों पर हाईमास्ट लाईट भी स्थापित की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि पुलिस द्वारा वाहनों के चालान के पश्चात सम्बन्धित वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए पार्किंग स्थल चिन्हित किया जाय। यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि अवैध पार्किंग हेतु दो पहिया वाहनों हेतु रू. 200 मात्र तथा चार पहिया वाहनों हेतु 500 प्रति वाहन निर्धारित है, परन्तु क्रेन द्वारा उठाये जाने वाले वाहनों के लिए जुर्माना धनराशि निर्धारित नहीं है।

डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद स्थित विभिन्न तिराहों यथा मरीमाता तिराहा, आसाम तिराहा, दुनक्का तिराहा एवं पुलिस लाइन तिराहा इत्यादि पर रोड रिफलेक्टर लगे बोर्ड लगाये जायें तथा इन तिराहों पर भारी वाहनों के ठहरने पर प्रभावी रोक लगाई जाये। नगर क्षेत्र में टू व्हीलर एवं वाहनों हेतु बहुखण्डीय मल्टीलेबल/अण्डर ग्राउण्ड पार्किंग हेतु स्थान चयन की कार्यवाही की जाये तथा भवष्यि में इस कार्य में गति लाये जाने के भी निर्देश दिये गये। डीएम ने नगर क्षेत्र में रोड सेफ्टी कार्नर की स्थापना करने तथा नागरिकों को रोड सेफ्टी सम्बन्धित चित्र के माध्यम से संकेतकों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिये गये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिये गये निर्देशों पालन सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अन्दर आख्या उपलब्ध करा दें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, ई.ओ. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा समिति के सदस्य श्यामकरण टेकड़ीवाल, मनीष मल्होत्रा, मनोज गुप्ता व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पिंजड़े में कैद हुआ बाघ, लोगों ने ली राहत की सास



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

थाना मझगईं क्षेत्र में जंगल से बाहर गन्ने के खेतों में घूम रहा बाघ शिकार के लालच में चौखड़ा फार्म पर लगाए गए वन विभाग के पिंजड़े में फंस गया। बाघ के पकड़े जाने से लोगों ने राहत महसूस की है।बता दें, करीब एक महीने से मझगई रेंज क्षेत्र में बाघ का आतंक था। जंगल से निकलकर खेतों में घूम रहा बाघ कई पशुओं को भी अपना निवाला बना चुका है। हफ्ते भर पहले चौखड़ा फार्म पर नाली खोद रहे मजदूर पर हमला कर उसे गन्ने के खेत में खींच ले गया था और निवाला बना डाला था। उसका आधखाया शव बरामद हुआ था। इसके बाद से ग्रामीणों में इस कदर दहशत व्याप्त हो गई कि वह घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए चौखड़ा फार्म पर पिंजड़ा लगाया था और उसमें बकरी बांधी। मंगलवार की रात बाघ शिकार के लालच में पिंजड़े में कैद हो गया। मझगई रेंजर अंकित कुमार ने बताया कि बाघ को पकड़ लिया गया है। अफसरों के निर्देश पर उसे दुधवा के जंगल में छोड़ा जाएगा।

# यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के 106वें स्थापना दिवस पर केक काटकर उद्घाटन करते जिला पंचायत सदस्य

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



स्थापना दिवस पर केक काटकर उद्घाटन करते

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नानपारा का 106 वें स्थापना दिवस पर जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल ने केक काटकर उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय किसानों और बैंक खाता धारकों से आग्रह किया कि वह इस बैंक में अपनी जमा पूंजी लगाएं। बैंक हर खाता धारक के साथ खड़ा है और वह हर रोज काम आएगा।

जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि बैंक हर तरीके से किसान गरीब मजदूर, मददगार के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। बैंक का नियम है कि वह किसी व्यक्ति को निराश नहीं करेगा। जरूर पडने पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही केवाईसी, केकेसीसीसी की सुविधा भी बैंक की तरफ से दी जा रही है। किसानो को यह चाहिए कि वह समय से अपना भुगतान करें और बैंक के नियमों का लाभ उठाते हुए अपना फायदा उठाएं। इस दौरान बैंक के प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारी और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## कोहरे की चादर छाने के कारण ठंड की आहट शुरू

**जन एक्सप्रेस । बहराइच। पयागपुर।** बीते तीन दिनों से दिन निकलने के साथ ही कोहरे की घनी चादर के पसर जाने से क्षेत्र में ठंड की आहट सुनाई पड़ने लगी है। बुधवार सुबह घने कोहरे के कारण गोंडा बहराइच रोड पर वाहनों की गति बहुत धीमी रही। ज्ञात हो कि बीते तीन दिनों से इलाके में घना कोहरा छाए रहने के कारण लोगों को भगवान भास्कर के दर्शन काफी देर से हो रहे है। जिसके कारण इलाके में धीरे धीरे ठंड काआगमन होना शुरू हो गया है। बीते तीन दिनों से सुबह घना कोहरा तो छाता ही है। साथ हो साथ दोपहर बाद से धुंध भी छा जाने धूप की गर्मी भी अब हल्की पड़ने लगी है। जहां तक खेती किसानी की बात करे तो क्षेत्र में ज्यादातर किसानों ने धान और उड़द की कटाई पूरी कर ली है।

# भूमि विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के परिवार पर किया हमला

■ पांच लोग गंभीर रूप से घायल, तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



मुर्तिहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नईबस्ती गांव में जमीन के विवाद में सोमवार रात एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान हमलावरों ने धारदार हथियारों का उपयोग किया। हमले में एक ही परिवार के करीब पांच लोग लहूलुहान हो गए। इसमें एक पिता-पुत्र की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। गंभीर हालत में उन्हें नजदीकी सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। फिलहाल, पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तरफ से तीन लोगों के खिलाफ सुसुंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश शुरु कर दी है।

नई बस्ती गांव निवासी बीरबल (56) का खेत महेंद्र के बगल में है। दोनों के बीच मेड़ को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार रात को बीरबल परिवार के साथ सो रहा था। तभी महेंद्र, मंजीत समेत अन्य लोग पहुंचे। सभी ने लाठी और धारदार हथियार से बीरबल, पत्नी सुमारी देवी, बेटा शिव कुमार, बहू सावित्री और गूंजा पर हमला कर दिया।

जिसमें सभी घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मोतीपुर भर्ती कराया गया। रात में ही बीरबल और बेटे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अमितेंद्र कुमार ने बताया कि जमीनी विवाद में मारपीट हुई है। तहरीर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दूर होंगी बहराइच महायोजना में आने वाली बाधाएं : डीएम

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

नियत्रंक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र बहराइच बोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी मोनिका रानी ने की। बैठक में सचिव आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित शासकीय समिति की बैठक 4 अक्टूबर 2024 में बहराइच महायोजना-2031 (कन्वर्जन) में कुछ बिन्दुओं का निराकरण कराकर बोर्ड के अनुमोदन के उपरान्त मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ.प्र. लखनऊ के माध्यम से अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन, लखनऊ को स्वीकृति हेतु प्रेषित करने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में कमियों का निराकरण कराकर बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया गया। जिसको सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त ब्लिस रिसार्ट के प्रस्तुत मानचित्र को सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये अनुमोदन किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु नियत प्राधिकारी को निर्देशित किया गया है।

बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकरीवाल, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सहयुक्त नियोजक, सम्भागीय नियोजन खण्ड, अयोध्या, अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रा.ख., बहराइच, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, बहराइच अधिशासी अभियन्ता, विद्युत विरण खण्ड, बहराइच उपस्थिति रहे।

## किसान पीजी कॉलेज में आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप छात्र छात्राओं को हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज – 5 तृतीय चरण के अंतर्गत वाल कार्निवाल का विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत बुधवार को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बज।

# तिकुनियां हिंसा कांड से संबंधित 12 आरोपियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी जमानत

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



*जस्टिस कृष्ण पहल की पीठ ने कहा कि जहां तक आवेदकों के आपराधिक इतिहास का सवाल है, राज्य ने ऐसा कोई साक्ष्य पेश नहीं किया है, जिससे पता चले कि आवेदकों ने अतीत में कानून की प्रक्रिया से बचने की कोशिश की हो।*

**लखीमपुर खीरी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीते सोमवार (11 नवंबर) को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर, 2021 को हुई हिंसा के दौरान 5 लोगों की हत्या से संबंधित मामले में 12 आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उनका मामला मुख्य आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के मामले से बेहतर स्थिति में है, जिन्हें इस साल जुलाई में शीर्ष अदालत ने जमानत दी थी।अदालत ने यह भी माना कि वर्तमान मामले में क्रॉस-वर्जन है, सुप्रीम कोर्ट ने क्रॉस-वर्जन में चार आरोपियों को दी गई अंतरिम जमानत को पूर्ण कर दिया है, बड़ी संख्या में गवाहों की जांच की जानी बाकी है, इस बात की कोई संभावना नहीं है कि निकट भविष्य में मुकदमा समाप्त हो जाएगा और ऐसा कोई संकेत नहीं है कि आवेदकों ने पहले दी गई अंतरिम जमानत का दुरुपयोग किया है।

**इन आरोपियों को मिली जमानत**

लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, जमानत पाने वाले आरोपियों में नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ उर्फ काले, सत्यम त्रिपाठी उर्फ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, शेखर भारती, धर्मेंद्र सिंह बंजारा, आशीष पांडे, रिंकू राणा, उल्लास कुमार त्रिवेदी उर्फ मोहित त्रिवेदी, अंकित दास, लवकुश, सुमित जायसवाल और शिशुपाल शामिल हैं। जस्टिस कृष्ण पहल की पीठ ने कहा कि जहां तक आवेदकों के आपराधिक इतिहास का सवाल है, राज्य ने ऐसा कोई साक्ष्य पेश नहीं किया है, जिससे पता चले कि आवेदकों ने अतीत में कानून की प्रक्रिया से बचने की कोशिश की हो। अदालत ने कहा कि अगर आरोपी को जमानत का हकदार पाया जाता है, तो उसे केवल आपराधिक इतिहास के आधार पर जमानत देने से इनकार नहीं किया जा सकता।

**तिकुनियां हिंसा कांड में क्या हुआ था:** मालूम हो कि 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी के तिकोनिया में हिंसा केंद्र के विवादित 3 कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हुई थी, जिन्हें अब निरस्त कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया था कि अशीष मिश्रा के एक वाहन ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह को कुचल दिया, जिसमें से चार किसानों और एक पत्रकार की मौत हो गई थी। इसके बाद हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शुभम मिश्रा और श्याम सुंदर निषाद तथा कार चालक हरिओम मिश्रा की मौत हो गई थी।

# हादसों में लखीमपुर खीरी अव्वल, दूसरे नम्बर पर लखनऊ काबिज

■ परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा इकाई ने आंकड़े जारी किए हैं। उसके अनुसार पिछले वर्ष की अपेक्षा इस अवधि में 189 घटनाएं बढ़ी हैं।




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

सड़कों पर लोगों का आवागमन बढ़ा है, कई दर्दनाक हादसों ने सबको झकझोर दिया है। सड़क का कानून सही से लागू नहीं हो पा रहा। लखीमपुर खीरी व लखनऊ के हालात बेहद खराब हैं। खीरी में तो 57 प्रतिशत दुर्घटनाएं बढ़ी हैं, जबकि लखनऊ 122 संख्या के हिसाब से दूसरे पायदान पर है। वहीं, 115 के साथ तीसरे नंबर पर आगरा है।इसकी वजह, मौका पाते ही लोग वाहन को रफ्तार पकड़ाने का कोई अवसर गंवाते नहीं। 1090 चौराहा, पॉलीटेक्निक चौराहे, अवध चौराहा निकट पिकेडली व सीतापुर रोड, कमता, कैसरबाग जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भी हादसे हो रहे हैं। राजधानी में ट्रैफिक सिस्टम प्रभावी होने के बाद भी घटनाएं नहीं रुक रही हैं। जनवरी से सितंबर तक नौ माह में ही 1207 घटनाएं हो चुकी हैं, जबकि पिछले वर्ष इस अवधि में 1085 हादसे हुए थे। उस हिसाब से 122 घटनाएं अधिक हुई हैं। इसी वजह से मृतकों की संख्या गत वर्ष 418 से बढ़कर 421 व घायलों का आंकड़ा 738 से उछलकर 852 हो चुका है। दो बार चले सड़क सुरक्षा पखवाड़े में परिवहन व अन्य विभागों ने मिलकर ब्लैक स्पॉट स्थल पर सड़क दुरुस्त करने का निर्णय लिया। विभिन्न विभागों के करीब 30 से अधिक ब्लैक स्पॉट जगह-जगह मिले हैं। ऐसा ही हाल अन्य जिलों का भी है। परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा इकाई ने आंकड़े जारी किए हैं। उसके अनुसार पिछले वर्ष की अपेक्षा इस अवधि में 189 घटनाएं बढ़ी हैं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 66 साल बाद दुधवा में फिर दिखा दुर्लभ सीबोल्ड सांप

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क में 66 साल बाद फिर से दुर्लभ प्रजाति का सीबोल्ड सांप देखा गया है। इससे पहले दुधवा में ही 1907 में इस प्रजाति का सांप देखा गया था। सीबोल्ड सांप की एक विशिष्ट प्रजाति है और भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है। यह प्रजाति छोटी मछलियों, मेंढकों को अपना आहार बनाती है। जर्मन वनस्पति वैज्ञानिक फिलिप फ्रांज बाल्थासार वॉन सीबोल्ड के नाम पर इस प्रजाति का नामकरण किया गया था। डीडी डॉ.रंगाराजू टी.ने बताया कि 27 अक्तूबर को बायोलॉजिस्ट अपूर्व गुप्ता व प्रतीक कश्यप को सूचना मिली थी कि बंशीनगर गांव में दीपक व सुधीर के यहां सांप निकला है। दुर्लभ प्रजाति का होने के कारण टीम ने उसे पकड़ा और उसको रिकॉर्ड करते हुए जंगल में छोड़ दिया गया। अगली सुबह फिर पलिया की दुधवा मार्ग स्थित एक रिर्जाट के पास इस प्रजाति का सांप देखा गया और मिलान किया गया तो यह सीबोल्ड प्रजाति का ही सांप निकला।

### बहराइच मेडिकल कॉलेज में करंट लगने से टेक्नीशियन की मौत

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** मेडिकल कॉलेज के डायलिसिस विभाग में तैनात टेक्नीशियन की करंट लगने से मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। परिजन जिले के लिए रवाना हो चुके हैं। गोंडा जिले के कोतवाली देहात के विमोर मोहल्ला निवासी सक्षम पांडेय (30) पुत्र अवधेश पांडेय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के डायलिसिस विभाग में टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे। बुधवार को एक मरीज का डायलिसिस हो रहा था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि सक्षम की तैनाती पीपीई मोड पर थी। बुधवार को एक मरीज की डायलिसिस के दौरान मेंबरेन की सफाई के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से बेहोश होकर गिर गए। इमरजेंसी में इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं गोंडा से परिवार के लोग जिला मुख्यालय के लिए रवाना हो गए हैं।

### अवैध असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने बुधवार को एक युवक कोअवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।आरोपी पर अवैध शस्त्र के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव बेलवा निवासी रहीश उर्फ गंटे के पास अवैध नाजायज तमंचा है। सूचना के आधार पर थाने के उप निरीक्षक संतोष तिवारी नेअपनी टीम के साथ बीतीरात छापेमारी के दौरान आरोपी रहीश को घर से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक 315 बोर तमंचा और एक 315 बोर की कारतूस बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपों पर पहले से भी गोवध का मुकदमा दर्ज हैं। आरोपी रहीश हिस्ट्रीशीटर है।आरोपी को नाजायज असलहा रखनेके आरोप में जेल भेज दिया गया है।

# जिला अस्पताल में वेबसाइट न चलने से नहीं बन पाए आयुष्मान कार्ड

■ जिला अस्पताल के छः नंबर कमरे में बुलाया गया था, फोन पर सूचना देकर बुलाने का मिला आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



केंद्र सरकार की ओर से 70 वर्ष के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की घोषणा की गई है। डीएम मोनिका रानी की ओर से इस योजना की जिले में शुरुआत कर दी गई। योजना के क्रियान्वयन के लिए महर्षि बालार्क जिला अस्पताल के कक्ष संख्या 6 में आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था चिकित्सालय प्रशासन की ओर से की गई। बुधवार को आशा बहू की ओर से सूचना मिलने पर कुछ बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड बनवाने के उद्देश्य से जब निर्धारित जिला अस्पताल के कक्ष में पहुंचे तो वहां तैनात महिला कर्मी की ओर से बताया गया कि वेबसाइट नहीं चल रही है इसलिए आयुष्मान कार्ड बनाना संभव नहीं है। महिला कर्मी की ओर से मिले इस जवाब से बुजुर्गों में निराशा व्याप्त हो गई। ऐसे में शहर के मोहल्ला घसियारी पुरा निवासिनी जयंती त्रिपाठी तथा सिविल लाइंस क्षेत्र के निवासी पूर्व विधायक इंद्र प्रताप सिंह के पुत्र राकेश प्रताप सिंह समेत आधा दर्जन से अधिक बुजुर्गों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। काउंटर पर तैनात महिला कर्मी ने बुजुर्गों से एक सादे कागज पर मोबाइल फोन नंबर लिखवाया और आश्वासन दिया कि जब वेबसाइट चलनी शुरू होगी तब आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बुला लिया जाएगा, लेकिन देर शाम तक कोई फोन नहीं आया। इस मामले में सीएमएस से संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन एक चिकित्सालय कर्मी की करंट से मौत होने के कारण वह व्यस्त थे।

## लोकमान्य तिलक टर्मिनस ट्रेन के मैलानी तक विस्तार का भेजा प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस। मैलानी।** जिलेवासियों को जल्द ही मैलानी से मुंबई तक सीधी रेल यात्रा की सुविधा मिलेगी। पूर्वोत्तर रेलवे ने ट्रेन नंबर 12107 सीतापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस का संचालन मैलानी तक करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। बोर्ड से हरी झंडी मिलते ही मैलानी से देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए ट्रेन दौड़ने लगेगी। प्रस्ताव पर जल्द हरी झंडी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रेन नंबर 12107 सीतापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीतापुर जंक्शन से हफ्ते में तीन दिन वाया लखनऊ होकर संचालित होती है। यह सीतापुर जंक्शन से सोमवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को और ट्रेन नंबर 12108 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सीतापुर मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से मंगलवार, बुधवार और शनिवार को चलती है। ट्रेन का संचालन शुरू होने से नेपालियों का भी मुंबई आना-जाना आसान हो जाएगा। नेपाली मजदूरी के सिलसिले में मुंबई आते-जाते रहते हैं। ट्रेन के चलने से बहराइच, पीलीभीत और शाहजहांपुर के लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

# आकर्षण का केंद्र बने ऐतिहासिक रामलीला मेला में आये झूले

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**



कस्बे के ऐतिहासिक। रामलीला मेला में आये झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ब्रेक डांस झूला बच्चों की पहली पसंद बना हुआ है। मेला को देखने आने वाली भीड़ से दुकानदार खासे प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। मेले में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग ज्यादा संख्या में पहुंच रहे हैं।कस्बे श्री रामलीला मेला ग्राउंड में विगत कई वर्षों की भांति इस बार भी भव्य रामलीला का आयोजन किया गया है। मेले में सैकड़ों की संख्या में दुकानदारों ने दुकानें लगायी हैं। मेले में बच्चों व बड़ों के लिए अलग-अलग झूलों की व्यवस्था की गयी है। मेला स्थल पर सजी दुकानों में दर्शकों की भीड़ जुटने से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। मेले में ट्रेन झूला, ब्रेक डांस सहित छोटे-छोटे कई झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मनोरंजन के साधन सस्ते दर पर चलने से बेतहाशा भीड़ बच्चों की उमड़ रही है। ब्रेक डांस झूला बच्चों की पहली पसंद बना हुआ है। मेला महामंत्री परवीन शाह ने बताया कि यह मेला 25 नवम्बर तक चलेगा। इस बार खेल तमाशे अधिक बुलाये हैं। सुरक्षा की दृष्टि से प्राईवेट वालेंटियर लगाए गए है। पुलिस चौकी भी स्थापित की गयी है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम ने बताया कि इस बार श्रीराम लीला मेला इस बार आकर्षण का केंद्र है। इस दौरान विषेश सफाई अभियान चलाया जा रहा है थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मेले की सुरक्षा के लिए वह खुद हमराही सिपाहियों के साथ गश्त करते हैं।और हुड़दंग करने वालो को कतई नहीं बख्शा जायगा।

## डाक्टर ने लगाया लेखा प्रबंधक पर दस हजार रिश्वत मांगने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । धौरहरा।** धौरहरा सीएचसी में तैनात एक डाक्टर ने सीएचसी के ब्लॉक लेखा प्रबंधक पर आयुष्मान सरकारी इन्सेंटिव निकालने के नाम पर दस हजार की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। एसीएमओ ने दोनों के बयान दर्ज किए। धौरहरा सीएचसी में तैनात डाक्टर मनोज वर्मा ने बताया कि उनका आयुष्मान के सरकारी इंसेंटिव का एक लाख तीस हजार रूपये डेढ़ वर्षों से नहीं मिल रहा था। जब भी सीएचसी धौरहरा के ब्लॉक लेखा प्रबंधक मधुकर श्रीवास्तव से इंसेंटिव निकालने के लिए कहा तो टाल मटोल की। बुधवार को पुन: जब लेखा प्रबंधक से इंसेंटिव निकालने के लिए कहा तो उन्होंने दस हजार की रिश्वत मांगी। मना करने पर अभद्रता करने लगे।

# एसपी, सीओ, थानेदार जिले में नाकाम : सीएम योगी के अपराध मुक्त दावे का निकाल रहे दीवाला

जन एक्सप्रेस। देवरिया

विगत दिनों से जनपद में हत्याओं का सिलसिला जारी है और पुलिस प्रशासन फर्जी मुठभेड़ कर अपनी पीठ थपथपा रही। कभी रात को होतीं थी चोरियां अब दिन दहाड़े हो रही डकैती और पुलिस शीघ्र पर्दाफाश करने के दावे कर रही है। वर्तमान समय में हो रही घटनाएं वर्तमान पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के पदभार ग्रहण करने के समय की याद ताजा कर रहा है।

### छोटी-छोटी घटनाओं का पुलिस नहीं लेती संज्ञान

लार थाना क्षेत्र पड़ोसी प्रांत बिहार सीमा पर अवस्थित है जहां से प्रतिदिन गौ तस्करी, शराब तस्करी होती है और थाना पुलिस तस्करों को पकड़ने में नाकाम रही है। थानाक्षेत्र में हो रही निरंतर घटनाओं का अगर पुलिस संज्ञान लेती तो तो आज दिन दहाड़े हत्याएं नहीं होती।



### घटना का शीघ्र पर्दाफाश कर, कर ली जाएगी आरोपियों की गिरफ्तारी : थानाध्यक्ष

दिन दहाड़े हुई हत्या के संबंध में पूछे जाने पर पूर्व की सभी घटनाओं की रटा-रटाया जवाब देते हुए थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने कहा कि घटना का शीघ्र पर्दाफाश कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना का अभी तक कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया है।

### एसपी के कार्यकाल में हत्या की घटनाओं का शतक पूरा करने में जनपद अग्रसर

बताते चलें कि जब 30 मई 2022 को पदभार ग्रहण किया था और तीस जून 2022 तक एक दर्जन से अधिक हत्याओं का रिकॉर्ड देवरिया जिले के नाम दर्ज हुआ। और यह सिलसिला बीते बरसों में रुकने का नाम नहीं लिया, अगर देखा जाए तो जनपद मई 2022 से अब तक हत्याओं का शतक पूरा करने की ओर अग्रसर है। जिले के थाना क्षेत्र लार, रुद्रपुर, बरियारपुर, खुखुन्दू, बरहज, भलुअनी में पुलिस से पीड़ितों को न्याय मिलना दूर की कौड़ी हो गया है। विगत दिनों भलुअनी थाना क्षेत्र के बरौली चौराहे पर भाजपा नेता की विल्डिंग मैटेरियल की दुकान में पुलिस को खुली चुनौती देते हुए दिन दहाड़े डकैती डाला और पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ रख कागजी खानापूर्ति में लगा है। ताजा मामला जिले के लार थाना क्षेत्र का है जहां बेखौफ बदमाशों ने दिन दहाड़े व्यवसायी के घर में घुसकर महिला की हत्या कर पचासों लाख रुपए के गहने और नगदी की लूट ली। बुधवार को दिन दहाड़े लार नगर पंचायत के शास्त्री नगर में प्रसिद्ध व्यवसाई घनश्याम गुप्ता की पत्नी की लुटेरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्या की खबर फैलते ही बाजार में दहशत फैल गया। नगर वासियों में पुलिस की नाकामी से आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे कस्बा लार के कोईरी टोला वार्ड निवासिनी चंद्रावती देवी पत्नी धनश्याम गुप्ता उम्र 65 वर्ष का शव अपने घर के अन्दर कमरे में बेड पर खून से लहुलुहान मिला।

स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दी।मृतका के सर पर किसी धारदार हथियार से चोट पहुंचाया गया है। अत्यधिक खून बहने से घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो चुकी थी। जब अपनी दुकान से उनके पति घनश्याम गुप्ता दोपहर का भोजन करने घर आए तो बेड पर खून से लथपथ पत्नी का शव देखकर पुलिस को सूचना दिए। मृतका चंद्रावती देवी की लार बाजार शिव मंदिर के पास एक किराने की दुकान है। दुकान उनके पति घनश्याम गुप्ता चलाते हैं। एक सोने चांदी की दुकान कस्बा लार मेन बाजार में है। इस दुकान को कप्तान गुप्ता चलाते हैं। दूसरा लड़का अजय गुप्ता व उनकी पत्नी अध्यापक है। घटना के समय घर पर कोई नहीं था वो दोनों लोग विद्यालय चले गये थे। एक लड़का राकेश गुप्ता जो समान की खरीदारी करने हेतु गोरखपुर था। घर पर दो बच्चे थे वह भी विद्यालय चले गये थे। लोग बता रहे कि घर में अकेले वृद्धा को पाकर बदमाश किसी धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर दिए जिससे उनकी मौत हो गई। घर के दूसरे मंजिल पर रखी अलमारी में तोड़ फोड़ कर सामान की लूटपाट की गयी है।

# केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

- गोरखपुर जिले में बुनियादी सुविधाओं की दुर्दशा पर विधायकों का हंगामा

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



गोरखपुर में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में बुनियादी सुविधाओं की दुर्दशा पर विधायकों ने अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को जगह-जगह खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे लोगों का चलना दूभर हो गया है। उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को चुनौती देते हुए कहा कि मौके पर चलकर देखें, सच्चाई खुद सामने आ जाएगी।

### विधायकों की नाराजगी, अफसरों की चुप्पी

बैठक में सहजनवां के विधायक के अलावा चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी और बांसगांव के विधायक डॉक्टर विमलेश पासवान ने भी ग्रामीण इलाकों में पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई। अधिकारियों ने इस पर सफाई दी, लेकिन विधायक मौके पर साथ चलने की बात पर अड़े रहे। उनकी नाराजगी देख अधिकारी चुप्पी साधे रहे, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ने जताई नाराजगी, सख्त कार्रवाई की दी चेतावनी

केंद्रीय मंत्री के सख्त निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी बैठक की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से काम करें। उन्होंने कहा, ष्बैठक केवल औपचारिकता के लिए नहीं हैय समस्याओं को जमीनी स्तर पर हल करने के लिए है। यदि अगली बैठक तक कोई प्रगति नहीं हुई, तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बिजली की लटकती तारों और उपकेंद्र की अधूरी परियोजना पर सवाल

पिपराइच के विधायक ने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लटकते तारों के कारण किसी भी वक्त हादसा हो सकता है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि क्या विभाग दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही तारों को ठीक कराया जाएगा। वहीं, खखाइचखोर में 15 साल से अधूरे पड़े बिजली उपकेंद्र के निर्माण को लेकर भी विधायक ने नाराजगी जताई। अधिकारियों ने जवाब में कहा कि अब बजट आ गया है, जल्द काम शुरू किया जाएगा।

### गोरखपुर-वाराणसी मार्ग पर सर्विस लेन निर्माण का मुद्दा भी गरमाया

बांसगांव के विधायक डॉ. विमलेश पासवान ने गोरखपुर-वाराणसी मार्ग पर सर्विस लेन निर्माण में देरी पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मंदिर न हटने का हवाला देकर देरी की जा रही है, जबकि जहां मंदिर नहीं है, वहां भी सर्विस लेन का काम लंबित है। केंद्रीय मंत्री ने तुरंत निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश दिए।

### बंद सामुदायिक शौचालय बने जनता के लिए सिरदर्द

बैठक में विधायक राजेश त्रिपाठी ने ग्राम पंचायतों में बंद पड़े सामुदायिक शौचालयों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन शौचालयों का निर्माण जनता की सुविधा के लिए हुआ था, लेकिन बंद रहने से इसका फायदा नहीं मिल रहा। केंद्रीय मंत्री ने जिला पंचायत अधिकारी को निर्देश दिया कि शौचालयों को तुरंत खुलवाएं और देखरेख सुनिश्चित करें।

### विभिन्न विभागों के कामों की हुई समीक्षा

बैठक में ग्रामीण विकास, कृषि, पंचायती राज, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सड़क परिवहन सहित अन्य विभागों के कामों की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से जनहित के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# गोरखपुर : फर्जी नियुक्ति पत्र से हुई 13 फार्मासिस्टों की तैनाती

- स्वास्थ्य विभाग में मचा हड़कंप, पुलिस ने दर्ज किया केस

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर में स्वास्थ्य विभाग के नाम पर फर्जीवाड़े का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां सीएमओ कार्यालय से जारी फर्जी नियुक्ति पत्रों के आधार पर जिले के अलग अलग-अलग सरकारी अस्पतालों में 13 फॉर्मासिस्टों की तैनाती कर दी गई। मंगलवार को इनकी ज्वाइनिंग होनी थी, लेकिन इससे पहले ही मामले की जानकारी सीएमओ को मिल गई, जिसके बाद तत्काल जांच के आदेश दिए गए।

### जांच में नियुक्ति पत्र फर्जी पाए गए

इस खुलासे के बाद एडिशनल सीएमओ ने कोतवाली थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया। कोतवाली के सीओ ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।




### तीन अलग-अलग तारीखों में हुई फर्जी नियुक्तियां

दरअसल, 26 अक्टूबर, 9 नवंबर और 11 नवंबर को सीएमओ कार्यालय से फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। इन नियुक्ति पत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर नियुक्तियों का उल्लेख था, जिसमें 11 नवंबर के पत्र पर पांच और बाकी दो तिथियों पर चार-चार लोगों को फॉर्मासिस्ट के पद पर चयनित दर्शाया गया था। इतना ही नहीं, इन नियुक्तियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 31 मार्च 2025 तक वैध बताया गया। फर्जी नियुक्ति पत्र में यह भी लिखा गया था कि मार्च 2025 में इनके कार्यों की समीक्षा कर अगले सत्र के नवीनीकरण पर विचार किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को एक सप्ताह के भीतर तैनाती स्थल पर ज्वाइन करने का निर्देश दिया गया था।

### सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, महराजगंज समेत कई जिलों के लोगों के नाम शामिल

फर्जी नियुक्ति पत्रों में सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, महराजगंज, गोरखपुर, बस्ती, प्रयागराज और देवरिया जिलों के कुल 13 लोगों के नाम थे। इसमें सिद्धार्थनगर से तीन, कुशीनगर से दो, महराजगंज से दो, गोरखपुर से दो, बस्ती से दो, प्रयागराज और देवरिया से एक-एक लोगों की नियुक्ति दिखाने की कोशिश की गई थी।

### इनकी हुई फर्जी नियुक्ति

कु. शशिकला (सिद्धार्थनगर), रुद्रेश सिंह (सिद्धार्थनगर), प्रियांशु द्विवेदी (प्रयागराज), पंकज कुमार गौतम (बस्ती), विद्यानिवासी भारती (सिद्धार्थनगर), पंकज कुमार (बस्ती), रुद्रेश सिंह (गोरखपुर), मो. अशफाक (महराजगंज), रोहित राजेश चौरसिया (गोरखपुर), पुनीता चौहान (कुशीनगर), शादाब अली (महराजगंज), अमित कुमार चौहान (देवरिया), और अनुप्रिया दुबे (कुशीनगर)।

### जांच में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ

इस मामले पर गोरखपुर के सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया की किसी ने मेरे फर्जी हस्ताक्षर और फर्जी पत्रांक संख्या के जरिए इन नियुक्तियों को अंजाम दिया है। प्रारंभिक जांच में पत्रों को फर्जी पाया गया है और मामले में कोतवाली में केस दर्ज करा दिया गया है। अब पुलिस इस घोटाले की तह तक जाकर पता लगाएगी कि इसमें कौन-कौन शामिल है और यह फर्जीवाड़ा किस तरीके से किया गया।

# बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़ समय पूर्व विद्यालय बंद कर शिक्षक फरार

जन एक्सप्रेस। कैंपियरगंज




उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बच्चों के भविष्य को लेकर के कई प्रकार की योजनाएं चला रही है बेहतर शिक्षा देने के लिए कायाकल्प विद्यालयों के कराए जा रहे हैं जहां अध्यापक नहीं है वहां अध्यापकों की नियुक्ति भी किया जा रही है लेकिन कुछ विद्यालय ऐसे हैं कि जो बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते नजर आ रहा है।

वही आपको बता दे की यह मामला गोरखपुर जिले के विकासखंड भरोहिया के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय पुतरहिया का हैं जो 2रू00 बजे ही प्राथमिक विद्यालय को बच्चों को छुट्टी करके विद्यालय बंद करके चले जा रहे हैं जब इसकी जानकारी ग्रामीणों ने दें मीडिया को दी तो मीडिया ने मौके पर पहुंचीं तो विद्यालय में ताला लटका मिला वही आपको बता दे की प्राथमिक विद्यालय पुतरहिया दो ही बजे बंद करके चले जा रहे हैं या ग्रामीणों ने आरोप लगाया विद्यालय कभी भी समय से नहीं खुलता वह समय से पहले ही बंद हो जाता है जिसको लेकर ग्रामीण ने बताया और विद्यालय पैर साफसफाई भी नहीं और ग्रामीण ने भी कहा बच्चों को भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है सीखने भी की गई लेकिन अध्यापक नहीं मानते ही नहीं वह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं मौके पर मौजूद ग्रामीण द्वारा बताया गया शासन प्रशासन के द्वारा बच्चों की पढ़ाई लेकर जोर दिया जा रहा है लेकिन अध्यापक ध्यान नहीं देते हैं जब इस संदर्भ में बेसिक शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र सिंह से फोन पर इस संदर्भ में बात किया गया तो उन्होंने कहा प्रकरण की जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई।

# ग्रामीणों का राशन डकार गए भ्रष्ट कोटेदार, जांच में खुली पोल



जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

ग्रामीणों का राशन डकार गए भ्रष्ट कोटेदार जांच में खुला पोल, ग्रामीणों के शिकायत पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने की बड़ी कार्यवाही।

जिलाधिकारी के पास शिकायत पहुंची थी कि फरेंदा तहसील के चौतरवा गांव की, जहां कोटेदार मोहम्मद उमर गांव के सैकड़ों कार्ड धारकों का अक्टूबर माह में अंगूठा तो लगवा लिया लेकिन कार्ड धारकों का राशन डकार गए, जिससे ग्रामीण काफी परेशान रहें।कोटेदारों की धांधली चरम पर, ग्रामीणों में भारी आक्रोश जब शिकायत के जिलाधिकारी अनुनय झा तक पहुंची तो डीएम ने आनन-फानन में अपर जिला पूर्ति अधिकारी मीरा रॉय को जांच सौंपी। जांच में अधिकारी मीरा रॉय उस गांव में पहुंची तो शिकायतकर्ताओं का भीड़ उमड़ पड़ी। जांच के बाद तत्काल जिलाधिकारी के आदेश पर फरेंदा तहसील के चौतरवा गांव के भ्रष्ट कोटेदार का कोटा सस्पेंड करते हुए बगल के गांव से अटैच कर दिया गया है। कोटेदार पर इस कार्यवाही से अन्य कोटेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **04.12.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 12602024 दिनांक 12.11.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 34-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम : संपूर्ण कुंभ मेला-2025 के लिए सहायक सुविधाओं के साथ पीआरजी, पीएफएम और पीवाईजीएस तथा अन्य निकटवर्ती स्टेशनों पर कर्मचारियों के आवास के लिए अस्थायी बुनियादी ढांचे का प्रावधान का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 2,75,84,298.52 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,87,900.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 20.11.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 04.12.2024, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3511/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 790 करोड़ की सीवरेज प्रोजेक्ट को मिली हरी झंडी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर के 43,604 घरों में सीवरेज सुविधा का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय ने **'अमृत 2.0'** योजना के तहत 790.04 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है। इस प्रोजेक्ट को ष्गोरखपुर सीवरेज योजना जोन ए-3 नाम दिया गया है, और मंजूरी मिलते ही इसकी धनराशि की पहली किस्त जारी होने की उम्मीद है।

### चरणबद्ध ढंग से सभी वार्डों में सीवरेज सुविधा

अधीक्षण अभियंता रतन सेन सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार गोरखपुर महानगर के सभी वार्डों में सीवरेज कनेक्शन और शोधन सुविधा प्रदान करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है।




### इन वार्डों को मिलेगा सीवरेज कनेक्शन

गोरधोइया नाले के कैचमेंट में आने वाले 17 वार्ड, जैसे बाबा राघव दास नगर, चरगांवा, अशोक नगर, शिवपुर, जंगल तुलसीराम पश्चिमी, शहीद शिव सिंह क्षत्रिय नगर, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल नगर, हरसेवकपुर, विश्वकर्मापुरम बौलिया, शालिग्राम नगर, लोहियानगर, कृष्णानगर, शाहपुर, मैत्रीपुरम, शक्तिनगर, रामजानकी नगर और विष्णुपुरम कॉलोनी, इस प्रोजेक्ट के तहत सीवरेज नेटवर्क से जुड़ेंगे। इस क्रम में गोरधोइया नाले से जुड़े इन 17 वार्डों के लिए तैयार प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। अधिकारियों को आशा है कि जल्दी ही इसे मंजूरी मिल जाएगी, जिससे गोरखपुर में स्वच्छता और जल गुणवत्ता में सुधार के इस महत्वपूर्ण कदम को गति मिल सकेगी।

### गोरधोइया नाले के 17 वार्डों में बिछेगी 319 किलोमीटर सीवरेज लाइन

इस प्रोजेक्ट के तहत गोरधोइया नाले के कैचमेंट क्षेत्र में आने वाले 17 वार्डों में करीब 318.96 किलोमीटर लंबी सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य है कि इन वार्डों के घरों से निकलने वाला दूषित जल सीधे नाले में न जाकर शोधन के लिए भेजा जाए। गोरधोइया नाले के लिए बन रहे 38 एमएलडी एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) में इस जल का शोधन किया जाएगा। इसके बाद शुद्ध जल को नाले के अंतिम छोर पर छोड़ा जाएगा, जिससे यह रामगढ़ झील में मिल सकेगा। यह कदम न केवल झील की जल गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा बल्कि उसका जलस्तर बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

### चार पम्पिंग स्टेशन बनाए जाएंगे

अधिशासी अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि इस सीवरेज योजना के संचालन के लिए चार इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे, ताकि सीवरेज का प्रवाह सुचारू रूप से हो सके। इसके बाद इन 43,604 घरों को सीवरेज कनेक्शन मिलेगा, जिससे करीब 1,94,947 की आबादी को लाभ होगा। इस प्रोजेक्ट से क्षेत्र में जलजनित बीमारियों पर भी नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज-2 में कुल 124 नग ओवर हेड टैंक, 164757 नग हर घर नल जल कनेक्शन, 3061 किलोमीटर पाइप लाइन डिस्ट्रीब्यूशन, 249 अदद ग्रामीण पेयजल योजनाओं व फेज-3 में कुल 204 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनायें स्वीकृत हैं। जिनमें क्रमशः 145 अदद व 70 अदद स्वच्छ पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है।

ट्यूबवेल का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण है, शिरोपरि जलाशय क्रमशः 124 अदद् व 38 अदद् का कार्य पूर्ण है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उक्त के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा समस्त कार्यों को निर्धारित मानक के अनुसार व तय समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। आईएसए के तहत जागरूकता हेतु ग्राम पंचायतों में बैठकें आयोजित करे एवं ओवर हेड टैंक की उपयोगिता, पानी की गुणवत्ता, स्वच्छ पेय जल आपूर्ति की सुविधाओं के बारे में भी जन जागरूक करें। आयोजित बैठकों ग्राम के सभी वर्गों को आमंत्रित करें, बैठकों का डॉक्यूमेंटेशन अनिवार्य है, एवं फोटो, शॉर्ट फिल्म वीडियो भी सुरक्षित रखें।

# बालश्रम कानून की उड़ाई जा रही धज्जियां, जिम्मेदार बेपरवाह

- बोझ तले दब रहा बचपन, श्रम विभाग मूकदर्शक

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

जिन नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों में कापी, किताब और पेंसिल होनी चाहिए उन्ही हाथों में आज कप प्लेट और बर्तन धोते देखा जा रहा है। चाय की दुकानों, होटल ढाबा पर यह नौनिहाल जिनके हाथों में देश की बागडोर होगी सर्दी गर्मी और बरसात में अथक परिश्रम करते देखे जाते हैं। जहां एक तरफ देश में सरकार बाल श्रमिक विद्या व उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एकीकृत बाल सुरक्षा अधिनियम की शुरूआत करके बाल श्रमिकों के भविष्य सवारने के लिए करोड़ों रुपए पानी में बहा रही है। वही यह अभियान धरातल पर हवा -हवाई साबित हो रहा है।सच्चाई तो कुछ और ही बया कर रही है। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के अनुसार 14 वर्ष से कम बालक बालिका बाल श्रमिक माने जाते है 14 से 18 वर्ष के बच्चो को काम करने की अनुमति है। लेकिन उन्हे खतरनाक व्यवसायों में काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद के अनुसार खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रियाओं में उनके रोजगार पर रोक लगाकर बच्चो के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करना है। और प्रत्येक 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, विश्व भर में आई एलओ घटकों और साझेदारों के साथ मिलकर विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाता है। इसके लिए बाल मजदूरों से मजदूरी कराने वाले लोगों के खिलाफ जुर्माना और सजा का प्रावधान है। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण बाल श्रमिक मोटरसाइकिल रिपेयरिंग से लेकर होटलों, चाय-नाश्ता या किराना दुकानों शराब व बियर की दुकानो के समीप लगे ठेलो पर बाल श्रमिकों को काम करते देखा जा रहा है। यही नहीं कई बच्चे कूड़े की ढेर पर अपना बचपन तलाशते देखे जाते हैं। बाल



श्रम उन्मूलन के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई गई हैं। यहां तक कि उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उनके लिए निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था की गई हैं। बाल श्रम रोकने के लिए कानून बनाकर दोषी लोगों को दंडित करने का प्रावधान भी बना, लेकिन इसका अपेक्षित परिणाम अब तक सामने नजर नहीं आ पा रहा है। लोग बाल मजदूर से खुलेआम काम करा रहे हैं, क्योंकि छोटे बच्चे कम मजदूरी पर काम करते हैं। इतना करने के बाद भी उसे उस काम के बदले में कम मजदूरी मिलती है। ऐसे में बाल मजदूर शोषण के शिकार हो रहें हैं। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में प्रशासन ठोस कार्रवाई करने के बजाय महज खानापूर्ति कर अपने कर्तव्य का इति श्री कर लेता है। प्रशासन के अधिकारी कभी कभार क्षेत्र में नजर आते हैं। फरेंदा कस्बे के विष्णु मंदिर के पास छोले भठूरें तथा चाय की दुकानों पर बच्चे सुबह से लेकर रात तक बर्तन धाते देखे जा सकते हैं। जबकि जिम्मेदार अधिकारी नजर अंदाज एवं खानापूर्ति करके चले जाते हैं, जिससे यह कार्रवाई के कागजों में चल रही हैं।कस्बे में मिठाई, चाय, चाट पकौड़ी, किराना, मोटर रिपेयरिंग, मिनिरल वाटर सप्लाई, आदि दुकानों पर बाल श्रमिक काम करते हमेशा नजर आते हैं।जबकि जिम्मेदारों का इन दुकानों पर अक्सर आना जाना लगा रहता है।इसके बाद भी कार्यवाही शून्य के बराबर होती हैं। दरअसल इन बाल श्रमिकों की मजबूरी है घर का खर्च चलाना है।इन बाल श्रमिकों को पैसे का प्रलोभन देकर काम करवाया जाता है।इस संबंध में श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि मेरे पास स्टाफ नहीं है। उन्होंने अड़ियल रवैया दिखाते हुए कहा कि पिछले 6 महीने की कार्रवाई को आरटीआई डालने की सलाह दी और इससे यह साबित होता है कि बाल संरक्षण अधिकारी सरकार के प्रति उदासीन है जिससे बाल श्रम मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।

# मुख्य सचिव ने 8 कार्यदायी विभागों की 3149.48 लाख रूपये की कुल 10 परियोजना को दी स्वीकृति

## महाकुम्भ-2025 को भव्य दिव्य सुरक्षित सुगम सुव्यवस्थित स्वच्छ व डिजिटल कुम्भ के रूप में आयोजित किये जाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से गुणवत्ता के साथ कराई जाए पूर्णः मुख्य सचिव

- मेला क्षेत्र में आकाश पृथ्वी सी सी टी वी व ड्रोन के माध्यम से सुरक्षा के दृष्टिगत रखी जायेगी निगरानी

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



महाकुम्भ मेला-2025 को भव्य दिव्य सुरक्षित सुगम सुव्यवस्थित स्वच्छ व डिजिटल कुम्भ के रूप में आयोजित किए जाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शीर्ष समिति की 15वीं बैठक मंगलवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित आईसीसीसी सभागार में आयोजित हुई।बैठक में कुम्भ मेलाधिकारी के द्वारा महाकुम्भ के दृष्टिगत कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की अद्यतन स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।बैठक में मुख्य सचिव ने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की वीडियो क्लिप देखकर अद्यतन स्थिति का आंकलन किया और कार्यों की लागत प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ 30 नवम्बर तथा क्रिटिकल प्रोजेक्टों को जो कि पर्ट चार्ट के अनुसार पीछे चल रहे है उन्हें 15 दिसम्बर तक अवश्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कुछ कार्य जिन्हें 15 दिसम्बर तक पूर्ण किया जाना सम्भव नहीं है, उन्हें 30 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि कार्य की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कार्यों की थर्ड पार्टी जांच एजेंसियों के माध्यम से नियमित अंतराल पर जांच कराते हुए कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निर्देश दिए है। कहा कि कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।मुख्य सचिव ने महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ कुम्भ सुरक्षित कुम्भ के साथ-साथ डिजिटल कुम्भ के रूप में आयोजित किए जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। महाकुम्भ को प्लास्टिक मुक्त बनाये रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के साथ-साथ अखाड़े भण्डारा स्थल फूड जोन वाले स्थलों पर इको फ्रेण्डली दोना-पत्तल व बर्तन की व्यवस्था एवं वहां की नियमित साफ-सफाई हेतु खास सफाई-दस्ता नियुक्त करने करने के लिए कहा है।उन्होंने मेला क्षेत्र में सॉलिड वेस्ट के निस्तारण के लिए मेला क्षेत्र में रखी जाने वाली प्रत्येक डस्टबिन पर एक स्वच्छताग्रही को टैग करने तथा सम्बंधित स्वच्छताग्रही को कूड़ा गाड़ी से टैग किए जाने के लिए कहा है।

जिससे डस्टबिन के ओवरफ्लो होने से पहले ही उसका निस्तारण हो सके।मुख्य सचिव ने शहर के पब्लिक शौचालयों व मेला क्षेत्र में बनने वाले शौचालयों की साफ-सफाई की व्यवस्था सुबह-शाम कराने एवं उसकी नियमित रूप से मानीटरिंग करने के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं शहर में बने हुए सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई के साथ-साथ उनकी पेंटिंग कराये जाने के लिए कहा है।उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत हर प्रकार की व्यवस्था करने के साथ साइबर सिक्योरिटी व डिजिटल सिक्योरिटी को और बेहतर तरीके से इनफोर्स करने के लिए आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के लिए कहा है।मुख्य सचिव ने कहा कि विगत कुम्भ-2019 के सापेक्ष मेला क्षेत्र के विस्तार व अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत महाकुम्भ-2025 में और बेहतर व्यवस्थायें किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने एयरपोर्ट पर लो-विजिबिलिटी की स्थिति में जहाजों की लैण्डिंग हेतु जरूरी इक्यूपमेंट लगवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

मुख्य सचिव ने गंगा नदी पर बनाये जा रहे सिक्स लेन ब्रिज की कनेक्टिंग स्टील ब्रिज के कार्य को समय से पूर्ण किए जाने के लिए कहा है।उन्होंने रायबरेली प्रयागराज तक निर्माणाधीन फोरलेन सड़क के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे 15 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।मुख्य सचिव ने घाटों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी घाटों के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।उन्होंने घाटों के किनारे इकट्ठा हुई काली मिट्टी को साफ कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने रिवर चैनलाइजेशन व सिल्ट डिपोजीशन के कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने के लिए कहा है। मुख्य सचिव ने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए बसवॉर प्लांट व शिवालय पार्क का कार्य समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए।उन्होंने सीएनडीएस के कार्यों की समीक्षा करते हुए थिमेटिक गेटों एवं स्तम्भों के निर्माण कार्य को समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।मुख्य सचिव ने मेला क्षेत्र में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए फूलप्रुफ व्यवस्था बनाये जाने के लिए कहा है।उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में विद्युत अलाव व गैस सिलेण्डर से आग लगने की घटनाएं होती है इसको रोकने व आग पर तत्काल काबू पाये जाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करा ली जाये।

उन्होंने पार्किंग स्थलों पर सफाई प्रकाश शौचालय सी सी टी वी सहित प्रत्येक पार्किंग स्थल पर वाहनों की एआई बेस्ड गणना की व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है।मुख्य सचिव ने ओवर ब्रिजों, आरओबी व मुख्य स्थानों पर स्थित भवनों पर प्रसिद्ध आर्टिस्टों के द्वारा पेंटिंग करवाये जाने के लिए कहा है।मुख्य सचिव ने महाकुम्भ-2025 हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोक निर्माण विभाग की 2 परियोजनाओं हेतु 442.12 लाख नगर निगम की 1 परियोजना हेतु 183.99 लाख, प्रयागराज मेला प्राधिकरण की1 परियोजना हेतु 235.81 लाख सीएनडीएस की 2 परियोजना हेतु 581.00 लाख, पर्यटन विभाग की1परियोजना हेतु 351.00 लाख उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय की1परियोजना हेतु 241.56 लाख सूचना विभाग की 1 परियोजना हेतु 1000.00 लाख तथा राज्य सड़क परिवहन निगम की 1 परियोजना हेतु 114.00 लाख रूपये की इस तरह से कुल 8 कार्यदायी विभागों की 3149.48 लाख रूपये की कुल 10 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग व प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा बनाये जा रहे सड़कों की चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क बनने के बाद सड़क की राइडिंग क्वालिटी की जांच अवश्य करायी जाये तथा सड़क के मध्य में बनाये गये सीवर लाइन के मेनहोलो को सड़क के लेबल में ही बनाया जाये। उन्होंने शहर व मेला क्षेत्र में स्थानों को चिन्हित करते हुए मल्टीलैंग्वेज व डिजिटल साइनेज लगवाये जाने के लिए कहा है।उन्होंने नए टेण्टेज मैटेरियल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा है। मुख्य सचिव ने महाकुम्भ के लिए वित्तीय योजना की समीक्षा करते हुए महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों की लागत और उनकी भौतिक प्रगति व महाकुम्भ-2025 की समाप्ति के पश्चात किन उपकरणों को अन्य जनपदों के स्थानीय निकायों को हस्तांतरित किया जायेगा के बारे में कुम्भ मेलाधिकारी से जानकारी ली। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि महाकुम्भ के आयोजन के अवसर पर पृथ्वी पर सबसे बड़ा मानव समागम होता है।महाकुम्भ 2025 में लगभग 40 करोड़ से अधिक लोगो के आने का अनुमान है।इसी के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थायें की जानी है। इसके लिए आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस व अन्य अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का समावेश करने के साथ अतिरिक्त पुलिस फोर्स मैनपॉवर एण्टी ड्रोन सिस्टम लगाये जाने के लिए कहा है।उन्होंने आकाश से पृथ्वी से सीसीटीवी व ड्रोन के माध्यम से कड़ी निगरानी रखे जाने के लिए कहा है।उन्होंने यातायात प्रबंधन भीड़ प्रबंधन वायुयान रेलवे आवागमन मार्ग इंटर्नल व एक्सटर्नल मूवमेंट प्लान व सुरक्षा नीति के बारे में विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात प्रमुख सचिव श्रम सेवायोजन एवं भूतत्व पर्यावरण अनिल कुमार तृतीय प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन राजस्व व खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन पी0 गुरू प्रसाद एडीजी जोन भानु भाष्कर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत सहित सभी सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए होगा मंथनः प्रोफेसर श्रुति

## गुरुवार को होगी मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज एवं शुआट्स प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के रास्ते सम्भावनाएं एवं चुनौतियाँ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी पीसीपीएस डीजी का आयोजन 14 नवम्बर 2024 को मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन गुरुवार को पूर्वान्हं 10:30 बजे मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश चन्द्रा कुलपति महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर राजस्थान करेंगे।

उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आनन्द वर्धन शर्मा प्रोफेसर निदेशक यूजीसी एचआरडीसी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी होंगे तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर कुलदीप कुमार सेंटर फॉर डाटा एनालिस्टिक्स बौन्ड बिजनेस स्कूल, बौन्ड यूनिवर्सिटी क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया होंगे। प्रोफेसर श्रुति ने बताया की समापन सत्र अपराह्न 4:00 बजे निश्चित है। जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनूप चतुर्वेदी सांख्यिकी विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बेचन शर्मा संकायाध्यक्ष विज्ञान संकाय इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज होगे।संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे।उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देश-विदेश से आने वाले प्रतिभागियों की व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय में विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुक्त विश्वविद्यालय की जन संपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता के लिए आयोजन समिति का गठन करते हुए संगोष्ठी के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता संयोजक प्रोफेसर श्रुति एवं प्रोफेसर अजीत पॉल आयोजन सचिव डॉक्टर गौरव संकल्प डॉक्टर दिनेश कुमार गुप्ता डॉक्टर धर्मवीर सिंह मनोज कुमार बलवन्त डॉ सी के सिंह एवं डॉ विशाल विंसेंट हेनरी को विशेष जिम्मेदारी दी है।अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में संकाय सदस्य रिसर्च स्कॉलर पीजी छात्र उद्योग जगत से तथा विदेशी प्रतिनिधि पंजीकरण कर रहे हैं। चयनित रिसर्च पेपर आईएसबीएन की कार्यवाही के साथ प्रकाशित किए जाएंगे।

# दवा माफिया पर STF का शिकंजा, मारा छापा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

यूपी में दवा माफिया पर एसटीएफ ने शिकंजा कस दिया है। आगरा के संजय प्लेस में एसटीएफ ने छापा मारा। यहां से नकली दवाओं के साथ कासगंज के युवक को गिरफ्तार किया गया है। आगरा में हिमाचल और हरियाणा से नकली दवाएं आ रही हैं। एसटीएफ ने मंगलवार रात संजय प्लेस से नकली दवाओं के साथ कासगंज के अनुराग कौशल को गिरफ्तार किया। आरोपी से नकली दवाओं से भरा कार्टन बरामद किया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पांच अक्टूबर 2024 को दवाओं के थोक विक्रेता रोहित बलेचा के मस्ता की बगीची से गणेशाय इंटरप्राइजेज से नमूने लिए थे, जो जांच में फेल हो गए थे।

# पॉश एरिया और आलीशान कोठी का काला सच...नाबालिग लड़कियों के जिस्म का सौदा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आगरा में पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से नाबालिग लड़कियों को काम दिलाने का लालच देकर फंसाया जाता है और देह व्यापार के धंधे में धकेला जा रहा है। एक बार इस धंधे में आने के बाद उन्हें लौटने का मौका नहीं दिया जाता। दलदल में फंसी लड़कियां घरवालों को बताती थीं कि सितारा होटल में काम करतीं हैं। बसई खुद स्थित एक मकान से मुक्त कराई गईं तीन युवती और दो किशोरियों ने पुलिस को काउंसिलिंग में यह जानकारी दी है। लड़कियों को वन स्टाप सेंटर भेजा गया है। वहीं पकड़े गए आठ ग्राहकों और तीन संचालिका को जेल भेजा गया।

बसई खुद स्थित मुकुंद विहार में सोमवार रात पुलिस ने छापा मारा था। एक घर से आठ युवक के साथ पांच लड़कियों और तीन संचालिका पकड़ी गईं थीं। इन पांच लड़कियों में दो नाबालिग हैं। इनमें दो सगी बहनें भी हैं। नाबालिगों में एक मुंबई की जबकि दूसरी धौलपुर की है। दोनों एक सप्ताह पहले आगरा आई थीं। उन्हें काम दिलाने के बहाने फंसा कर बुलाया गया था। वहीं तीन अन्य दो महीने से इस धंधे में लगी थीं। पुलिस ने पकड़ी गईं युवतियों और किशोरियों की काउंसिलिंग की। उनका कहना था कि परिवार काफी गरीब है। पिता ज्यादा कमा नहीं पाते हैं। परिवार का खर्च नहीं चल पाता है। इस कारण परिवार की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई है। इस कारण काम की तलाश में थीं। तभी उन्हें देह व्यापार में लगा दिया गया। इस बारे में परिवार के लोगों को जानकारी नहीं है।

# हंडिया में सिर कूंचकर युवक की हत्या चारपाई पर मिला खून से लथपथ शव

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



हंडिया थाना क्षेत्र के लाक्षागृह गांव में मंगलवार की रात छप्पर में सो रहे एक अंडा के दुकानदार युवक की अज्ञात हमलावरो ने सिर कूच कर हत्या कर दी। सुबह जब देर तक वह वापस घर नहीं पहुंचा तब घर वाले उसका पता लगाने के लिए छप्पर के पास गए। चारपाई पर खून से लथपथ मृत पड़े उसे देखकर परिवार के होश उड़ गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थालाक्षागृह गांव निवासी बादल वर्मा पुत्र बबलू वर्मा उम्र लगभग 20 वर्ष ने अण्डे की दुकान लगाकर परिवार का भरण पोषण करता था।रोज की तरह खाना खाने के बाद वह अपने छप्परनुमा घर में सोने के लिए चला गया।सुबह काफी देर तक सोकर न उठने पर परिजन जब उसको जगाने के लिए गए तो खून से लथपथ उसका शव देखकर चीख पड़े। उसके सिर को बुरी तरह से किसी वजनी वस्तु से कूंचा गया था।ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।घटना के पीछे कारणों का पता नहीं चल सका है।सूचना पर पहुंची पुलिस घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए।परिवार के लोगों से भी पूछताछ की गई।कोतवाल बृजकिशोर गौतम ने बताया कि परिजनों द्वारा दिए गए अज्ञात हमलावर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन के चलते सिविल लाइंस में चौतरफा जाम, राहगीरो के लिए बनी मुसीबत

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन का असर सिविल लाइंस सहित शहर के कई हिस्सों पर पड़ रहा है। प्रयागराज से प्रतापगढ़ और लखनऊ का मुख्य मार्ग होने के कारण बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इसी सड़क पर छात्र बैठे हैं। वाहनों को दूसरे रूट पर डायवर्ट करने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है सिविल लाइंस के चौतरफा रास्तों पर लगे जाम की वजह से राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों के आंदोलन व वीआईपी मूवमेंट के चलते कई प्रमुख मार्गों पर वाहन रेंगते रहे। स्कूलों की छुट्टी के समय यातायात का दबाव बढ़ने पर हालात और खराब हो गए और कुछ जगहों पर आवागमन थोड़ी देर के लिए बाधित भी रहा।छात्रों के आंदोलन के चलते स्टेनली रोड पर पत्रिका से लोकसेवा आयोग चौराहे तक यातायात डायवर्जन लागू किया गया है।सिविल लाइंस से लखनऊ प्रतापगढ़ की ओर जाने वाले वाहनों को अन्य मार्गों पर डायवर्ट कर भेजा जा रहा है। उधर इस रूट पर आने वाले वाहनों को लोकसेवा आयोग व म्योहाल चौराहे से कर्नलगंज व सिविल लाइंस की ओर से भेजा जा रहा हैइसके चलते म्योहाल से धोबीघाट विवेकानंद व एकलव्य चौराहे तक के रास्ते पर जबरदस्त भीड़ रही।

यही हाल लोक सेवा आयोग से हिंदू हॉस्टल व इंडियन प्रेस चौराहे तक के रास्ते पर रहा।स्कूलों की छुट्टी के दौरान अचानक यातायात का दबाव बढ़ा तो चौतरफा वाहन रेंगने लगे। उधर वीआईपी मूवमेंट के चलते बड़ी संख्या में यातायात पुलिस के जवानों को नैनी में भी तैनात किया गया था। इसके चलते भी यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन में मुश्किलें हुईं। नतीजा यह हुआ कि दोपहर 12:30 बजे से लेकर 2:30 बजे तक कई प्रमुख मार्गों पर राहगीर जाम से जूझते रहे। एडीसीपी यातायात कुलदीप सिंह ने बताया कि रामबाग फ्लाई ओवर पर मेडिकल चौराहे के पास एक गाड़ी खराब हो गई थी। इस कारण से भी यातायात धीमा रहा। जाम लगने जैसी स्थिति नहीं रही।

# मुक्त विवि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र कल्याण परिषद ने लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती की श्रृंखला में अटल प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें आयुषी त्रिपाठी ने जहां ओजपूर्ण एवं देशभक्ति परक काव्य पाठ ने समां बांध दिया वहीं डॉक्टर कृष्ण राज सिंह के निर्गुण काव्य की धारा में श्रोता सराबोर हो गए।इस अवसर पर चांदनी सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।इसके साथ ही अंजली शर्मा भव्या पांडे श्रेया मिश्रा सुरभि सागर तनुश्री सिंह सिद्धांत साहू और अंजना बनर्जी की टीम ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया।जिसकी भूरि भूरि सराहना की गई।सुप्रिया सिंह रावत आरती यादव नित्याश्री सुनिधि सिंह यशस्वी श्रीवास्तव समृद्धि श्रीवास्तव शिक्षा तिवारी अनुषा तिवारी तथा श्रेयांशी सिंह की टीम ने भेड़िया नीति की शानदार प्रस्तुति की। इसके साथ ही कालबेलिया तथा पूर्वी नृत्य की प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही।अदिति और मुस्कान ने रासलीला की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कत्थक नृत्य में भव्या पांडे तनुश्री सिंह और सिद्धांत साहू ने आकर्षक प्रस्तुति से अटल प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत पुरातन छात्र आर ए एफ के कमांडेंट मनोज कुमार गौतम असिस्टेंट कमांडेंट रामचंद्र राम तथा एस आई बृजेश कुमार सिंह आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉक्टर लालजी यादव मुक्त विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रुचि बाजपेई ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शैलेश कुमार यादव दीप्ति योगेश्वर शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी चंद्रशेखर पांडेय डॉक्टर स्मिता अग्रवाल हेमंत शुक्ला ज्योति को सम्मानित किया।सांस्कृतिक संध्या में कंचन लाल यादव एवं उनकी टीम के बिरहा गायन ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह के देशभक्ति परक कार्यक्रम सरदार पटेल को समर्पित हैं। उन्होंने देश को एक नई दिशा दी जिसे आज यहां काव्य पाठ में प्रस्तुत किया गया।प्रोफेसर सत्यकाम ने सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।समारोह का संचालन सुमन यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर ज्ञान प्रकाश यादव ने किया।

# विधायक पूजा पाल भाजपा प्रत्याशी के लिए मांग रहीं वोट, बोली, योगी आदित्यनाथ ने दिलाया न्याय

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**



फुलपुर पूजा पाल पूर्व विधायक राजू पाल की पत्नी है। जिनकी माफिया अतीक अहमद और अशरफ ने हत्या करवा दी थी। पूजा पाल वर्तमान में कौशाम्बी जिले की चायल विधान सभा सीट से सपा की विधायक हैं। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान न करके भाजपा के उम्मीदवार को वोट दिया था। इसके बाद से सपा ने उनसे दूरी बना ली है समाजवावादी पार्टी की विधायक पूजा पाल फूलपुर उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल के लिए वोट मांग रही हैं। उन्होंने कई गांवों में दौरा कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पूजा पाल पूर्व विधायक राजू पाल की पत्नी है जिनकी माफिया अतीक अहमद और अशरफ ने हत्या करवा दी थी। पूजा पाल वर्तमान में कौशाम्बी जिले की चायल विधानसभा सीट से सपा की विधायक हैं। उन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान न करके भाजपा के उम्मीदवार को वोट दिया था। इसके बाद से सपा ने उनसे दूरी बना ली है।

**जिसने न्याय दिलाया उसके साथ हूंः** पूजा पाल ने कहा कि जिसने उन्हें न्याय दिलाया हम उसके साथ हैं।अतीक अहमद से लड़ना काफी कठिन था लेकिन योगी ने न्याय दिलाने का कार्य किया। 18 साल से अतीक से लड़ रहे थे। पूजा ने कहा कि जिसने हमारा और हमारे समाज का सम्मान बढ़ाया है हम उसके साथ हैं।

**लोकसभा चुनाव में भी नहीं किया था सपा का प्रचारः** पूजा पाल ने लोकसभा चुनाव में भी समाजवादी पार्टी से दूरी बनाए रखीं। वह अखिलेश यादव या सपा के अन्य किसी नेता के साथ मंच पर भी नजर नहीं आईं। हालांकि लोकसभा चुनाव में वह खुलकर भाजपा प्रत्याशी के लिए भी प्रचार नहीं किया था। लेकिन फूलपुर उप चुनाव में वह खुलकर भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार कर रही हैं और पर्चे बांट रही हैं। उनके प्रचार का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। *पति राजू पाल की विधायक रहते हुए हो गई थी हत्या।* माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को 2004 के विधान सभा चुनाव में शहर पश्चिमी से हराने के कुछ महीने बाद ही राजू पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राजू पाल ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था।

हत्या का आरोप माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ पर लगा। इसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में पूजा पाल ने खालिद अजीम उर्फ अशरफ को पराजित किया था। फूलपुर विधानसभा ओबीसी बाहुल्य सीट है। यहां पर कुर्मी और यादव मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। यही कारण है कि भाजपा हर बार किसी पिछड़ी जाति से जुड़े व्यक्ति को ही चुनाव मैदान में उतारती है। इसके पहले प्रवीण पटेल यहां से विधायक थे। उनके सांसद बनने के बाद दीपक पटेल को भाजपा ने उप चुनाव में टिकट दे दिया है। दीपक की मां केशरी देवी पटेल फूलपुर से सांसद भी रह चुकी हैं और दीपक करछना सीट से बसपा के टिकट पर विधानसभा पहुंच चुके हैं। बाद में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था।

# मुझे भी गर्व है कि मैं एक परिषदीय शिक्षक की बेटी हूं: राजरानी रावत

- दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



शहर के के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ एमएलसी अंगद सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 15 ब्लॉक व एक नगर क्षेत्र के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विकास खण्ड देवा के प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरमऊ के बच्चो ने सरस्वती वंदना, ब्लॉक बंकी के कम्पोजिट स्कूल कुरौली व निन्दूरा के कम्पोजिट स्कूल बहरौली के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुति किया। सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह ने खेल के आयोजन से पूर्व बच्चों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई। जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाएं निकलकर अपने देश का नाम रोशन करें। जिसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रतियोगिता आयोजित की है। सभी बधाई के पात्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब से प्रदेश की बागडोर संभाली है तब से बेसिक शिक्षा में कायाकल्प के जरिये विद्यालयों में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि मुझे भी गर्व है कि मैं एक परिषदीय शिक्षक की बेटी हूं। नन्हे मुन्हे बच्चों की प्रतियोगिता देखकर बहुत खुशी हुई है कि यही बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेंगे। ब्लॉक देवा एवं निन्दूरा के बच्चों के कार्यक्रमों की सराहना की। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय, एआरपी बंकी सुभाष चंद्र तिवारी, प्रदीप श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारीगण बंकी चंद्रशेखर यादव, देवा राम नारायण, निन्दूरा सुषमा सेंगर, फतेहपुर आरधना अवस्थी, अभिषेक सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# सवा लाख द्वीपों से जगमग होगा महादेव तालाब

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी




देव दीपावली की तैयारियां तेज

फतेहपुर। नगर क्षेत्र के प्रसिद्व देव स्थल श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मन्दिर प्रांगण में स्थित पवित्र सरोवर के घाट पर मनायी जाने वाली देव दीपावली के त्यौहार को लेकर तैयारियां तेज हो गयी है। नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु आकर यहां दीपदान करते है इस मनमोहक दृश्य देखने के लिए हजारों की संख्या में भारी भीड़ उमड़ती है। ज्ञात हो आगामी 15 नवम्बर को श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मन्दिर परिसर में देव दीपावली के दिन सवा लाख दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। इस दौरान सभी मन्दिरों को सुन्दर लाइटों को लगाकर मनमोहक ढंग से सजाया जायेगा। देर रात तक दूर दराज से आये भजन गायकों द्वारा भजन संध्या का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां तेज हो चुकी है। नगर पंचायत द्वारा मन्दिर परिसर में पवित्र सरोवर की घाटो की साफ-सफाई के साथ लगी लाइटों को दुरूस्त करने का कार्य नगर पंचायत कर्मियों द्वारा तेजी से किया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम राजेश विष्वकर्मा ने बताया, देव दीपावली को लेकर सभी व्यवस्थाएं जल्द से जल्द पूरी कराई जा रही है। त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसको लेकर आवश्यक प्रबंधन के साथ कदम उठाए जा रहे हैं।

## लेखपाल पर चला एसडीएम का हंटर, किया निलंबित

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। फतेहपुर। तहसील में तैनात लेखपाल साकेत रावत को अवैध कब्जा कराने के मामले में एसडीएम ने निलंबित कर दिया है वही अमरसण्डा के लेखपाल की पदोन्नति के कारण खाली हुए रिक्त स्थान पर उमेश पाठक नाम के लेखपाल की पोस्टिंग की गयी है। विदित हो कि तहसील फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बिलौली महाराज मे तैनात लेखपाल साकेत रावत पर अवैध कब्जा कराने के सम्बन्ध में तहसीलदार नवाबगंज से जांच कराने के उपरान्त दोष सिद्ध पाते एसडीएम राजेश विष्वकर्मा ने उन्हे निलम्बित कर दिया। निलम्बन के दौरान साकेत रावत रजिस्ट्रार कार्यालय से सम्बन्धीकृत कर वर्तमान समय में कर दिए गए है। इसके साथ ही ग्राम अमरसण्डा में तैनात लेखपाल भूपेन्द्र कुमार द्विवेदी की पदोन्नति करते हुए उन्हे राजस्व निरीक्षक/कानूनगो बनाया गया है, और रिक्त हुए स्थान अमरसंडा में उमेश पाठक को चार्ज सौपा गया है।

# चार साल से चल रहा पारिवारिक विवाद अंतिम रूप से निस्तारित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल एवं मध्यस्थ अधिवक्ता प्रेम चन्द्र शर्मा ने 4 साल से चल रहे वैवाहिक विवाद के मामले को सुलझाते हुये विवाद का अंतिम रूप से निस्तारण करा दिया गया। पीडिता द्वारा अपने पति एवं ससुरालीजन के विरुद्ध थाना गुरसहायगंज में दहेज प्रताडना का वाद वर्ष 2019 में दर्ज कराया गया था जिसका निस्तारण सुलह समझौते के माध्यम से आज प्राधिकरण द्वारा करा दिया गया।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना 2024-25 के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आज तहसील छिबरामऊ स्थित शौ शैय्या अस्पताल एवं तहसील तिर्वा में स्थित ग्राम न्यायालय ने महिलाओं की सुरक्षा एवं कल्याण से संबंधित कानूनों एवं लैंगिक समानता के प्रावधानों के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देख रेख में किया गया।

तहसील छिबरामऊ में स्थित सौ शैय्या अस्पताल में आयोजित शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक साजिब मोसमीन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बताया गया कि महिलाओं के कानूनी अधिकार के प्रति महिला को ही सजग रहना होगा महिलाये, माता बहने परिवार की अग्रणी सदस्य है उनके बैगर परिवार अपूरा है उनका सम्मान करना अनिवार्य है। महिलाओं के लिये सवैधानिक तौर पर कानून बनाये गये है, महिलाओं को समान कार्य कर समान वेतन कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन कानून, महिला उत्पीडन, भरण पोषण महिलाओं के मदद के लिये महिला थाना, महिला हेल्पडेस्क, महिला हेल्प लाईन इत्यादि और महिलाओं को रात में गिरफ्तार न करने का कानून बनाये गये है। महिलाओं के कानूनी अधिकार जैसे कामकाजी महिलाओं का मातृत्व संबंधी अधिकार कार्यस्थल पर छेड़छाड़ यौन उत्पीड़न से सरंक्षण का अधिकार पुरुषों के समान पारिश्रमिक का अधिकार पर विस्तृत चर्चा करते हुये बताया कि महिलाओं के मदद के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तत्पर है। प्राधिकरण में किसी मामले की पीडित महिला अथवा बच्चे द्वारा एक सादे कागज पर भी अपनी समस्या को लिखित तौर पर प्रस्तुत करने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

तहसील तिर्वा में स्थित ग्राम न्यायालय में पराविधिक स्वयं सेवक अजीत द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग की जाँच करवाना अपराध है। कन्याभूण हत्या एवं गिरते लिंग अनुपात को रोकते हुये उक्त अधिनियम बनाया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि यदि गर्भ 20 सप्ताह से अधिक न हो ऐसे में गर्भ में बने रहने से गर्भवती स्त्री का जीवन जोखिम में होगा अथवा पैदा होने वाला बच्चा शारीरिक या मानसिक असमानताओं पीडित होगा तो ऐसा गर्भ पंजीकृत चिक्रिवाक द्वारा समाप्त किया पा सकेगा एवं क्कृसा अधिनियम 2013 के विषय पर जानकारी ढि गयी।

सचिव द्वारा लोक अदालत के लाभ को बताते हुये आगामी दिनांक 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के शमनीय वाद चेक बाउंस के मामले, श्रम, बिजली एवं जल संबंधी वाद वैवाहिक एवं पारिवारिक वाद चालन संबंधी वाद का अधिक से अधिक निस्तारण कराने हेतु आम जन मानस को जागरूक कर पम्पप्लेटस का वितरण कर लोक अदालत के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही साथ यह भी बताया गया कि लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण हेतु दि0 11से 13 दिसम्बर तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

# पशु गणना टीम के वाहन को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



भारत सरकार द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में 21वीं पशुगणना 2024 शुरू की गई है। भारत वर्ष में प्रथम पशुगणना वर्ष 1919-1920 में प्रारम्भ की गयी थी। पशुगणना प्रत्येक 5 वर्ष में की जाती है। यह एक राष्ट्रीय कार्यकम है, जो कि पूरे देश में एक साथ प्रारम्भ होता है। यह जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने बताया है कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदेश के पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम, विकास खण्ड एवं जनपद के सभी परिवारों में पाले जाने वाले विभिन्न प्रकार के पशुधन और मुर्गी पक्षियों एवं अन्य पशुओं यथा हाथी, श्वान, ऊँट, घोड़ा, गधा, एवं खच्चर आदि पालतू पशुओं की गणना की जाती है। पशुगणना से प्राप्त परिणामों के आधार पर प्रदेश एवं देश में उन्नति हेतु पशुधन विकास एवं पशुपालन विकासोन्मुखी योजनायें तैयार करने में मदद मिलती है। उन्होंने जनमानस से अपील की है कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यकम में गणनाकारों को सहयोग प्रदान कर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान करें। पशुधन गणना 25 फरवरी तक चलेगी। विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी श्री रामकृपाल चौधरी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.कर्णवीर सिंह नोडल अधिकारी पशु गणना डॉ सारिका मल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पशु गणना कारों को गणना किट भी प्रदान किए गए हैं। सारी पशु गणना ऑनलाइन होगी अर्थात मोबाईल एप के माध्यम से आंकड़े इकट्ठे किए जाएंगे। जिनको भारत सरकार तक जांचकर ऑनलाइन ही भेजा जाएगा।

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी-तिर्वा डॉ.वेदब्रत गंगवार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.अनिल भास्कर, एवं डॉ.प्रशांत वर्मा, डॉ.विकराल सिंह, डॉ संजीव सिंह, डॉ रिजवान अहमद, डॉ चंद्र प्रताप सिंह, डॉ प्रदीप कुमार पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश पांडे, उदयराज वर्मा, संजीव कुमार, कमल चंद्र गणनकार पुष्पेंद्र, आशुतोष, शैलेन्द्र, करन, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हाईवे किनारे मिला महिला का शव, नहीं हुई पहचान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सोहरामऊ क्षेत्र में टाटा सर्विस सेंटर के पास महिला का शव मिला। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बजेहरा गांव के सामने स्थित टाटा मोटर्स सर्विस सेंटर के पास मंगलवार को करीब 40 साल की महिला का शव यूकेलिप्टस के पेड़ के सहारे टिका मिला। सूचना पर एसआई नरेंद्र सिंह ने जांच की। महिला पीले रंग का सूट और काले रंग का सलवार पहने होने के साथ उसके बालों में धूल लगी मिली। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया। सफलता न मिलने पर पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया है। जांच में सर्विस सेंटर के एक कर्मचारी ने बताया कि महिला सुबह करीब 9.30 बजे सर्विस सेंटर के पास आई थी और पीने का पानी मांगा था। बाद में वह पेड़ के पास बैठ गई थी। पुलिस मानसिक बीमार होने का अनुमान लगा रही है।

# आबकारी विभाग दिये लक्ष्य से 47 करोड़ कम वसूल पाया तो भड़क गए डीएम




- सभी को समय से लक्ष्य पूर्ति करने और पुराने मुकदमे शीघ्र निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की बैठक कल देर शाम सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि दर्पण पोर्टल को समय-समय अपडेट करें और कार्यों में तेजी लाएं। प्रत्येक दशा में दर्पण पोर्टल में रैंकिंग अच्छी होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा है कि न्यायालयों में तीन व पांच वर्ष से ऊपर के एक भी मुकदमे लंबित नही रहना चाहिये, अभियान चलाकर मुकदमो का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये। जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, स्टांप, विद्युत आदि विभाग की वसूली कम पाये जाने पर निर्देश दिये है कि तेजी लाकर वार्षिक लक्ष्य को समय से पहले ही पूरा करें।

आबकारी में 405.71 करोड़ वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 47.83 करोड़ की कम वसूली पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देश दिये कि ससमय निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जाये। जिलाधिकारी ने आरसीसीएमएस के अनुसार धारा-24, धारा-80, धारा-116, धारा-34, धारा-67 आदि धाराओं से सम्बन्धित लंबित वादों की प्रत्येक दिवस ज्यादा से ज्यादा वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए है। समस्त एसडीएम/ तहसीलदार/ नायब तहसीलदार पोर्टल से डेट वाइज वादों की सूची निकालकर फाइलों से मिलान कर लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सो रहे किशोर को जेसीबी ने रौंदा, मौत



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

असंद्रा थाना क्षेत्र के सूरजपुर गांव स्थित भैरव नाथ ब्रिक फील्ड पर सीतापुर जनपद से मजदूरी करने आए सो रहे किशोर की जेसीबी की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद चालक जेसीबी को एक ईंट-भट्ठे पर खड़ा कर भाग निकला। जानकारी के अनुसार, थाना असन्द्रा क्षेत्र में बुधवार भोर ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने आएं राम मगन (14) पुत्र प्रताप रैदास निवासी ग्राम देमल थाना सकरन जिला सीतापुर से असंद्रा थाना क्षेत्र के देवीगंज में मार्ग स्थित भैरव नाथ ब्रिक फील्ड सूरजपुर मजदूरी करने के लिए अपने फूफा सरविंद पुत्र त्रिभुवन के साथ आया हुआ था। जो जमीन पर सो रहे थे। जेसीबी की टक्कर की वजह से सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर अज्ञात चालक जेसीबी खड़ी कर भाग गया। जानकारी पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। असंद्रा प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जेसीबी कब्जे में ली गई है। तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। उधर, घटना का पता चलने पर परिजनो में कोहराम मच गया।

# दो सौ का कारतूस, पांच हज़ार का कट्टा, अब दोनों दोस्त काटेंगे जेल इकट्ठा




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

ठठिया थाना क्षेत्र में दो युवकों ने अपने सोशल मीडिया मंच पर तमंचे के साथ वीडियो पोस्ट कर हंगामा मचा दिया। दोनों दोस्तों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो के साथ एक स्टोरी डाली, जिसमें लिखा था, 200 का कारतूस- 5000 का कट्टा, एक फायर होने पर पूरा मोहल्ला इकट्ठा। यह वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला संज्ञान में लिया और दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, खसुअनपुरवा गांव के रहने वाले अमित और आलोक नामक दो युवकों ने कमर में तमंचा खोंसकर वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में दिखाए गए हथियार और उसकी गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया। एसओ ठठिया, अरुण कुमार चौधरी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दोनों युवक छात्र हैं और एग्रीकल्चर में पढ़ाई कर रहे हैं। एक युवक इंटर का छात्र है जबकि दूसरा बीएससी फर्स्ट ईयर का छात्र है। पुलिस का कहना है कि यह घटना नादानी में हुई थी, जब दोनों अपने मामा के घर पर गए थे हालांकि, बाद में दोनों युवकों को थाने से निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया, लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# सीवीओ अंडा उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान दें, सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा में बोले सीडीओ




जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में जिस विभाग की रैंक प्रथम है वह प्रथम ही रहनी चाहिए और जिस विभाग की रैंक कम है वह सुधार करें। विकास कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट की अधिकारी स्वयं जांच करें अपने अधीनस्थों के भरोसे न रहें। किसी भी विभागाध्यक्ष की शिथिलता के कारण जनपद की रैंक प्रभावित होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दशा में जनपद की रैंकिंग खराब नही होनी चाहिए। उन्होनें जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यों में तेजी लाकर रैंक में सुधार लायें, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अण्डा उत्पादन की बढोत्तरी पर ध्यान दे।

शहर में 24 घण्टे, टाउन एरिया में 21.30 और ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे विद्युत की सप्लाई निर्बाध रूप से होना चाहिए।

समाज कल्याण अधिकारी वृद्धावस्था पेंशन योजना के डाटा में सुधार करें। आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत स्कूलों में दिव्यांग शौचालय, टायलीकरण आदि का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये।

मनरेगा के अन्तर्गत जो कार्य छूटे है तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण किये जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी एन0 डी0 द्विवेदी, उपायुक्त स्वतः रोजगार मिशन राजकुमार लोधी, उपायुक्त मनरेगा दिनेश यादव, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी वीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कर्णवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# खिलाड़ी मानसिक तौर पर मजबूत होते हैं: गोप

- सपा के राष्ट्रीय सचिव ने किया सुपर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



क्रिकेट का खेल खिलाड़ी को चुस्त दुरुस्त रखने के साथ शारीरिक क्षमता मजबूत करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उक्त बात सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने लॉर्ड बालाजी क्रिकेट ग्राउंड मे आयोजित बाराबंकी सुपर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करने के दौरान व्यक्त की। श्री गोप ने आगे कहा कि क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी मानसिक तौर पर बहुत मजबूत होते हैं इन खिलाड़ियों की मानसिक शारीरिक मजबूती का दम हमेशा मैच के दौरान दिखाई देती है। किंग वॉरियर्स लखनऊ के बीच खेले गए मैच का आनंद भी लिया। टूर्नामेंट आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप को गुलदस्ता प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डा.चौधरी जावेद, अविरल सिंह, चेयरमैन रेहान कामिल, बालाजी स्कूल के प्रबंधक अंकुर माथुर, वैस सलमानी, वीरेन्द्र प्रधान, अली गुड्डू आदि मौजूद रहे।

## महिला का घर में फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। बीघापुर। मनीखेड़ा गांव में महिला का शव घर में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। पारिवारिक कलह की चर्चा है, जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव मनीखेड़ा गांव निवासी माया देवी (32) पत्नी विपिन का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। मंगलवार सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर सास सुशीला जगाने पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। सास की चीख सुनकर मोहल्ले को लोग भी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मृतका की सास ने पुलिस को बताया कि बेटा विपिन काफी समय से चंडीगढ़ में रहता है। घर में बहू और पांच साल की पौत्री सारिका, ननद अंजू दो दिन पहले ही अपनी ससुराल तलिहई गांव से मायके मनीखेड़ा आई हैं। पड़ोसियों में पारिवारिक कलह की चर्चा है।

# मरीजों को चिढ़ा रही बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक प्रमुख द्वारा लगवाई गई लाइटें

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



आने वाले मरीजों को बहुत ही दिक्कतें हो रही हैं बुधवार को शाम को 5ः00

बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी लाइटों का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया द्वारा किया गया था कुछ ही दिनों तक चलने के बाद में आंख मिचौली करते करते हुए बंद हो गई तब से कई बार अस्पताल कर्मचारियों द्वारा सूचना भेजी गई लेकिन अभी तक कोई उन्हें देखने नहीं आया है। ठीक करना दूर की बात इन दोनों सर्दियों के समय में जल्दी अंधेरा हो जाता है और इमरजेंसी में बजे अधीक्षक दिलीप कटियार ने लाइट के पास खड़े होकर बताया कि कई बार सूचना भिजवा चुके हैं और फोन करते हैं तो फोन उनका उठाता नहीं है लाइट दुरुस्त करने के लिए कोई तैयार नहीं है कि जिनके द्वारा लगी है वही ठीक करवाए वहीं पर मरीज शाम के समय तीमारदार यहीं पर आकर बैठते हैं और आए दिन दुर्घटनाग्रस्त शव भी यहां पर रखकर परिजनों का इंतजार करते हैं अंधेरा होने की वजह से लोग अपने मोबाइल का प्रयोग करते हैं।

## बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्री सहित तीन घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। अजगैन कोतवाली के भौली गांव निवासी रामबाबू की बेटी शकुन (18) को कई दिनों से बुखार आ रहा था। मंगलवार को बेटी को दवा दिलाने नवाबगंज सीएचसी आए थे। घर लौटते समय अजगैन-भौली मार्ग पर छेड़ा गांव के पास सामने से आ रही बाइक से टकरा गई थी। घटना में पिता-पुत्री के साथ दूसरे बाइक सवार भौली निवासी दीपक (26) घायल हुए थे। सीएचसी लाने पर परिजन पिता-पुत्री को निजी अस्पताल ले गए। दीपक को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## छात्राओं को 12वीं के बाद से ही कॅरियर चुनने की दी सलाह

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। सफीपुर। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कॅरियर मेले का आयोजन हुआ। छात्राओं को 12वीं पास के बाद से ही कॅरियर चुनने की सलाह दी गई। एसडीएम नवीन चंद्र ने कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करके सब छात्र अपने जीवन में वह लक्ष्य हासिल कर सकते हैं जो चाहते हैं। उन्होंने छात्राओं को सिविल सेवाओं की तैयारी करने की जानकारी दी। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने 12वीं पास करने के बाद ही छात्र-छात्राओं को कॅरियर चुनने की सलाह दी। प्रधानाचार्य रचना निगम ने कहा कि लगन के साथ पढ़ाई करें। अभी से दृढ़ निश्चय करें कि उन्हें किस क्षेत्र में कॅरियर बनाना है। इससे पूर्व छात्राओं ने भक्ति गीतों से मां सरस्वती की वंदना की। मेले में विभिन्न स्टॉल लगाकर छात्राओं को कॅरियर चुनने के लिए विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई।

### भारत-सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा

# हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित है और इसका फोकस भविष्य पर : एस. जयशंकर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार को दिल्ली में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भविष्य में सहयोग के लिए नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की गई। बैठक में जयशंकर ने कहा, हमारी साझेदारी प्रगति पर आधारित है और इसका फोकस भविष्य पर है। मुझे खुशी है कि आज हम दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग पर आधारित समिति की दूसरी बैठक आयोजित कर रहे हैं। हमारे उच्च स्तरीय संपर्क और बहुपक्षीय मंचों पर समन्वय की गति बहुत अच्छी चल रही है। सऊदी अरब में भारतीय समुदाय के 26 लाख से ज्यादा लोग हैं और मैं आपके नेतृत्व में वहां उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद देता हूं।



### नई साझेदारी बनाने का अवसर प्रदान कर रहे उद्योग

उन्होंने आगे कहा, हम लगातार प्रशिक्षण क्षमता निर्माण पर विचार-विमर्श करते रहे हैं और अब हमारा सहयोग रक्षा उद्योग व निर्यात तक बढ़ चुका है। इसके अलावा, सुरक्षा सहयोग में रणनीतिक बढ़ोतरी देखी जा रही है। हम आतंकवाद, कट्टरवाद, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ मिलकर काम कर रहे हैं। सऊदी अरब के विजन 2030 और भारत के विकसित भारत 2047 दोनों के लिए हमारे उद्योग नई साझेदारी बनाने के अवसर प्रदान करते हैं।

#### बैठक में सऊदी अरब के विदेश मंत्री ने क्या कहा

इसके बाद सऊदी अरब के विदेश मंत्री अल सऊद ने कहा, %मैं यहां दिल्ली में अपने भारत-सऊदी संबंधों को आगे बढ़ाने और सहयोग के नए रास्तों को तलाशने को लेकर बहुत खुश हूं। भारत के साथ हमारे संबंध एक लंबे समय से चल रहे सहयोग और आपसी सम्मान पर आधारित हैं। सदियों से व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साझा इतिहास ने आज हमारे मजबूत और स्थिर संबंधों की नींव रखी है। सऊदी-भारत रणनीतिक साझेदारी परिषद की उद्घाटन बैठक ने सहयोग के नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने कहा, हम परिषद की क्षमता और दक्षता को आगे बढ़ाने की उम्मीद रखते हैं, ताकि हम अपने साझा लक्ष्यों को हासिल कर सकें। हम मानते हैं कि सभी क्षेत्रों में निरंतर समन्वित प्रयासों की जरूरत है। हम क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मामलों में हमारे सहयोग को बहुत महत्व देते हैं।

#### लगातार गहरा हो रहा व्यापार और निवेश में सहयोग

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए जयशंकर ने कहा, हमें खुशी होती है जब हम देखते हैं कि हमारे व्यापार और निवेश में सहयोग गहरा हो रहा है। व्यापार और निवेश हमारी साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और हम इन्हें तकनीकी, उर्जा, नवीकरणीय उर्जा, संपर्क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे नए क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं। हम संस्कृति, पर्यटन और युवाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों का स्वागत करते हैं और मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में भी बड़ी संभावनाएं देखते हैं।

#### पश्चिम एशिया की स्थिति चिंता का विषय

विदेश मंत्री ने कहा, आज हमारे पास क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्थितियों पर विचार-विमर्श करने का अवसर है। हम यह भी मानते हैं कि सऊदी अरब की क्षेत्र में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आगे कहा, पश्चिम एशिया की स्थिति खासतौर पर गाजा में चल रहे संघर्ष हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत इस मामले में अपने रुख पर कायम है। हम आतंकवाद और बंधक बनाने की घटनाओं की निंदा करते हैं और निर्दोष नागरिकों की निरंत मौतों से दुखी हैं। भारत हमेशा से ही फलस्तीनी मुद्दे के दो-राष्ट्र सिद्धांत का पक्षधर रहा है।

#### बैठक को लेकर एक्स पर जयशंकर ने क्या कहा

विदेश मंत्री ने एक्स एक पोस्ट में कहा, आज दिल्ली दिल्ली में हमारी रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति की दूसरी बैठक में सऊदी अरब के विदेश मंत्री अल सऊद के साथ सह-अध्यक्षता करते हुए खुशी हो रही है। हमारे बीच रक्षा साझेदारी, सुरक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, संस्कृति, पर्यटन और हमारे लोगों के आपसी संबंधों सहित बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों पर उपयोगी चर्चा हुई। हमने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों, खासतौर पर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर हमारे साझा प्रयासों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

---

# दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर, टॉप-2 में भारत-पाकिस्तान के जिले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत समेत दुनिया के अलग-अलग शहरों में लोगों को वायु प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ का सामना कर रहा है। दुनिया के सबसे प्रदूषित 121 देशों की सूची में भारत के तीन शहर हैं। इसमें राजधानी दिल्ली, कोलकाता और मुंबई है। स्विस फर्म आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग में 13 नवंबर को राजधानी दिल्ली पहले नंबर पर है। आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग देखने से पता चलता है कि 515 एक्यूआई के साथ दिल्ली पूरी दुनिया में सबसे प्रदूषित शहर है। हालांकि, भारत में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।



#### कितना खराब एक्यूआई का स्तर?

आमतौर पर प्रदूषण का स्तर एयर क्वालिटी इंडेक्स या एक्यूआई के रूप में मापा जाता है। विदेशी मानकों के अनुसार 200 से अधिक एक्यूआई बहुत खराब स्तर का माना जाता है और 300 का स्तर गंभीर रूप से खराब स्थिति को दर्शाता है। अगर 0-50 के बीच में एक्यूआई का स्तर रहता है तो इसे अच्छा माना जाता है। 51-100 पाया गया तो मध्यम और 101-150 के बीच मिला तो संवेदनशील समूहों के लिए खराब हवा मानी जाती है। वहीं, 151 से 200 अगर एयर क्वालिटी इंडेक्स मिला तो ये खतरनाक होता है। इसके अलावा, 201-300 पाए जाने पर बहुत खतरनाक और अगर प्रदूषण स्तर 301 से अधिक पाया गया तो यह बहुत-बहुत खतरनाक है।

#### भारत के इन शहरों की हवा भी खतरनाक

रैंकिंग में 10वें स्थान पर 158 एक्यूआई के साथ मुंबई शहर है। उसके बाद कोलकाता का नंबर आता है, जहां एक्यूआई 136 रिकॉर्ड किया गया। आईक्यूएयर की लाइव रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पाकिस्तान का शहर लाहौर है। यहां का एक्यूआई 432 है।

#### तीसरे नंबर पर कौन से देश का शहर?

प्रदूषित शहरों में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के किंशासा को तीसरे नंबर पर रखा गया है। यहां का एक्यूआई 193 दर्ज किया गया है। वहीं, मिस्र के काहिरा को 184 की एक्यूआई के साथ चौथा स्थान मिला है। वहीं, आईक्यूएयर की वर्ल्ड लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर वियतनाम की राजधानी हनोई है। यहां का एक्यूआई लेवल 168 है। रैंकिंग में छठवें स्थान पर कतर देश का दोहा शहर है। यहां का एक्यूआई लेवल 166 है। इसके अलावा, सातवें नंबर पर सउदी अरब के रियाद को रखा गया है।

#### इन पर भी एक नजर

इंडेक्स में आठवें स्थान पर नेपाल की राजधान काठमांडू है, जहां का एक्यूआई लेवल 160 है। नौवें स्थान पर मंगोलिया का उल्लानबटार है। उल्लानबटार में बुधवार को एक्यूआई 158 है। बांग्लादेश की बात करें तो उसकी राजधानी ढाका को 17वें नंबर पर रखा है। यहां का एक्यूआई 122 है। चीन के सात शहरों की हवा काफी खराब पाई गई है।

वहीं, पड़ोसी देश का कराची शहर भी इस सूची का हिस्सा बना है। उसे 147 एक्यूआई के साथ 14वें नंबर पर रखा गया है।

---

## एक्सप्रेस खबरें...

### तेलंगाना के पेद्दापल्ली में पटरी से उतरे मालगाड़ी के 11 डिब्बे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेलंगाना।** तेलंगाना के पेदापल्ली जिले में एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने की वजह से यहां रेल मार्ग बाधित हो गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि करीब 20 यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं, 10 ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। बताया गया है कि राघवपुरम से रामागुंडम जा रही मालगाड़ी की 11 बोगियां पटरी से उतर गईं। इनसे लौह अयस्क भेजा जा रहा था। मंगलवार रात को ही यह घटना हुई।

### मादक पदार्थों की तस्करी में एक महीला समेत चार गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। इस सिलसिले में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। गुवाहटी पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, हाटीगांव इलाके में एक गेस्ट हाउस से हेरोइन और याबा की गोलियां बरामद की गई। पोस्ट में कहा गया, दिसपुर थाने की पूर्वी गुवाहाटी जिला पुलिस (ईजीपीडी) टीम ने छापेमारी कर साबुन के पांच बक्सों में रखी 10 हजार 'याबा' गोलियां और 11 ग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की।

### कर्नाटक के स्कूल में नाश्ता करने के बाद 30 छात्र बीमार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कर्नाटक।** कर्नाटक में बीदर के हुमनाबाद में एक प्राइवेट रेजिडेंशियल स्कूल में बुधवार को नाश्ता करने के बाद 30 छात्र बीमार हो गए। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी। फूड पाइजनिंग होने की आशंका जताई गई है। नाश्ता में दिए गए चावल को खाने के बाद बच्चे उल्टी करने लगे।

---

# महाराष्ट्र-गोवा सीमा पर पूर्व सीएम का काफिला रोका गया, जांच पर भड़के शिवसेना यूबीटी प्रमुख

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच नेताओं के काफिले, हेलीकॉप्टर जांच और आदर्श आचार संहिता के तहत निर्वाचन आयोग की कार्रवाई लगातार सुर्खियों में है। ताजा घटनाक्रम महाराष्ट्र-गोवा सीमा से सामने आया है। यहां पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे का काफिला रोके जाने की खबर है। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे उद्धव काफिला रोक कर जांच किए जाने पर भड़क गए। शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे की वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर भी की जा रही है। समर्थकों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश है। शिवसेना यूबीटी का आरोप है कि उद्धव ठाकरे को जानबूझ कर निशाना बनाया जा रहा है। महाराष्ट्र में इस बार सियासी मुकाबला बेहद दिलचस्प होने के आसार हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लगभग 25 महीने पहले जून, 2022 में महाविकास अघाड़ी सरकार गिरी थी। इसके बाद भाजपा समर्थित सरकार बनी। शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दो-फाड़ होने के बाद राज्य में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के पास 202 विधायकों का समर्थन है। 102 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। अजीत पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 40 विधायक हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 38 विधायक हैं। 14 निर्दलीय विधायकों ने भी एनडीए सरकार को समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार को पांच अन्य छोटे दलों का समर्थन भी हासिल है।



#### महाराष्ट्र में विपक्षी खेमा कितना मजबूत...


इसके अलावा विपक्षी खेमे में कुल 71 विधायक हैं। विपक्ष में कांग्रेस 37 विधायकों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के 16 विधायक हैं। वरिष्ठ राजनेता शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 12 विधायक हैं। समाजवादी पार्टी के दो, सीपीआईएम और पीडब्लूपीआई के एक-एक विधायक हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के दो विधायक भी विपक्षी खेमे में हैं। 15 विधानसभा सीटें खाली हैं।

---

# सीआईएसएफ की महिला बटालियन संभालेगी एयरपोर्ट-मेट्रो रेल की सुरक्षा की जिम्मेदारी : शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बताया कि सीआईएसएफ की महिला बटालियन एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी। इसके साथ ही वे कमांडो के तौर पर वीआईपी को भी सुरक्षा प्रदान करेंगी। सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन को केंद्र सरकार ने सोमवार को इसकी मंजूरी दे दी। इस बटालियन में एक हजार से अधिक महिला कर्मी शामिल हैं। अमित शाह ने कहा, राष्ट्र के निर्माण के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए पीएम मोदी एक मजबूत कदम उठाया। मोदी सरकार ने सीआईएसएफ की पहली पूर्ण महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने कहा, महिला बटालियन अब देश के



महतिवपूर्ण ढांचों एयरपोर्ट और मेट्रो रेल की रक्षा करने और कमांडो के तौर पर वीआईपी सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी उठाएंगी। गृह मंत्री ने कहा कि यह निर्णय निश्चित रूप से राष्ट्र की रक्षा के महत्वपूर्ण कार्य में शामिल होने के लिए अधिक महिलाओं की इच्छा को पूरा करेगा। बता दें कि सीआईएसएफ में महिला कर्मियों की संख्या सात प्रतिशत से अधिक है। सीआईएसएफ भारत में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है। इसकी स्थापना 1969 में की गई थी। इसे महत्वपूर्ण सरकारी और औद्योगिक भवनों की सुरक्षा का काम सौंपा गया है।

---

# स्वतंत्रता आंदोलन में भाजपा, आरएसएस की कोई भूमिका नहीं : खरगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के लिए होने वाली वोटिंग में अब कुछ ही दिन बाकी है। राजनीतिक दल पूरे दमखम से चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। राज्य में महाविकास अघाड़ी और महायुति के नेता एक दूसरे पर जमकर निशाना साध रहे हैं। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया। मल्लिकार्जुन खरगे ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला करते हुए नारों %बंटेंगे तो कटेंगे% और %एक हैं तो सुरक्षित हैं% की आलोचना की। खरगे ने भाजपा नीत महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया और



चुनाव में उसकी हार का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की पुस्तक लहराने पर सवाल उठाया था। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि जाति जनगणना, जिसका वादा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, उसका उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और सभी वर्गों के लिए लाभों का समान वितरण करना है। उन्होंने कहा, जाति जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं है।

#### भाजपा और संघ का स्वतंत्रता आंदोलन में कोई योगदान नहीं

खरगे ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ हैं' जैसे नारों पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस नेताओं ने देश और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। इसके विपरीत, भाजपा और संघ का स्वतंत्रता आंदोलन और देश की एकता में कोई योगदान नहीं था। खरगे ने कहा कि महायुति चोरों की सरकार है। विधानसभा चुनाव देशद्रोहियों को सबक सिखाने का मौका है। खरगे ने महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या से लेकर धन के एकीकरण जैसे मुद्दों को उठाते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में प्रतिदिन सात किसान आत्महत्या करते हैं। भारत की 62 प्रतिशत संपत्ति पांच प्रतिशत आबादी की जमीनों में केंद्रित है। 50 प्रतिशत गरीबों के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह मोदी, (देवेंद्र) फडणवीस, (मुख्यमंत्री) एकनाथ शिंदे और (उपमुख्यमंत्री) अजित पवार की सरकार है।

#### 'संविधान की एक प्रति सुरक्षा का गारंटी'

रैली में संविधान की एक प्रति हाथ में लिए खरगे ने कहा, केवल आंबेडकर का संविधान ही समाज के सभी वर्गों को सुरक्षा की गारंटी देता है। मोदी कहते हैं कि कांग्रेस संविधान की खाली प्रति दिखा रही है। क्या यह खाली है? खरगे ने कहा, मोदी कहते हैं कि संविधान संदर्भ पुस्तक का लाल रंग नक्सलवाद का प्रतीक है और विपक्ष को शहरी नक्सली कहते हैं। मोदी ने (संविधान की) वही प्रति तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को दी थी। क्या हमें उन्हें शहरी नक्सली कहना चाहिए? खरगे ने कहा कि मोदी को अपने प्रदर्शन और कार्य विचारधारा के बारे में बोलना चाहिए तथा झूठ फैलाने से बचना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी ने आम लोगों के बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने (2014 के चुनावों से पहले विदेशी बैंकों में जमा काले धन को वापस लाने के बाद) और हर साल 2 करोड़ नौकरियां पैदा करने के बारे में झूठ बोला। उन्होंने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, मनरेगा और भोजन का अधिकार अधिनियम को कांग्रेस सरकारों की उपलब्धियों के रूप में गिनाया।

---

# पहाड़ी इलाकों में युद्ध से निपटने के लिए भारतीय सेना तैयार, सैन्य अभ्यास 'पूर्वी प्रहार' शुरू

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने पहाड़ी इलाकों में युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। सेना ने 10 नवंबर से अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में तीन स्तरीय सेवा अभ्यास पूर्वी प्रहार शुरू किया है। भारतीय सेना के मुताबिक इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य पहाड़ी इलाकों में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की युद्ध क्षमता को बढ़ाना है। ताकि तीनों सेनाओं में समन्वय और तत्परता बढ़ सके। यह अभ्यास 18 नवंबर तक चलेगा।



#### एलएसी से वापसी के बाद पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास

हाल ही में भारत और चीन के बीच एलएसी को लेकर हुए समझौते के बाद भारतीय सेना की वास्तविक नियंत्रण रेखा से वापसी हो गई है। इसके बाद यह पहला त्रिस्तरीय संयुक्त अभ्यास हो रहा है। इस सैन्य अभ्यास में सेना के तीनों अंग अपनी युद्ध क्षमता को दिखा रहे हैं। इसमें इन्फेंट्री फाइटर यूनिट, आर्टिलरी गन, लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर, यूएवी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही सुखोई-30, राफेल जैसे लड़ाकू विमान भी युद्ध अभ्यास में शामिल हो रहे हैं।

#### पूर्व में रक्षा तैयारी की मजबूती पर जोर

बताया जाता है कि सैन्य अभ्यास में नौसेना के मार्को कमांडो भी भाग ले रहे हैं। अभ्यास का उद्देश्य पूर्वी क्षेत्र में रक्षा तैयारियों और स्थिति के मजबूत करना है। इसके साथ ही सेना के तीनों अंगों की संयुक्त क्षमता को निखारना है। 18 नवंबर तक चलने वाले संयुक्त अभ्यास में वायु सेना, नौसेना और थल सेना तीनों अपने-अपने युद्ध कौशल को दिखाएंगे। साथ ही पहाड़ी इलाकों में हो रहा यह अभ्यास सेना के युद्ध कौशल को संवारने में बड़ा योगदान देगा।

---

# हिमाचल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, सीपीएस नियुक्ति एक्ट को किया निरस्त, सभी सुविधाएं खत्म

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) की नियुक्तियों के सांविधानिक दर्जे पर बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने सीपीएस एक्ट को निरस्त कर दिया है। इसके तहत सीपीएस को दी जा रही सभी सुविधाओं को खत्म कर दिया गया है। अब छह मुख्य संसदीय सचिव अब सिर्फ विधायक के तौर पर ही कार्य करेंगे। कोर्ट ने सीपीएस की नियुक्तियों को असांविधानिक बताया है। इस मामले में अदालत में पीपल फॉर रिस्पॉन्सिबल गवर्नेंस संस्था की ओर से वर्ष 2016 में याचिका दायर की गई थी। अदालत में दूसरी याचिका कल्पना और तीसरी भाजपा नेता पूर्व सीपीएस सतपाल सत्ती सहित अन्य 11 भाजपा के विधायकों की ओर से दायर की गई थी। इन तीनों याचिकाओं में मूल प्रश्न हिमाचल प्रदेश में 2006 में बनाया गया एक्ट है। इसके तहत पहले भाजपा सरकार ने अपने विधायकों को सीपीएस बनाया था। अब कांग्रेस सरकार ने छह विधायकों को सीपीएस बनाया है। सरकार ने इस मामले में बहस के लिए सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठ अधिवक्ता नियुक्त किए। भाजपा की ओर से दी गई याचिका में कहा गया है कि सीपीएस पद का संविधान में प्रावधान नहीं है और भारत के संविधान के अनुच्छेद 164 के तहत प्रदेश में 15 प्रतिशत से ज्यादा मंत्रिमंडल नहीं बनाया जा सकता, जिससे हिमाचल में संख्या 12 ही हो सकती है। सीपीएस बनाने के बाद यह संख्या 17-18 पहुंच जाती है। अब हाईकोर्ट ने सीपीएस नियुक्ति एक्ट को निरस्त कर दिया है।




#### वर्तमान में छह सीपीएस

वर्तमान कांग्रेस सरकार में छह मुख्य संसदीय सचिव है। सुक्खू सरकार ने अर्की विधानसभा क्षेत्र से संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल को सीपीएस बनाया है। प्रदेश में सीपीएस का मूल वेतन 65 हजार रुपये है। सीपीएस को हर महीने 65 हजार वेतन मिलता है। इसके अलावा बतौर विधानसभा क्षेत्र भत्ता 90 हजार, दैनिक भत्ता 1800, ऑफिस भत्ता 30 हजार, कंप्यूटर डाटा आपरेटर के लिए 15 हजार भत्ता मिलता है। भत्ते मिलाकर ये वेतन 2.20 लाख रुपये प्रति महीना पहुंच जाता है। इसके अलावा सीपीएस को गाड़ी भी मुहैया करवाई जाती है। कुल मिलाकर सीपीएस को मिलने वाली सुविधाओं पर ही सवाल उठते रहे हैं।

#### वीरभद्र-धूमल सरकार ने बनाए थे सीपीएस

सीपीएस की नियुक्ति पर सियासी संग्राम देश के तमाम राज्यों में होता आया है। पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2013 में 10 सीपीएस नियुक्त किए थे। प्रेम कुमार धूमल ने भी तीन सीपीएस की नियुक्ति की थी। इनमें सतपाल सिंह सत्ती, वीरेंद्र कंवर व सुखराम चौधरी शामिल थे। हिमाचल प्रदेश संसदीय सचिव (नियुक्ति, वेतन, भत्ते, शक्तियां, विशेषाधिकार और सुविधाएं) अधिनियम 2006 के मुताबिक सीपीएस को मंत्री की तरह कार्य करने की पहले से ही मनाही है। इसके तहत ही सीपीएस नियुक्तियां होती आई हैं। हालांकि, असम और हिमाचल प्रदेश में सीपीएस के लिए बनाए नियमों में भिन्नता है।

#### हिमाचल में ही उठा था सीपीएस की नियुक्ति का सबसे पहला विवाद

सीपीएस पद पर नियुक्तियों का सबसे पहला विवाद हिमाचल में सामने आया था। दरअसल, साल 2005 में पहली बार सीपीएस की नियुक्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने सीपीएस की नियुक्ति के लिए विधानसभा से एक्ट पास कराया। इसमें उनकी नियुक्ति से लेकर उनके वेतन भत्ते, शक्तियां सभी के नियम बनाए गए। इसी के तहत आज तक सीपीएस की नियुक्ति की जा रही है।

#### सीपीएस बनाने का फैसला असांविधानिक था : जयराम

नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा पहले दिन से ही सीपीएस बनाने के फैसले के खिलाफ थी क्योंकि यह असांविधानिक था और संविधान के विरुद्ध निर्णय था। जब 2017 में हम सरकार में थे तो हमारे समय भी यह प्रश्न आया था। तो हमने इसे पूर्णतया असांविधानिक बताते हुए सीपीएस की नियुक्ति नहीं की थी। आज हाईकोर्ट की ओर से फिर से सरकार के तानाशाही पूर्ण और असांविधानिक फैसले को खारिज कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)